स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, शनिवार
14 जून, 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 3
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 292 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

# स्वतंत्र भारत

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के एक दिन बाद टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शुक्रवार को विमान हादसे के दिन को एअर इंडिया के इतिहास का सबसे काला दिन बताया। कहा कि एयर इंडिया का स्वामित्व रखने वाला समूह हादसे से जुड़ी सूचना देने के लिए अपनी प्रणाली में पूरी पारदर्शिता रखेगा।

# इजरायल के हमले का ईरान ने दिया 100 ड्रोन अटैक से जवाब

**परमाणु कार्यक्रम को बनाया निशाना, ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के चीफ की मौत**

**20 टॉप कमांडर भी मारे गए**

**खामेनेई ने कहा कड़ी सजा देंगे**

### छह देशों के एयरस्पेस बंद

इस बीच छह देशों के एयरस्पेस बंद कर दिए गए हैं। इजरायल और ईरान दोनों ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। इसके अलावा इराक, जॉर्डन, लेबनान और सीरिया में एयरस्पेस बंद कर दिए गए हैं। यानी छह देश ऐसे हैं जिन्होंने अपना एयरस्पेस पूरी तरह से बंद कर दिया है। यानी हवा में अब विमानों की आवाजाही अब नहीं होगी।

### बढ़ सकते हैं पेट्रोल के दाम

ईरान दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है। इजरायली हमले के बाद ब्रेंट क्रूड ऑयल के दाम 8.84 प्रतिशत बढ़कर 75.49 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए हैं। ईरान भी इस हमले के बाद चुप नहीं बैठेगा। वह जवाबी हमला कर सकता है। ईरान-इस्राइल के युद्ध में ईरान के तेल कुओं को भी नुकसान होने की संभावना बढ़ सकती है। यदि ऐसा होता है तो क्रूड ऑयल की कीमतों में और अधिक वृद्धि हो सकती है।

### पश्चिम एशिया में व्यापक युद्ध की आशंका तेज



**तेहरान।** इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान की राजधानी पर हमला कर दिया और देश के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाया जिसके बाद पश्चिम एशिया के दो कट्टर विरोधियों के बीच एक व्यापक युद्ध की आशंका तेज हो गई है। इसे 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। इजराइल ने ईरान के मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र को भी निशाना बनाया और हमले के बाद वहां से काला धुआं हवा में उठता देखा गया।

इजराइल के हमले में ईरान के अर्द्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी की मौत हो गई। इसके अलावा 20 टॉप कमांडर भी मारे गए। देश के सरकारी टेलीविजन ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। हमले में ईरान के शीर्ष नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के करीबी सलाहकार भी जख्मी हो गए हैं। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने ही अपनी रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि की है। रिपोर्ट में कहा गया कि शीर्ष नेता के सलाहकार अली शमखानी भी आज के यहूदी अटैक में घायल हुए हैं। माना जा रहा है कि इन हमलों में शीर्ष सैन्य अधिकारी और वैज्ञानिक भी मारे गए हैं। यह हमला ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर बढ़ते तनाव के बीच हुआ है।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने हमले के बाद कहा कि इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कहा कि इन हमलों में उसका कोई हाथ नहीं है, साथ ही उसने अमेरिकी हितों या कर्मियों को निशाना बनाकर किसी भी प्रकार की कार्रवाई किए जाने के प्रति चेतावनी दी है।

# क्रैश विमान का ब्लैक बॉक्स मिला

### हादसे की वजहों का हो सकेगा खुलासा




**नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद में दुर्घटना की शिकार हुई एअर इंडिया की उड़ान एआई 171 का ब्लैक बॉक्स मिल गया है। विमानन मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। मंत्रालय ने बताया कि ब्लैक बॉक्स को इमारत की छत से बरामद किया गया। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने हादसे के तुरंत बाद पूरी ताकत से जांच शुरू कर दी थी। राज्य सरकार के 40 से अधिक कर्मचारी भी मौके पर मौजूद विमानन मंत्रालय की टीमों के साथ मिलकर राहत और जांच कार्य में जुटे हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि डीएफडीआर को छत से बरामद किया गया है। इससे पहले, पुलिस और दमकल अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस ब्लैक बॉक्स का विश्लेषण हादसे की वजहों को समझने में अहम भूमिका निभाएगा। अहमदाबाद के दमकल अधिकारियों ने बताया कि मेटल कटर जैसे खास उपकरणों से लैस एक टीम को मेघाणीनगर इलाके में दुर्घटनास्थल पर भेजा गया था।

यह इलाका हवाई अड्डे के पास स्थित है, जहां गुरुवार दोपहर बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। जहां पर काफी मशक्कत के बाद टीम ब्लैक बॉक्स को खोजने में सफल रही। पहले सूत्रों ने बताया कि जिस बी.जे. मेडिकल कॉलेज के छात्रावास पर विमान गिरा था, वहां के सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर पुलिस ने जब्त किया गया। डीवीआर एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होता है, जो सीसीटीवी कैमरों की वीडियो रिकॉर्डिंग को सेव करता है। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें विमान का ब्लैक बॉक्स खोजने में मदद के लिए कहा गया था। दमकल विभाग के उप प्रमुख ध्रुमित गांधी ने बताया था कि उनकी टीम ने फॉरेंसिक और विमानन विशेषज्ञों के साथ मिलकर ब्लैक बॉक्स ढूंढ़ने में मदद की। इस टीम मेटल कटर जैसे विशेष उपकरण थे। ब्लैक बॉक्स एक छोटा उपकरण होता है, जो विमान की उड़ान के दौरान की सारी जानकारी रिकॉर्ड करता है। यह किसी भी विमान दुर्घटना की जांच में अहम भूमिका निभाता है। यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था और इसमें 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे।

# पीएम मोदी ने एकमात्र जीवित रमेश से की मुलाकात

**अहमदाबाद।** पीएम नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में रमेश विश्वास से मुलाकात की। पीएम नरेंद्र मोदी ने रमेश विश्वास का हाल जाना। इस दौरान रमेश विश्वास ने हमले की पूरी कहानी पीएम मोदी को बताई। इससे पहले पीएम मोदी ने विमान हादसे की जगह पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों और अधिकारियों से गुरुवार को हुए दर्दनाक हादसे की जानकारी ली। अहमदाबाद विमान हादसे में एकमात्र जीवित बचे यात्री रमेश विश्वास कुमार का अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे की भयावहता को उन्होंने महसूस किया है। हादसे के बाद आज पीएम मोदी ने रमेश विश्वास से मुलाकात की। इसके बाद रमेश विश्वास ने आपबीती बयां की।

विश्वास ने बताया सब कुछ मेरी नजरों के सामने हुआ। ...मुझे खुद भरोसा नहीं हो रहा कि मैं कैसे उसमें से जिंदा बाहर निकल सका। क्रैश होने के बाद कुछ देर के लिए मुझे लगा कि मैं भी मरने ही वाला हूं। जब आंख खुली तो एहसास हुआ कि मैं जिंदा हूं। मैंने सीट बेल्ट खोला और मैंने बाहर निकलने की कोशिश की। मेरी नजरों के




सामने एयर होस्टेस और कुछ अंकल-आंटी खत्म हो गए।

विश्वास ने कहा टेक ऑफ होते ही एक मिनट बाद 5-10 सेकंड के लिए लगा कि प्लेन कहीं फंस गया है। बाद में प्लेन में हरी और सफेद लाइटें ऑन हो गईं। फिर उसकी रफ्तार अचानक बढ़ गई और वह तेज रफ्तार के साथ एक इमारत (हॉस्टल) से जा टकराया। उन्होंने कहा मैं जिस तरफ था, वहां से प्लेन जमीन की तरफ क्रैश हुआ था। वहां थोड़ी जगह थी। मैं जहां था, वहां प्लेन का दरवाजा टूटा। वहां थोड़ी जगह बनी। मैंने बाहर आने की कोशिश की तो मैं बाहर आ पाया। विमान के अंदर मेरी विपरीत दिशा जो लोग बैठे थे, प्लेन क्रैश होने पर उनकी तरफ इमारत की दीवार आ गई, शायद इसलिए वो नहीं निकल पाए। ...जब भीषण आग लगी तो मेरा एक हाथ भी जल गया। फिर मैं पैदल चलकर कुछ दूर आया। फिर एंबुलेंस मिल गई और अस्पताल पहुंच सका।

### रूपाणी के परिजनों से मिले पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की, जिनकी अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। 68 वर्षीय रूपाणी लंदन जाने वाली उड़ान के 241 यात्रियों में शामिल थे। पीएम ने एक्स पर पोस्ट में कहा, विजयभाई रूपाणी जी के परिवार से मुलाकात की। यह अकल्पनीय है कि विजयभाई हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता हूं। हमने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, जिसमें कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण समय भी शामिल हैं।




# विमान हादसे की वजहों को लेकर 'जितने मुंह, उतनी बातें'

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** पूरे देश को दहला देने वाले अहमदाबाद के भीषण विमान हादसे के विभिन्न पहलुओं को लेकर चर्चाओं का दौर लगातार जारी है और खास तौर से इसकी संभावित वजहों के बारे में 'जितने मुंह, उतनी बातें' की

**पायलट की गलती, तकनीकी खराबी, बर्ड स्ट्राइक, भीषण गर्मी और जुगाड़ से जहाज उड़ाने तक की चर्चाएं**

स्थिति दिखाई पड़ रही है। हालांकि दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स और डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर बरामद कर लिया गया है जिसमें दर्ज आंकड़ों, आवाजों और तस्वीरों का विस्तृत विश्लेषण करने के बाद ही निर्णायक और प्रामाणिक रूप से दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। लेकिन इस पूरी जांच प्रक्रिया में कई महीनों का समय लग सकता है और प्रारंभिक रिपोर्ट के लिए भी कुछ हतों का इंतजार करना पड़ सकता है। इस बीच भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो यानी एएआईबी ने अमेरिकी नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेटी बोर्ड यानी एनटीएसबी और फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन यानी एफएए से लेकर ब्रिटेन की हवाई दुर्घटना जांच शाखा सहित विभिन्न देसी-विदेशी एजेंसियों के प्रत्यक्ष व परोक्ष सहयोग से इस हादसे की



गहराई से जांच शुरू कर दी है जिसमें दुर्घटनाग्रस्त जहाज की निर्माता कंपनी बोइंग से लेकर एयर इंडिया के प्रतिनिधि भी पूरा सहयोग कर रहे हैं। साथ ही कथित तौर पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए सहित कई अन्य एजेंसियों द्वारा भी हादसे की हर संभावित पहलू से पड़ताल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। लेकिन इस बीच हादसे की वजहों को लेकर कयासों और अटकलों का दौर लगातार जारी है और विभिन्न जानकारों व विश्लेषकों द्वारा कई तरह की संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं जिसमें पायलट की गलती, तकनीकी खराबी और जहाज से पंछी के टकराने से लेकर मौसम की भीषण गर्मी ही नहीं बल्कि जहाज में जुगाड़ के कल-पुर्जों व मशीनों का इस्तेमाल किए जाने तक की बात कही जा रही है।

भले ही इस विमान हादसे को लेकर जानकारों और विशेषज्ञों द्वारा 'जितने मुंह, उतनी बातें' की जा रही हों और विभिन्न संभावित कारण गिनाए जा रहे हों लेकिन अभी तक कोई एक ऐसा कारण सामने नहीं आया है जिसको बड़ी वजह के तौर पर सबकी स्वीकार्यता मिल सके। मसलन कुछ जानकार मानवीय गलती की ओर इशारा करते हुए कह रहे हैं कि टेक ऑफके दौरान जहाज की गति और ऊंचाई सही नहीं थी और लैप्स की गलत सेटिंग, अपर्याप्त थ्रस्ट या गियर को समय पर न उठाने जैसी कॉन्फिगरेशन त्रुटि अथवा क्रू रिसोर्स मैनेजमेंट में कमी इस हादसे की वजह हो सकती है। इसी प्रकार अहमदाबाद एयरपोर्ट के आसमान में बर्ड स्ट्राइक का खतरा होने और जहाज से पंछी के टकरा जाने के कारण इंजन में खराबी आने की दलील भी कुछ जानकार दे रहे हैं लेकिन इस संभावना को भी अधिकांश विशेषज्ञ यह कह कर खारिज कर रहे हैं कि अव्वल तो चिड़िया के टकराने से ड्रीमलाइनर क्रैश नहीं होता और दूसरे टेकऑफके समय दोनों इंजन चालू रहते हैं लिहाजा इंजन की खराबी को हादसे का कारण नहीं माना जा सकता।

# सोनम ने रची थी एक और मर्डर की साजिश

**शिलांग।** सोनम रघुवंशी ने प्रेमी राज कुशवाहा और उसके दोस्तों के साथ मिलकर जिस तरह से पति राजा रघुवंशी की मौत को अंजाम दिया, वह वाकई चौंकाने वाला है। सोनम ने शादी से 11 दिन पहले ही विधवा होने का प्लान बना लिया था। यही नहीं, राजा को मारने से पहले भी सोनम ने एक और मर्डर की तैयारी की थी। शादी से पहले ही सोनम ने कई साजिशें रची थीं। हालांकि उसकी साजिश हर बार नाकाम साबित हुई। ऐसे में सोनम ने शादी के बाद राजा का कत्ल करने और खुद को बेगुनाह साबित करने के लिए झूठी कहानी बना डाली। शिलांग के खाली हिल के एसपी विवेक स्याम के अनुसार, राजा रघुवंशी की हत्या कोई कॉन्ट्रैक्ट किलिंग नहीं थी। आकाश, आनंद और विशाल ने राज कुशवाहा से दोस्ती निभाते हुए इस हत्याकांड को अंजाम दिया था। फरवरी में जब राजा और सोनम का रोका हुआ तो सभी ने मिलकर सोनम को गायब करने की योजना बनाई थी। इस दौरान सभी की प्लानिंग थी कि सोनम की जगह किसी युवती की हत्या करके उसकी लाश जला देंगे और सभी से कहेंगे कि सोनम नदी में डूबकर मर गई।

## गंगा नगर में युवक का शव कमरे में मिला, पुलिस जाँच में जुटी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गंगानगर मोहल्ले में शुक्रवार को एक मकान में किराये के कमरे में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुँची और जाँच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कानपुर नगर के अनवरगंज थाना क्षेत्र स्थित बांस मंडी टेलीफोन एक्सचेंज के पास रहने वाले 30 वर्षीय दीपक वर्मा गंगा नगर मोहल्ले में किराये का कमरा लेकर रहता था। शुक्रवार दोपहर तक जब उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो अन्य किरायेदारों को संदेह हुआ। उन्होंने कमरे में झाँक कर देखा तो दीपक का शव अंदर पड़ा था। इस दृश्य को देखते ही तत्काल गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचित किया गया। सूचना पर पहुँची पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक कार्यवाही के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसारए मृतक दीपक वर्मा नशे का आदी बताया जा रहा है। एक साल पहले उसकी पत्नी आरती भी इसी कारण उसे छोड़कर अपने मायके प्रयागराज चली गई थी। बालूघाट चौकी इंचार्ज गजेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस सभी बिंदुओं से मामले की जाँच कर रही है।

## अज्ञात अधेड़ की इलाज के दौरान मौत, शिनाख्त का प्रयास जारी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजधानी मार्ग पर दो दिन पहले बेहोशी की हालत में मिले एक अज्ञात अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। बुधवार को राजधानी मार्ग स्थित कृष्णा हॉस्पिटल के पास राहगीरों ने लगभग 50 वर्षीय अधेड़ को बेहोश पड़ा देखा। उन्होंने तत्काल डायल 112 को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ को 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा।उसी रात करीब 9 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पहचान न होने के कारण उन्नाव मर्च्युरी में रखवा दिया है। पश्चिमी चौकी इंचार्ज अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैंए जिसमें सोशल मीडिया की मदद भी ली जा रही है। यदि किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो तो पुलिस से संपर्क करने की अपील की गई है।

## भीषण गर्मी से राष्ट्रीय पक्षी की मौत

**स्वतंत्र भारत फतेहपुर चौरासी उन्नाव** भोर पहर एक मोर की अचानक मौत हो गई।सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मोर का पोस्टमार्टम कराया है। जिसमें मोर की मौत हीट स्ट्रोक के कारण हुई है। गर्मी का सितम जारी है।तेज धूप के कारण बेहद कम लोग ही घर से निकल रहें है।मनुष्य के साथ साथ बेजुबान भी गर्मी से परेशान है।कालीमिट्टी शिवराजपुर मार्ग पर बहादुर खेड़ा गांव के समीप शुक्रवार की सुबह एक मोर की अचानक मौत हो गई।आसपास मौजूद लोगों ने वन विभाग की टीम को सूचना दी।सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मोर को कब्जे में लिया है। वन विभाग के दरोगा पप्पू यादव ने बताया कि मोर का पोस्टमार्टम कराया गया है। पशु चिकित्साधिकारी डाण् इंद्र कुमार कटियार ने बताया मोर की मौत हीट स्ट्रोक ;लू लगनेद्ध के कारण हुई है।

## अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए आज नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि देते हुए अपनी संवेदनाएँ व्यक्त कीं। गांधी चौक स्थित मिश्रा कॉलोनी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियाँ जलाकर मृतकों को याद कर दो मिनट का मौन रखाए और मोमबत्ती जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरानए हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की गई। नगर अध्यक्ष मयंक बाजपेयी ने इस दुखद घड़ी पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा देश मृतकों के परिजनों के साथ खड़ा है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह पीड़ित परिवारों को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष मयंक बाजपेयी के साथ संजय सिंहए राम किशोर पालए शशि कांत मिश्रए रवि शंकर गुप्ताए हनीफए रंगी लालए इशिकाए ओजस्वीए अनुष्काए पुत्तीलालए समृद्धिए आरवए माली बाबाए कमलेश तिवारीए कमालए तन्मय श्रीवास्तवए मुन्ना सोनीए पिंटू उस्मानए गंगा विष्णु और मोण् जाहिर सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

# नव विवाहिता पर पति की हत्या का आरोप, सास ने दी तहरीर

**संपत्ति के लिए दिया जहर, कई पुरुषों बीबी से थे संबंध**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव** थाना दही क्षेत्र के मुर्तजानगर में एक नवविवाहिता पर पति की हत्या का आरोप लगा है। मृतक की मां दोपदी ने बहूए उसके भाई सुजीत और सास पार्वती पर पुत्र की हत्या का आरोप लगाया है। शत्रुधन की शादी 2023 में अजगैन थाना क्षेत्र के जालिमखेड़ा की रहने वाली किरन से हुई थी। दोपदी के मुताबिकए शादी के बाद से ही किरन का व्यवहार शत्रुधन के प्रति ठीक नहीं था। वह रोज झगड़ा करती थी। बता दे कि अक्टूबर 2023 में शत्रुधन को बिना बताए अपने मायके चली गई। दो दिन तक बेटे से संपर्क न होने पर दोपदी ने किरन की मां से बात की। उन्होंने बेटे से बात कराने से मना कर दिया। इसके बाद दोपदी अपने बड़े बेटे के साथ किरन के घर पहुंची। वहां शत्रुधन बेहोश मिला। उसे पहले उन्नाव के कमलावती अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि उसे जहर दिया गया है। फिर उसे कानपुर के रीजेंसी अस्पताल ले जाया गया। दो दिन आईसीयू में रहने के बाद 17 अक्टूबर 2023 को उसकी मौत हो गई। दोपदी का आरोप है कि बहु के अन्य पुरुषों से अवैध संबंध थे। वह संपत्ति हासिल करने के लिए अपने भाई और मां के साथ मिलकर इस हत्या की साजिश में शामिल थी। शत्रुधन की मौत के बाद उसके पिता रामचंद्र की भी 19 दिसंबर 2024 को मौत हो गई। अब बीमार दोपदी अपने बड़े बेटे के साथ रह रही है। दोपदी ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएए किरन का डाक्टरी परीक्षण कराया जाए और उसके कथित अवैध संबंधों की जांच हो। साथ हीए किरनए उसके भाई सुजीत और उसकी मां पार्वती पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएए ताकि उसे न्याय मिल सके।

## पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव** दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में पुलिस लाइन का बल तथा विभिन्न कार्यालयों एवं थानों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। परेड निरीक्षण के पश्चात एसपी द्वारा पुलिस लाइन परिसरए पुलिस लाइन ग्राउंडए नवनिर्मित भवनए बैरिकए क्वार्टर गार्डए परिवहन शाखाए पीआरवी वाहनए गार्ड रजिस्टर तथा पुलिस लाइन में चले रहे निर्माण कार्यो आदि का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस दौरान मधुपनाथ मिश्रा क्षेत्राधिकारी सफीपुरए प्रदीप मौर्य क्षेत्राधिकारी लाइनए अब्दुल रशीद प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन एवं अन्य अधिकारी ध् कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## हीटबेव का शिकार हुआ किसान हुई मौत

भरुआ सुमेरपुर। क्षेत्र के पत्योरा ग्राम पंचायत के मजरा शिवरामपुर डेरा के किसान की लू लगने से मौत हो गई। वह कच्चे घर को दुरुस्त करने के लिए दोपहर में लकड़ी काटने गया था। वापस आने पर पानी पीकर लेट गया। उसके बाद वह उठ नहीं सका। पत्योरा ग्राम पंचायत के मजरा शिवरामपुर निवासी प्रेम ने बताया कि उसका भाई नेकपाल 60 वर्ष कच्चे मकान को बरसात में छाने (दुरुस्त करने) के लिए दोपहर में खेतों में लकड़ी काटने के लिए गया था। लकड़ी काटने के बाद जब वह घर वापस आया तो वह प्यास के चलते पानी पीकर लेट गया और थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई। भाई ने बताया कि जब उसकी विधवा बहू गुड़िया ने उन्हें खाना खाने के लिए बुलाया तो वह चारपाई से नहीं उठे। पास जाकर देखा तो उनकी सांसे बंद थी। उसने परिजनों को बताया तो वह आए और उसे हिला डुलाकर देखा। लेकिन कोई हरकत न होने पर समझ में आया कि उसकी मौत हो चुकी थी। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक अपने पीछे पांच पुत्र व चार पुत्रियां को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक के साथ विधवा बहू एवं अविवाहित पुत्र रहता था। ग्राम प्रधान पति अरविंद निषाद ने बताया कि भीषण धूप एवं लू में वह दोपहर में लकड़ी काटने के लिए गया था। शायद हीटबेव का शिकार हो गया। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि लू लगने से उसकी मौत हुई है।

## मृतक ईको वैन चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

भरुआ सुमेरपुर। पुलिस ने विगत दिनों नरायनपुर कुंडौरा के मध्य हुई दुर्घटना के प्रकरण में मृतक ईको वैन के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू की गयी है।जालौन जनपद के कालपी थाना क्षेत्र के इमिलिया खुर्द बांध निवासी मस्तराम उर्फ विकास पाल ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया है कि पिछले दिनों उसका पुत्र शोभित पाल अपने चाचा शैलेंद्र पाल, संतशरण, अनुराग पाल एवं रिश्तेदार संदीप पाल, शीलू पाल के साथ शादी में शामिल होने हमीरपुर के देवगांव गए थे। शादी में शामिल होने के उपरांत वापस लौटकर नरायनपुर के समीप शिवाय होटल के पास वाहन का इंतजार कर रहे थे। तभी महोबा की तरफ से आ रही ईको वैन ने उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। इससे पुत्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और ईको वैन अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट कर क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में चालक सौरभ पाल की भी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक चालक सौरभ पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू की है।

## बांदा तिराहे के सुंदरीकरण का कार्य ठप होने से दुकानदार परेशान

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे के बस स्टॉप में बांदा मार्ग पर हाईवे से जोडकर बनाए जा रहे टी आकार के आइलैंड कार्य को कार्यदायी संस्था अधूरा छोड़कर गायब है। जिससे हाईवे किनारे के दुकानदार बेहद परेशान हैं। कार्य अधूरा होने से दुकानदारों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। पीडब्ल्यूडी कस्बे के बस स्टॉप में हाईवे से जोड़कर टी आकार का आइलैंड तिराहा विकसित कर रहा है। इसको बनाने के लिए हाईवे से सटाकर निर्माण कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था ने एक पखवारा पूर्व हाईवे किनारे पट्टी में खुदाई कराकर निर्माण शुरू किया था। थोड़ा कार्य करने के बाद कार्यदायी संस्था कार्य अधूरा छोड़कर नदारत है।

## शिकायत करने के बाद में में धड़ल्ले से चल रहा अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज में स्थित एक अल्ट्रासाउंड सेंटर एक बार फिर विवादों में घिर गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सीएचसी ;सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रद्ध के सामने संचालित यह सेंटर बिना किसी रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर के अवैध रूप से चल रहा है और मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सेंटर पर अप्रशिक्षित स्टाफ द्वारा अल्ट्रासाउंड किए जा रहे हैं। रिपोर्ट अक्सर गलतदी जाती है जिससे मरीजों का इलाज प्रभावित होता है। मनमानी फीस वसूली जा रही है और शिकायत करने पर स्टाफ द्वारा अभद्रता की जाती है। गंभीर आरोप यह भी है कि सीएचसी के भीतर मौजूद डॉक्टर मरीजों को कमीशन के चक्कर में उसी सेंटर पर अल्ट्रासाउंड कराने के लिए दबाव डालते हैं। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस मिलिभगत में कई डॉक्टर भी शामिल हैं। लिखित शिकायत उच्चाधिकारियों को दी गई हैए लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायतकर्ता की मांग है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर को तत्काल बंद कराया जाए।वहीं सीएचसी मियागंज अधीक्षक डॉ नितिन श्रीवास्तव से बात करने पर उन्होंने बताया कि अल्ट्रासाउंड से संबंधित जांच को जिला अस्पताल के लिए लिखा जाता है किसी पर कोई दबाव नही बनाया जाता।

## चकबंदी कार्यालय का वीडियो वायरल

**स्वतंत्र भारत सफीपुर**

**उन्नाव** तहसील स्थित चकबंदी कार्यालय में रिश्वतखोरी का मामला सामने आया हैण् एक कर्मचारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ हैण् वीडियो में कर्मचारी किसान से खुलेआम पैसे लेता दिख रहा है स्वतंत्र भारत वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता तहसील क्षेत्र के ग्राम देवगांव के किसानों को सरकारी दस्तावेज प्राप्त करने के लिए 100 से 200 रुपये तक की रिश्वत देनी पड़ती हैण् खतौनीए खसरा और 2। की नकल जैसे दस्तावेज शासन द्वारा निःशुल्क या मामूली शुल्क पर उपलब्ध कराए जाने चाहिए देवगांव ग्राम के एक किसान ने बताया कि बिना पैसे दिए दस्तावेज नहीं मिलताण्उन्होंने जब आपत्ति जताई तो उनका आवेदन महीनों तक लटका रहा कर्मचारियों का कहना है कि यह श्ऊपर के आदेशश्पर हो रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि सहायक चकबंदी अधिकारी की जानकारी में यह सब हो रहा है वसूली गई रकम का बाद में बंटवारा किया जाता है वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग की हैण् प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है

## कूटरचित दस्तावेज लगाकर पांच आरोपितों ने ली जमानत, मुकदमा दर्ज

**जिनके प्रपत्र लगाए गए उन्हें पता ही नहीं कि उन्होंने किसी की जमानत ली**

**एक आरोपित को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजाए अन्य की तलाश जारी**

**अचलगंज** हत्याए लूटए डकैती जैसे गंभीर मामलों के आरोपितों को जमानत दिलाने का गिरोह जनपद में वर्षों से सक्रिय रहा है। एसपी के आदेश पर अचलगंज पुलिस ने सत्यापन के दौरान अलग अलग मुकदमों में फर्जी 10 जमानतदारों को बेनकाब किया है। हालांकि जमानत लेने वालों को यह पता ही नहीं कि उनके प्रपत्र भी किसी अपराधी की जमानत में लगे हैं। जमानतगीर तैयार करने वाले पांच आरोपितों में कुलदीपए राजीवए हरपाल, चंद्रकेश व हसन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर एक को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक अचलगंज राजेश पाठक ने बताया कि जमानत लेने वाले प्रपत्रों की जांच में पता चला कि जमानत लेने वालों को इस बात की भनक ही नहीं है कि उन्होंने किसी की जमानत भी ली हैए जबकि प्रपत्रो में वह जमानत दार बनाएं गये हैं। इनमें पांच आरोपित कुलदीपए राजीवए हरपालए चंद्रकेश व हसन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक आरोपित कुलदीप को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया। इंस्पेक्टर राजेश पाठक ने बताया कि पांच आरोपितों कुलदीपए राजीवए हरपाल चंद्रकेश और हसन पर पुराने आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। इनके सभी 10 जमानतदार सत्यापन में फर्जी पाये गये हैं। कूट रचित अभिलेखों के जरिये जमानत पपत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर धोखाधड़ी हुई है । अन्य को शीघ्र जेल भेजा जाएगा।

# कानपुर देहात समाचार

## जिला अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजित

हमीरपुर। जिलाधिकारी घनश्याम मीना के कुशल दिशानिर्देशन, मार्गदर्शन व नेतृत्व में जनपद में विकास कार्यों, राजस्व कार्यों एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में माह मई 2025 की शासन द्वारा जारी की गई विकास कार्यों से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद मई माह की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में 92.20 अंको के साथ प्रदेश स्तर पर जनपद को चैथा स्थान प्राप्त हुआ है । ज्ञात हो कि गत माह में भी विकास कार्यों से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद को प्रदेश स्तर पर मार्च 2025 की रैंकिंग में प्रथम रैंक प्राप्त हुई थी । सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों से संबंधित विभागवार रैंकिंग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना , सोलर स्ट्रीट लाइट ग्राम उन्नति योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन ,पर ड्रॉप मोर क्राप माइक्रो इरिगेशन, खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का निस्तारण ,दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण एवं शहरी,विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन, कृषि रक्षा रसायन डीबीटी ,प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना, बीज डीबीटी,मनरेगा भवन निर्माण ,सड़क निर्माण,102 एम्बुलेंस व 108 एम्बुलेंस,टेली रेडियोलॉजी , बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव कार्यक्रम, सिटी स्कैन सेवाएं,दूध मूल्य भुगतान स्थिति ,सहकारी दुग्ध समितियां,दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग पेंशन आधार सीडिंग, जल जीवन मिशन, पांचवा राज्य वित्त आयोग ग्राम पंचायत ,व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प ,पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षण, अंडा उत्पादन , निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण,पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, संरक्षित निराश्रित गोवंशों की सुपुर्दगी, शादी अनुदान योजना, मत्स्य उत्पादन, निराश्रित महिला पेंशन का आधार सीडिंग, निराश्रित महिला पेंशन, कन्या सुमंगला योजना ,प्रोजेक्ट अलंकार, सेतु निर्माण, नई सड़कों का निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण , ओडीओपी टूलकिट वितरण एवं वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना ,राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना ,राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन का आधार सीडिंग, जिला सहकारी बैंक अल्पकालीन ऋण वितरण एवं वसूली, रबी फसल टेल फीडिंग व सिल्ट सफाई इन सभी कार्यों में जनपद को शत प्रतिशत अंको के साथ ए ग्रेड के साथ चैथा रैंक प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना ने कहा कि जनपद को प्रदेश स्तर पर प्राप्त हुई इस सम्मानजनक स्थिति में लाने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसी प्रकार से सभी संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी अपनी विभागीय योजनाओं ध् कार्यों को अच्छे ढंग से धरातल पर क्रियान्वित करते हुए जनपद को प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पर बनाए रखने का प्रयास किया जाए।

## वन अधिकारियों को दिया गया अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण

**दुर्घटना के तीन करण लापरवाही अज्ञानता और जलदबाजी है**

**माती कानपुर देहात** वन क्षेत्र में आग के कारण ए क्षति और रोकथाम ए लू लहरए आकाशीय बिजली के समय क्या करेघ् क्या न करे घ् विषय पर प्रशिक्षण वानिकी प्रशिक्षण संस्थान संजय वन में वन अधिकारियों आज 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन लखन शुक्ला मुख्य प्रशिक्षक आपदा प्रबंधन ;आवेतानिकद्ध द्वारा फायर सेफ्टी का मॉक ड्रिल का अयोजन कानपुर एडिबल्स प्राइवेट लिमिटेडए मयूर रिफैनरी रनिया कानपुर देहात में किया गया

लखन शुक्ला मुख्य प्रशिक्षक आपदा प्रबंधन ने बताया कि सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग मॉक ड्रिल के माध्यम से करते रहना चाहिए जिससे उपकरणों की क्रियाशीलता पता चलती है लखन शुक्ल ने बताया किसी घटना के तीन कारण लापरवाही अज्ञानता जल्दबाजी है। शुक्ला ने बताया आग ऑक्सीजन ईंधन तथा उचित ताप के मिलने पर ही लगती है। इन तीन तत्व में किसी एक को कम या हटा दे तो आग पर काबू पाया जा सकता है।श्री शुक्ला ने भूकंपए आकाशीय बिजली से बचाव के तरीके बताए साथ ही सड़क सुरक्षा की भी जानकारी दी इस अवसर पर हेडेंट सिस्टम चलाया जानाए फायर मॉनिटरए फोम मॉनिटरए होजरील सिस्टम की ऑपरेटिंग का अभ्यास अग्निशामक यंत्र ।ठब्ए ब्व2 ए।थ्थ्थ् फ़ॉर्म का उपयोग किस आग में किस तरह क्या जाना है का का प्रेजेंटेशन किया गया इस अवसर पर 27 वन अधिकारी प्रबंध निदेशक मयूर ग्रुप मनोज गुप्ता मनोज शर्मा जीएम मृदुलेन्द्र सिंह प्रवेश तिवारी ए राजीव श्रीवास्तवए यस मेहताए राजू जैनएफायर सुपरवाइजर आशुतोष शुक्ला मेराज अहमद प्लांट के कर्मचारी सुरक्षा कर्मी आदि उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायत सुन किया निस्तारण

हमीरपुर। आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 90 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअलध् जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## घटना के 24 घंटे गुजरने के बाद नहीं हटा खंभा

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे के वार्ड संख्या 12 चांद थोक में मनोज पालीवाल के मकान के समीप गुरुवार को हुई लाइनमैन की मौत के 24 घंटे गुजर जाने के बाद विभाग ने क्षतिग्रस्त खंभे को नहीं हटाया है। यह खंभा स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बन सकता है। गुरुवार को केबिल शिफ्ट करते समय संविदा लाइनमैन कर्मी अशोक कुमार प्रजापति की खंभा क्षतिग्रस्त होने से छज्जा एवं खंभे के मध्य दबकर मौत हो गई थी। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी विद्युत विभाग ने क्षतिग्रस्त खंभे को मकान से हटाना उचित नहीं समझा है। मकान मालिक मनोज कुमार पालीवाल का कहना है कि यह खंभा उनके लिए भी संकट खड़ा कर सकता है। इसलिए इसको यहां से हटवाना बेहद जरूरी है। पावर हाउस के अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी का कहना है कि वह लाइनमैन के अंतिम संस्कार में गए हुए थे। ठेकेदार को खंभा हटाने के लिए कहा गया है। जल्द ही इसको हटवा दिया जाएगा।



## फाइलेरिया की गंभीरता बयां कर रहा पीएसपी- सीएमओ

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पीएसपी सदस्यों के साथ की समीक्षा बैठक

**माती कानपुर देहात** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देश के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ;सीएमओद्ध डॉ एके सिंह अध्यक्षता में पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म ;पीएसपीद्ध सदस्यों की बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में हुई। बैठक में सीएमओ ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के अकबरपुरए मलासा व सरवनखेड़ा ब्लॉक में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ;सीएचओद्ध के नेतृत्व में पीएसपी गठन के बाद हुए कार्यों व उपलब्धियों समीक्षा बैठक किया और दिशा निर्देश भी दिया। सीएमओ ने पीएसपी सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएसपी समुदाय में छिपे हुए हाईड्रोसील मरीजों को चिन्हित करने में सहयोग करें और उन्हें सर्जरी कराने के लिए प्रेरित करें हैं। फाइलेरिया मरीज फाइलेरिया प्रभावित अंगों देखभाल के साथ साफ सफाई के साथ रोग प्रबंधन करें और पीएसपी सदस्यों के साथ समुदाय में बीमारी की गंभीरता व भयावहता के प्रति जागरूक करें। जिससे इस बीमारी कारण दिव्यांगता से बचा जा सके। सभी पीएसपी सदस्य समुदाय में जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से फाइलेरिया से बचाव के लिए अगस्त माह में चलने वाले सर्वजन दवा सेवन ;एमडीएद्ध अभियान में अधिक से अधिक लोगों को दवा सेवन करने के लिए प्रेरित करें। ताकि 2027 तक फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ डीके सिंह ने पीएसपी सदस्यों से फाइलेरिया बीमारी से बचावए लक्षण पर चर्चा की । बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ मारुति दीक्षित ने रुग्णता प्रबन्धन एवं दिव्यांगता उपचार एमएमडीपी सर्वजन दवा सेवन अभियान ;एमडीएद्ध और संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया ।कार्यक्रम में तीनों ब्लॉक के एमओआईसी बीसीपीएम सहित पीएसपी सदस्य सीएचओए एएनएमए ग्राम प्रधानए पंचायत सहायक आशा आँगनबाड़ी एसएसजी फाइलेरिया मरीज व अन्य लोग मौजूद रहे।

## दिन के साथ रात में भी सता रही गर्मी



■ 15 जून के बाद हल्की बारिश के आसार

**कानपुर।** उमस भरी गर्मी अभी दो दिन और बेहाल करेगी। दिन के साथ रात में भी अधिक गर्मी रहेगी। सीएसए के मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 15 जून को तेज हवाएं चलने की संभावना है। गरज.चमक के साथ बादल आ सकते हैं। बूंदाबांदी की संभावना है। वहीं गर्मी के चलते बिजली की डिमांड ने पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि उमस की वजह से जितना तापमान होगा, उससे अधिक गर्मी लगेगी। ऊंचे बादलों की आवाजाही शुरू हो गई है, लेकिन अभी बारिश की कोई संभावना नहीं है। मानसून अभी अपनी जगह पर स्थिर है। मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएन सुनील पांडेय का कहना है कि आगामी पांच दिनो में हल्के बादल रहने के कारण 15 से 18 जून के बीच तेज हवाओं, गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है। सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञान केंद्र पर शुक्रवार को दिन का पारा 43.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएन सुनील पाण्डेय ने कड़ी धूप में बेवजह घर या ऑफिस से बाहर न निकलने की सलाह दी है। बेहद जरूरी कामकाज से निकलने वाले अंगौछे आदि को कान पर लपेट कर निकले। रात का तापमान भी धीरे-धीरे बढ़ने लगा है, लेकिन अभी भी यह सामान्य से कम बना हुआ है। अधिकतम नमी 63 और न्यूनतम नमी 38 प्रतिशत रही। मौसम विभाग की मानें तो 15 जून के बाद से चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बनेगा। इसके साथ ही बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनेगा। इससे मानसून आगे बढ़ना शुरू होगा। अधिक मात्रा में समुद्री नमी लेकर आने वाली हवाओं का आना शुरू होगा। इससे बादल बनेंगे और कानपुर परिक्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है।

# टैक्स वसूली हेतु एक लाख घरों को भेजा जाएगा नोटिस

■ 2025-26 का वसूली लक्ष्य एक हजार करोड़

■ आज से चलेगा अतिक्रमण अभियान



**कानपुर।** शुक्रवार को महापौर प्रमिला पाण्डेय ने नगर निगम मुख्यालय में राजस्व विभाग के साथ बैठक की। बैठक में सालाना राजस्व वसूली का लक्ष्य 1000 करोड़ तय किया गया। जीआईएस सर्वे में चिह्नित किए गए नए एक लाख घरों को आने वाले 10 दिनों में टैक्स वसूली के लिए नोटिस भेजा जाएगा।

बड़े बकाएदारों से टैक्स वसूली की जाएगी। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि फेज-वन में नाला सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। शनिवार से दूसरे चरण में नाला सफाई की जाएगी। वहीं दोबारा शहर में अतिक्रमण अभियान चलाकर पार्कों, ग्रीन बेल्टों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा।

नगर आयुक्त ने बताया कि वर्ष 2024-25 में 507 करोड़ की राजस्व वसूली हुई थी। वर्ष 2025-26 में राजस्व वसूली का लक्ष्य 800 करोड़ व जलकल का वसूली लक्ष्य 200 करोड़ का तय किया गया है। जिस पर महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जीआईएस सर्वे मे काफी गड़बड़ी है, सभी जोनों में एक कर्मचारी अलग से तैनात करें, जो सिर्फ जीआईएस सर्वे की आपत्तियों का निस्तारण कराएगा। मौजूदा समय में चल रही वसूली के बारे में पूछने पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जून माह में 10 करोड़ की राजस्व वसूली हुई थी। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 32 करोड़ का राजस्व मिल चुका है। रोजाना जीआईएस सर्वे में प्रतिदिन 10-12 आपत्तियां आ रही हैं, जिनका निस्तारण कराया जा रहा है। अपर नगर आयुक्त अनूप कुमार बाजपेई ने बताया कि जीआईएस सर्वे में लगभग एक लाख नए मकान आए हैं, जिसका नगर निगम के राजस्व कर्मियों से सत्यापन करा कर नोटिस भेजने की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर नगर आयुक्त मो आवेश, जगदीश यादव, अनूप कुमार बाजपेई, संतोष यादव, विद्या सागर यादव, अनिरुद्ध सिंह, सीबी सिंह, राजेश सिंह, विनय प्रताप सिंह, कर अधीक्षक प्रीतम मौजूद रहे।

### ढिलाई बरतने वाले अफसरों पर होगी कार्रवाई

नगर आयुक्त ने कहा कि अगली बैठक में कानपुर नगर निगम सीमा के तहत 6 लाख मकानों में कितने मकानों को नोटिस जारी हुई, उसके सापेक्ष कितनी वसूली हुई, कितने बड़े बकाएदारों को नोटिस गई और उनके कितनी वसूली की गई। जीआईएस सर्वे में सामने आए एक लाख मकानों में कितने मकानों को नोटिस भेजी गई और उनसे कितनी वसूली हुई। इन सब कामों की समीक्षा की जाएगी। कामों में ढिलाई बरतने पर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। औद्योगिक क्षेत्रों से प्रभावित राजस्व वसूली के बारे में अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव ने बताया कि रूमा, चकेरी व पनकी औद्योगिक क्षेत्रों मे वसूली न होने के कारण लगभग 25 करोड़ की सालाना वार्षिक हानि होगी।

## आर्य समाज की जमीन पर भू-माफियाओं ने किया कब्जा

■ सूचना अधिकार मंच ने अपर आयुक्त को ज्ञापन सौंप की कार्यवाही की मांग



कानपुर। सरकार द्वारा आर्य समाज को लीज पर दी गई जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा किए जा रहे कब्जे के विरोध में गुरूवार को सूचना अधिकार मंच का प्रतिनिधिमण्डल ने अपर आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग की। मंच के राष्ट्रीय संयोजक रवि शुक्ला ने बताया कि आर्य समाज की स्थापना 16 नवम्बर 1879 की गयी कालान्तर से मेस्टन रोड कानपुर नगर में कार्यरत है। सन 1935 मे कानपुर इंप्रुवमेंट ट्रस्ट ने आर्य समाज के उददेश्यो मे शामिल आयुर्वेद धर्मार्थ चिकित्सालय चलाने हेतु 12रू साल पर जमीन 104/311 रामबाग में लीज मे दी, जिसकी लीज 2029 को खत्म हो रही है। आर्य समाज से कार्यकारणी से अवैध तरीके से सदस्य बनाने को लेकर 2012 में कुमकुम स्वरूप, गौरवेन्द्र स्वरूप, मेधना स्वरूप, नागेन्द्र स्वरूप निकाले गये हैं। इन्ही लोगों से आर्य समाज का मुकदमा 1503 सन 2017 एसीजे 2जेडी जिसकी सुनवाई 28 अगस्त 2025 व आर्य समाज का बैंक खाते के संचालन का मुकदमा एसीजे 8 जेडी कक्ष 2 जिसकी सुनवाई की 7 जुलाई है। से चल रहा है। पूर्व मे उक्त परिसर को सन 2011 में आयुक्त एसएन शुक्ला कानपुर मण्डल द्वारा जाँच पर कानपुर विकास प्राधिकरण ने धारा 27/28 के तहत सील/कुर्क किया था। जब मुकदमा आर्य समाज से ही चल रहा है तो कुमकुम स्वरूप व अन्य किस हैसियत से बिल्डिर के द्वारा उक्त परिसर की बाउण्ड्रीवाल तुड़वाकर कब्जा कर रही हैं। ज्ञापन देने वालो मे दीपक मालवीय, अब्दुल कादिर, क भगवत दास, एड विशेष त्रिपाठी, राकेश मिश्रा, राकेशि मिश्रा निडर, सोनू राजपूत समेत कई लोग मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### अमेरिका कंपनी ने की आईआईटी को 25 करोड़ की मदद



**कानपुर।** आईआईटी के स्टार्टअप को बढ़ाने के लिए अमेरिका की कंपनी फॉक्सहॉग वेंचर्स कॉर्प ने अपने सीएसआर फंड से 25 करोड़ रुपए की मदद की है। कंपनी के सीईओ तरुण पोद्दार ने हाल ही में आईआईटी कानपुर का दौरा किया था, जहां उन्होंने छात्र, उद्यमियों और शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स के साथ बातचीत भी की थी। दीपक पोद्दार ने भारत के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए स्टार्टअप को रणनीतिक सहयोग का आश्वासन दिया था। दौरे के दौरान एसआईआईसी से जुड़े कुछ चुने हुए स्टार्टअप्स ने रक्षा, एयरोस्पेस, एग्रीटेक और सतत विकास के क्षेत्र में अपने उत्पादों और तकनीकों का प्रदर्शन किया। दीपक पोद्दार ने इन स्टार्टअप्स के संस्थापकों के साथ उनके इनोवेशन, बिजनेस मॉडल और विकास रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने स्टैनफोर्ड से लेकर फॉक्सहॉग के सीईओ बनने तक की अपनी यात्रा और उससे मिली नेतृत्व की सीख को साझा किया। उन्होंने कहा कि उद्देश्यपूर्ण नवाचार में जीवन और राष्ट्रों को बदलने की शक्ति है। भारत के युवा-नेतृत्व वाले स्टार्टअप इकोसिस्टम में हमें अत्यधिक संभावनाएं नजर आती हैं। आईआईटी कानपुर में हमारा सीएसआर प्रयास इसी प्रतिभा को पोषित करने और सामाजिक प्रभाव उत्पन्न करने की दिशा में एक कदम है। सीईओ फंड के जरिए हम मिशन-उन्मुख स्टार्टअप्स को अनुदान भी देंगे।

### अनुशासन, नेतृत्व क्षमता व टीम भावना को करता है विकसित खेल




**-डीएम ने ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित समर कैंप का किया शुभारंभ**

**कानपुर।** ग्रीन पार्क स्टेडियम में 13 से 27 जून तक समर कैंप का आयोजन जिला ओलम्पिक संघ, सभी खेल संघ एवं क्षेत्रीय खेल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने समर कैंप का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा इस समर कैंप के माध्यम से बच्चे डिजिटल दुनिया से बाहर निकलकर खेलों की दुनिया में कदम रख रहे हैं। खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना को भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी जीवन में खेलों से जुड़े रहते हैं, वे न केवल अनुशासित रहते हैं, बल्कि अनेक बीमारियों से भी दूर रहते हैं। श्री सिंह ने बच्चों के अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपका यह निर्णय सराहनीय है कि आपने अपने बच्चों को इस प्रशिक्षण शिविर में भेजा है। उन्होंने ग्रीन पार्क स्टेडियम की भव्यता एवं ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रकार की विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं प्रदेश के किसी अन्य स्टेडियम में उपलब्ध नहीं हैं। इस समर कैंप में विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों से चयनित बालक एवं बालिकाएं प्रतिभाग कर रहे हैं, जिन्हें प्रशिक्षित व अनुभवी कोचों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कुल 17 खेल विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### ट्रैफिक नियमों के प्रति बैटरी स्मार्ट ने किया जागरूक

कानपुर। टू और थ्री-व्हीलर के लिए सबसे बड़े बैटरी स्वैपिंग नेटवर्क बैटरी स्मार्ट ने आज कानपुर में 200 से ज़्यादा ई-रिक्शा चालकों के लिए सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का मकसद चालकों को ट्रैफिक नियमों, बैटरी के सुरक्षित इस्तेमाल और बरसात के मौसम में सतर्कता के बारे में जानकारी देना था, ताकि वे रोज़ाना सफर को और सुरक्षित बना सकें। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि महापौर के साथ-साथ बैटरी स्मार्ट के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया था।। इसका उद्देश्य शहर के ई-रिक्शा चालकों को शिक्षित और सशक्त बनाना था। बैटरी स्मार्ट के वाइस प्रेसिडेंट कैप्टन हमेन्द्र शर्मा ने कहा इस पहल के ज़रिए हमारा मकसद ई-रिक्शा चालकों को ऐसी ज़रूरी जानकारी देना है, जिससे वे गर्मी और बारिश जैसे मौसम में भी सुरक्षित तरीके से चल सकें।

### सोनाक्षी ने पेश किया ज़ात प्रदर्शनी

कानपुर। ब्रिटिश काउंसिल, कस्तूरबा गांधी मार्ग की गैलरी में ज़ात प्रदर्शनी पेश की जाएगी, जो सोनाक्षी की एक गहरी और प्रभावशाली मूर्तिकला कृति है। यह प्रदर्शनी मां-बेटी की पीढ़ियों की यादों को पारिवारिक चीज़ों, धातु और उनके अर्थों के ज़रिए सामने लाती है। यह प्रदर्शनी 11 जून से 31 जुलाई 2025 तक स्टडी यूकेः क्रिएटिव कनेक्शन्स आईआई के हिस्से के रूप में चलेगी। आगरा में जन्मी और अब लंदन में रहने वाली सोनाक्षी चतुर्वेदी अपनी पेंटिंग, इनैमलिंग और रत्नों की जानकारी को मिलाकर यह सवाल उठाती हैं कि महिलाओं की कहानियां कैसे याद रखी जाती हैं- या जानबूझकर भुला दी जाती हैं। सोनाक्षी बताती हैं, ज़ात की शुरुआत मेरी अपनी पुरानी यादों को सहेजने के लिए हुई थी, लेकिन यह जल्द ही एक तरह का दावा बन गया

## आरटीओ व ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान



**कानपुर।** आरटीओ व टैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से रामादेवी सब्जी मंडी क्षेत्र में संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। टीआई राजेश कुमार मिश्रा और एआरटीअ के नेतृत्व में यह अभियान संचालित किया गया। चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट वाले डंपर, ट्रक और अन्य वाणिज्यिक वाहनों को जांच के लिए रोका गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान काटे गए। साथ ही अन्य दंडात्मक कार्रवाई भी की गई। अभियान रामादेवी सब्जी मंडी के पास चलाया गया। आने जाने वाले वाहनों को रोक कर उनकी चेकिंग की गई उनके कागजात भी देखे गए।

## छह किलो चरस के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार




■ -नेपाल से चरस लाकर यूपी के कई जिलों में करते थे सप्लाई

**कानपुर।** रेलबाजार पुलिस, स्वाट व सविलांस टीम ने चरस की तस्करी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से बैग में करीब छह किलो चरस, एक बाइक और एक हजार रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। आरोपी बिहार के नेपाल से चरस लाकर यूपी के कई जिलों में सप्लाई करते हैं।

शुक्रवार को एसीपी कैंट आकांक्षा पांडे ने रेलबाजार थाने में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि मुखबिर की सूचना में एक बाइक में सवार तीन लोगों को लोको रेलवे कॉलोनी रोड के पास चेकिंग के दौरान रोका गया। बैग की तलाशी के दौरान चरस मिली। पुलिस टीम तीनों आरोपियों को रेलबाजार थाने लेकर आई। जहां पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चरस तस्करी करने की बात कबूली। आरोपियों ने अपने नाम बिहार मोतिहारी के नायक टोला हारपुर निवासी राम बालक शाह, नेपाल के पुखरिया निवासी राम विनय और कानपुर के चौबेपुर थानाक्षेत्र के चंदिका निवासी हरिओम बताया। तस्करों ने नेपाल से चरस लाकर शहर समेत अन्य जनपदों में माल बेचने की बात कबूली है। जांच में सामने आया कि चरस तस्कर यूपी के कानपुर, उन्नाव, फतेहपुर और प्रयागराज समेत कई जिलों में चरस तस्करी करते हैं। शातिर ऑन डिमांड माल सप्लाई करते हैं। एसीपी ने बताया कि तीनों से पूछताछ और कॉल डिटेल के आधार पर मिले अहम इनपुट पर पुलिस की एक टीम काम कर रही है। जल्द ही चरस तस्करी का नेपाल से यूपी और देश के अलग-अलग राज्यों में हो रही तस्करी के पूरे सिंडीकेट का खुलासा करेगी।

## प्यार में पागल सिरफिरे ने दी जान से मारने की धमकी

**कानपुर।** प्यार में पागल सिरफिरे ने युवक को फोन कर धमकी दी कि अपनी पत्नी को तलाक दो, नहीं तो जान से मार दूंगा। पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद चकेरी थाने में आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई।

लाल बंगला के ओमपुरवा निवासी पीड़ित ने बताया कि मई-2022 में बहन की शादी बाबूपुरवा निवासी युवक से हुई थी। शादी के बाद से मोहल्ले का सिरफिरा शानू कुरैशी अक्सर फोन कर फर्जी बातों के जरिए बहन का तलाक कराने की बात कहता है। बहन के प्रति अश्लील बातें कर तेजाब डालने की धमकी दी। उसने एक दिन बहनोई को फोन कर कहा कि मैं तुम्हारी बीवी से प्यार करता हूं। फिर तलाक न देने पर बहनोई को जिंदा मार डालने की धमकी दी। चकेरी पुलिस से ने कार्रवाई के बजाय टरका दिया।भाई ने बताया कि शादी के बाद से बहन-बहनोई बहुत खुश थे, लेकिन शानू खलल बन गया।

आरोपित ने पांच अलग-अलग नंबरों से फोन कर महिला के पति व भाई को धमकी दी। यहां तक कि पति को जिंदा मारने की धमकी देकर तलाक देने का दबाव बनाया। ब्लैक लिस्ट नंबर करने पर आरोपित ने बदल-बदल कर नंबरों से फोन किया। चकेरी इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला के मुताबिक तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

## विमान हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए की शोकसभा



कानपुर। अहमदाबाद में प्लेन दुर्घटना में मृतक यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए शुक्रवार को सपा कार्यालय में शोकसभा हुई। कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रख कर पीड़ित परिवारो को धैर्य एवं साहस प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

अहमदाबाद से लंदन के लिए जा रहा एयर इंडिया का बोइंग विमान कल क्रैश हो गया। हादसे में गुजरात के पूर्व पीएम विजय रूपाणी समेत करीब 261 यात्रियों का शव मिल चुके हैं। जिसमें में कई विदेशी नागरिक भी थे। देश को झकझोर कर रख देने वाले इस हादसे के बाद शहर भर में अनेक स्थानों में मृतकों की आत्मा की शांति की कामना की जा रही है। शुक्रवार को नवीन मार्केट में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में शोकसभा हुई, जिसमें सभी कार्यकर्ता खड़े होकर 2 मिनट मौन रहकर शोक व्यक्त कर पीड़ित परिवारो को धैर्य एवं साहस प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। नगर अध्यक्ष ने कहा कि जनवरी 2022 में एयर इंडिया का निजीकरण हो जाने के बाद अव्यवस्था की शिकायतें आती रही, इस पर भी मंथन करना होगा। शोक सभा मे प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महेन्द्र सिह बडे ठाकुर, विनय गुप्ता, रोहित सिंह आदि शामिल रहे।

### विमान दुर्घटना में मृतकों को एलआईसी करेगा छूट प्रदान

कानपुर। अहमदाबाद में एआई 171 विमान दुर्घटना में मृतकों तथा उनके परिवारों के प्रति भारतीय जीवन बीमा निगम ने गहरा दुख प्रकट किया है। भारतीय जीवन बीमा निगम प्रभावित लोगों को पूरी सहायता प्रदान करने के साथ-साथ उनके क्लेम का अति शीघ्र निपटारा करेगा तथा उन्हें आर्थिक मदद भी प्रदान करेगा। ऐसी पॉलिसी धारक जिनकी मृत्यु विमान दुर्घटना में हुई है, सरकार द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र को अधिकारिक रूप से स्वीकार करेगा तथा उनका भुगतान यथा शीघ्र कराया जायेगा। भारतीय जीवन बीमा निगम ऐसे सभी प्रयास करेगा जिससे तत्काल रूप से प्रभावित परिवारों के क्लेम का भुगतान हो सके ।

## जीआरपी ने गायब बच्चे को माता-पिता से मिलवाया



कानपुर। सेट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म पर दो वर्षिय बच्चा अचानक गायब हो गया। परिवारवालों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। जिस पर उन्होंने जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई। जीआरपी टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मद्द से बच्चे को उसके परिवार से मिलवा कर सफलता हासिल की। सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर एक दो वर्षीय बच्चे को उसके परिवार से मिलाने में जीआरपी को सफ्लता मिली है। जीआरपी थाना प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि बिहार के जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र के धधौरा निवासी करपू मांझी ने सूचना दी कि उनका बेटा राजबीर प्लेटफार्म नंबर 4/5 से खो गया है। सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक शिवबाबू यादव और क्यूआरटी टीम को सीसीटीवी फुटेज चेक करवाया। साथ ही प्लेटफार्म ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार को तलाश में लगाया। टीम को दिल्ली साइड के पैदल पुल पर एक रोता हुआ बच्चा मिला। पुलिस उसे तुरंत थाने ले गई। वहां करपू मांझी ने अपने बेटे राजबीर की पहचान की। बच्चे को सकुशल पाकर परिवार ने जीआरपी की सराहना की। ऑपरेशन मुस्कान के तहत यह सफलता मिली।

### महिला से ठगी का प्रयास

**कानपुर।** गुरुवार शाम को महिला के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने महिला को धमकी दी कि उसकी अश्लील वीडियो बन गई है। ठग ने महिला से 10 हजार रुपए की मांग की। उसने कहा कि अगर पैसे नहीं भेजे तो वीडियो वायरल कर देगा। शुरुआत में महिला डर गई, लेकिन फिर उसने हिम्मत दिखाते हुए अपने परिजनों के साथ महाराजपुर थाने में शिकायत की। पुलिस ने जब उसी नंबर पर कॉल किया तो ठग घबरा गया। उसने तुरंत अपना फोन स्विच ऑफकर दिया। पुलिस ने कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन नंबर बंद रहा। महाराजपुर पुलिस ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। पुलिस ने कहा कि अगर कोई अनजान व्यक्ति फोन कर धमकी दे, तो डरने की जरूरत नहीं है। ऐसी स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन या स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं।

## खबर एक नज़र

### तार कटर गिरोह सक्रिय पुलिस जीप देख बाइक छोड़ भागे चोर

साढ़ थाना के उमरा से मोहम्मदपुर नर्वल के बीच तेरह खंभों के तार चोरी

**भीतरगांव।** बीती रात साढ़ थाना क्षेत्र में तार कटर गिरोह पुलिस की सक्रियता से बाइक मौके पर छोड़कर उमरा रसूलपुर गांव से मोहम्मदपुर नर्वल गांव के बीच तेरह खंभो के तार चोरी कर भाग गए पुलिस बरामद बाइक के आधार पर तार चोरों की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार बीती रात उमरा गांव से मोहम्मदपुर नर्वल को जाने वाली विद्युत आपूर्ति लाइन के तेरह खंभों के तार चोर काटकर ठिकाने लगा रहे थे तभी पुलिस जीप देख चोर तार लोडकर मौके से भागे लेकिन घेराबंदी होते देख चोर मौके पर दो बाइक छोड़कर भागने में कामयाब हो गए साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि बरामद बाइक के अनुसार जांच की जा रही जल्द ही चोरों का पता लगाया जाएगा।

### बेटी ने मां व भाई के खिलाफ़ दर्ज कराया मुकदमा

**7 लाख 52 हजार 5 सौ रुपये उधार लेने के बाद वापस न करने का आरोप**

घाटमपुर। सजेती कस्बे में रहने वाली एक बेटी ने अपनी ही मां और भाई पर 7 लाख 52 हजार 5 सौ उधार लेने के बाद वापस न करने का आरोप लगाते हुए धोखा धडी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच के साथ कार्यवाही शुरू कर दी है। थाने पहुंची सीमा देवी पुत्री रघुनन्दन प्रसाद सोनकर ने पुलिस को बताया कि मेरी मां राजाबेटी व भाई आशीष ने 25 फरवरी वर्ष 2021 को ढाई लाख रुपये चेक के माध्यम से लिये थे। एक मार्च को दो हजार पांच सौ रुपये चेक द्वारा उधार लिये। इसके बाद जून माह मे भी भाई आशीष कुमार ने 5 लाख रुपये चेक के माध्यम से उधार लिए थे। पहले तो आजकल में देने का वादा करते हैं।अब जब जब वह मां व भाई से रुपये वापस मांगती है दोनों मारपीट करने के साथ गली गलौज करते हैं। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान व भयभीत है।थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया सीमा की तहरीर पर आरोपी मां और भाई पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### नशेबाज चालक से पलटा ई रिक्शा, दो घायल

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के जैतीपुर भट्ठा के पास नशेबाज चालक से ई रिक्शा पलट गया। हादसे में घायल जैतीपुर निवासी विनोद कुमार शुक्ला को इलाज केलिए सीएचसी से उर्सला अस्पताल रेफर किया गया।वहीं थाना सजे ती क्षेत्र के कोटरा मकरंद पुर में ट्रैक्टर की टक्कर से ई रिक्शा से कोटरा मकरंद निवासी विजय 40 पुत्र आशा राम व अरविन्द 48 पुत्र राजा राम घायल हो गए। जिन्हें इलाज केलिए सीएचसी लाया गया। इसी तरह ट्रक की टक्कर से घायल बाइक सवार व टिकवापुरए सजेती निवासी दयाशंकर 18 को इलाज केलिए सीएचसी लाया गया।

### सीएचसी में डॉक्टरों की कमी के बीच एक और डॉक्टर का तबादला

घाटमपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घाटमपुर में डॉक्टरों की कमी के बीच फिर एक चिकित्सक का तबादला होने से रोगियों को अभी से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जो डॉक्टर बचे हैं उन्हें दो दो इमरजेंसी ड्यूटी करने के साथ मरीजों की भीड़ का भी सामना करना पड़ रहा है।सीएचसी में तैनात रहे सर्जन नरसिंह राजपूतए स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक रेखा अग्रवाल तथा बाल रोग विशेषज्ञ शशांक मिश्रा समेत तीन चिकित्सकों के किए गए तबादले के बाद अब तक उनकी जगह किसी की तैनाती की भी न गई थी कि डॉक्टरों की कमी के बीच एनेस्थीसिया के चिकित्सक डॉव अजीत सचान का तबादला कर दिया गया। विधायक सरोज कुरील के नाराजगी जताने पर सीएमओ ने डॉक्टर अनिल की तैनाती की ही थी कि चेस्ट स्पेशलिस्ट चिकित्सक कृष्ण चन्द्र यादव के तबादले का आदेश शासन स्तर पर सीएचसी पहुंच गया। इस सम्बंध में चिकित्साधीक्षक डॉक्टर कैलाश चन्द्र से की गई जानकारी पर उन्होंने बताया कि सीएचसी में सर्जनएबाल रोग विशेषज्ञए हड्डी रोग विशेषज्ञ तथा महिला रोग विशेषज्ञ आदि के हुए तबादलों के बाद उनकी जगह किसी की तैनाती न होने के चलते ओपीडी में आने वाले मरीजों को समय से देखे जाने में समस्या आ रही है।फिर भी प्रयास रहता है कि मरीजों को कोई दिक्कत न हो।वही विधायक सरोज कुरील ने सीएचसी से चिकित्सकों के तबादलों के बाद नई तैनाती न किए जाने तथा फिर एक चिकित्सक के हुए तबादले पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि सीएमओ से इस सम्बंध में बात कर चिकित्सकों की कमी दूर कराएंगी।

## बीस साल से नहीं हुई नाले की सफाई मानसून में कई दर्जन गांवों के प्रभावित होने का खतरा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**






कल्याणपुर विकासखंड के अंतर्गत मंधना क्षेत्र में बहने वाले मुख्य नाले की बीते बीस वर्षों से सफाई नहीं की गई है जिससे आगामी मानसून में जलभराव और बिमारियों की गंभीर आशंका उत्पन्न हो गई है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो दर्जनों गांवों के प्रभावित होने का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि वर्षों से प्रशासन को शिकायत की जा रही है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नाले में कचरे झाड़ियों और सिल्ट का अंबार लगा हुआ है जिससे पानी का बहाव बाधित हो गया है। स्थानीय निवासी हर्ष द्विवेदी ने बताया कि ग्राम पंचायत बगदौधी पेम विरतियान बहलोलपुर परगही कछियाना कुकरादेव और आसपास नई बस्ती को मिलाकर घनी आबादी वाला क्षेत्र मंधना कस्बा है। हर साल बरसात में मंधना कस्बे की गलियों में पानी भर जाता है। बरसात अधिक होने पर घरों और दुकानों में पानी घुस जाता है। ग्राम प्रधान बगदौधी राहुल सिंह ने बताया कि मंधना कस्बे के मुख्य नाले की लंबाई लगभग पंद्रह किलोमीटर की है जिसमें आस पास के कई दर्जन गांवों का पानी नाले में गिरता है। किसी भी एक ग्राम पंचायत के पास इतना बजट नहीं होता कि ग्राम पंचायत के स्तर पर सफाई कराई जा सके। ग्राम प्रधान होरा कछार राम नारायण वर्मा ने बताया कि एक नाला नानकारी चकरतनपुर होरा बांगर नारामऊ कछार होते हुए सिंहपुर मैनावती मार्ग के पास मंधना कस्बे के मुख्य नाले में मिल जाता है। सफाई न होने से किसानों के घरों व खेतों में पानी भर जाता है। उन्होंने कई बार जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है लेकिन कार्यवाही केवल कागज़ों तक सीमित रही। ग्राम प्रधान बहलोलपुर मृदुल द्विवेदी ने बताया कि मंधना कस्बे के मुख्य नाले से मानसून के दौरान करीब तीस से अधिक गांवों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है।हज़ारों की आबादी पर जलजनित रोगों का खतरा बना रहता है। ग्राम प्रधान परगही पूनम सिंह ने बताया कि मानसून के दौरान जलभराव के कारण जल निकासी न होने पर खेत डूब जाते हैं और मवेशी तक बीमार हो जाते हैं। मानसून जल्द ही आने को है फसलें और पशुधन प्रभावित होने का अंदेशा है। प्रशासन की प्रतिक्रिया जब इस विषय पर जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि नाले की सफाई की योजना तैयार है और जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। हालांकि स्पष्ट समय.सीमा नहीं बताई गई। निष्कर्ष अब जबकि मानसून दस्तक देने वाला है स्थिति दिन.ब.दिन चिंताजनक होती जा रही है। यदि प्रशासन ने शीघ्र हस्तक्षेप नहीं किया तो यह लापरवाही आने वाले समय में गंभीर समस्या का कारण बन सकती है।



## जिस मरा समझ पीएम को भेजा वह थाने में बोला अभी मैं जिंदा हूं

**थाने में मचा हड़कंप ओवर ब्रिज के नीचे मरे पड़े मिले युवक की हुई थी गलत पहचान**

**घाटमपुर।** कस्बे में गुरुवार को ओवर ब्रिज के नीचे मरे पड़े मिले युवक की शिनाख्त कराने में पुलिस तो धोखा खाई हीए बल्कि उसकी शिनाख्त करने में अजय के परिवार से भी चूक हो गई। परिवार के लोगों की शिनाख्त पर पुलिस ने शव पोस्ट मार्टम केलिए भेज दिया था। मगर शुक्रवार को थाने व भट्ठे में उस समय हलचल मच गई जिसे मरा समझकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया वह पुलिस के सामने जिन्दा खड़ा था। पुलिस के बार बार पुछने पर अजय भावुक होकर बोला अरे साहब! मैं जिन्दा हूं। दर असल हुआ यूं कि गुरुवार की दोपहर बाद ओवर ब्रिज के नीचे एक अज्ञात शव पुलिस को पड़ा मिला था। जिसके हीट स्ट्रोक से मरने की बात कही जा रही थी।पुलिस ने मौके से शव हटाकर सीएचसी भेज दिया था। कुछ देर बाद सीएचसी पहुंचे अजय नामक युवक के बहन. बहनोई ने उसकी पहचान अजय के रूप में कर पुलिस की मुश्किलें हल कर दी। पुलिस ने शव को अजय मानकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया था। शुक्रवार सुबह अजय के परिजनों ने थाने पहुंचकर उसके जिन्दा होने की बात कही तो पुलिस असमंजस्य में पड़ गई।शव की पहचान में गड़बड़ी होने की आशंका लगी तो कस्बा चौकी प्रभारी शैलेन्द्र सिंह गुत्थी सुलझाने भीतरगांव के एक ईंट.भट्टे पर पहुंचे।वहां पुलिस को देखकर एक युवक सामने आकर खुद बोला कहा साहबए मैं अजय हूं और जिन्दा हूं। यह सुनते ही पुलिस हैरान हो गई।उधर अजय के परिजन पोस्टमार्टम हाउस शव लेने पहुंचे थे। उन्हें भी तब झटका लगा जब पता चला कि जिस अजय को वह मरा समझ रहे थे वह जिन्दा है। तो फिर ओवर ब्रिज के नीचे मिला शव था किसका था पुलिस जानकारी कर रही थी।

## पतारा में खड़े डंपर से बाइक के टकराने से युवक घायल

**पुलिस ने इलाज के लिए पहुंचाया सीएचसीए जहां से किया गया रेफर**



घाटमपुर। शुक्रवार को क्षेत्र के टेनापुर मोड़ के पास हाइवे किनारे खड़े डंपर में बाइक सवार जा टकराया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को घायल अवस्था में एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा।जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कर गंभीर हालत में उर्सला रेफर कर दिया। सजेती थाना क्षेत्र के टिकवापुर गांव निवासी स्वतंत्र सिंह 40 पुत्र स्व बलवीर सिंह देर रात घर से कानपुर रिश्तेदारी में जा रहे थे। तभी कानपुर सागर हाइवे पर घाटमपुर थाना क्षेत्र में स्थित टेनापुर मोड के पास पहुंचते ही बाइक के अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे खड़े डंपर में पीछे से जा टकराने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वही मौका पाकर डंपर लेकर चालक मौके से भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में उसे रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना की सूचना मिली थीए घायल को इलाज के लिए ले जाया गया।

## आसमान से बरसी आग लू के थपेड़ों से पशु पक्षी समेत आमजन बेहाल

भीतरगांव। इन दिनों सूरज दद्दा की गर्मी से आमजन बेहाल है उमस भरी गर्मी एवं लू के थपेड़ों ने पशु पक्षी सहित आमजन को झुलसा रखा है शुक्रवार को मौसम का अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस तक रहा वही बिजली की आंखमिचौली से लोग बेहाल दिखे।सबेरे धूप निकलने के साथ ही गर्म हवाओं का दौर अपने चरम पर है गर्मी और उमस इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि रात्रि में भी लोगों को सुकून नहीं मिल पा रहा।शुक्रवार सुबह जैसे ही तेज धूप निकली तो गर्म हवाओं का दौर शुरू हो गया लू के थपेड़ों के कारण लोगों का जीना मुहाल रहा सड़कों पर मिलने से लोगों को शरीर गर्म हवाओं के झोंको से झुलस रहा था धूप की तपिश इतनी भीषण थी कि सड़को पर निकलना मुश्किल रहा जिस कारण लोग घरों में दुबके रहे वैसे तो बाजारों में चहल पहल रहती है लेकिन गर्मी की अधिकता को देखते हुए बाजारों सड़कों और चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा वही ग्रामीणों के अनुसार लो वोल्टेज और बिजली की आंख मिचौली से हालात और ज्यादा बदतर है एक ओर जहां बेजुबान पशु और पक्षी बेहाल है वहीं आमजन का भी बुरा हाल है।सीएचसी प्रभारी भीतरगांव डॉ मनीष तिवारी ने लोगो से गर्मी से बचाव करने की अपील की उन्होंने कहा कि पानी अधिक पिए घर से बाहर तभी निकले जब बहुत आवश्यक हो अच्छी तरह से कपड़े पहनकर और सर ढककर ही बाहर जाए किसी भी समस्या पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में परामर्श जरूर ले।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–औरैया

पत्रांक– 260 /ग्रा0अ0वि0/लेखा/निविदा सूचना/2025–26, दिनाँक– 28/05/2025

### निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड औरैया के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी.डी एवं ई श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित हैं, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:–

| क्र. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित धनराशि (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित | अधिशासी अभियन्ता कार्यालय का पता | अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता | जिलाधिकारी कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| योजना– सांसद निधि | | | | | | | | | |
| 1 | औरैया | ग्राम पंचायत पुर्वा रावत, विकासखण्ड सहार, तहसील बिधूना, जनपद औरैया में स्थिति ईदगाह, कब्रिस्तान, प्लेग्राउण्ड में सभी सार्वजनिक स्थलों पर एक एक हाई मास्ट स्ट्रीट लाईट (9.50 मीटर कुल, 03 नग) | 6.15 | 30750.00 | 855.00 | तीन माह | विकास भवन, ककोर मुख्यालय औरैया | 117/ के.–19 सर्वोदय नगर कानपुर | ककोर मुख्यालय औरैया। |

2. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:– 18.06.2025 से 26.06.2025 तक।
3. निविदा बिक्री प्रारंभ की तिथि, समय व स्थान:– 18.06.2025 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड औरैया, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल– कानपुर एवं जिलाधिकारी जनपद. औरैया पुवान्ह 10:00 बजे से ।
4. निविदा बिक्री के लिये अन्तिम तिथि,समय व स्थान:– 26.06.2025 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड औरैया, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल–कानपुर, एवं जिलाधिकारी जनपद औरैया अपरान्ह 4:00 बजे तक ।
5. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थान:– 27.06.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक कम सं0 3 पर अंकित स्थानों पर।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय व स्थान:– 27.06.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड औरैया अथवा सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार।
7. टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
8. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड– औरैया में सम्पर्क करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भॉति पढ़ लें।

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड– औरैया।**
**श्री राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से**

उ0प्र0 234688 दिनांक– 05.06.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

### मौत जिन्दगी से जूझ रही रेप पीड़ित बच्ची को आया होश

घाटमपुर। मां व पिता तथा घाटमपुर के बाशिंदों की दुआओं का असर रेप पीड़िता बच्ची पर दिखाई देने के साथ मौत व जिन्दगी से जूझ रही बच्ची को आखिर कार 36 घण्टों बाद होश आ ही गया।मां व पिता को देखकर बच्ची के मुस्कराने पर उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। बच्ची का इलाज कर रही डॉक्टरों की 5 सदस्यीय टीम की मेहनत रंग लाई।डॉक्टरों ने उसे पानी व जूस पिलाया। पिता की माने तो अभी भी वह ठीक से नहीं बोल पा रही है। होश आने पर सबसे पहले उसने अपनी मम्मी को पहचाना। इसके बाद पापा सामने आए तो उन्हें देखकर थोड़ा मुस्कुराई। बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉण् शैलेंद्र गौतम ने बताया. करीब 36 घंटे बाद बच्ची को होश आ गया है। चेहरे और सिर पर कई जगहों पर गहरी चोट आई है। इस वजह से अभी पूरी तरह से बोल पाने में बच्ची असमर्थ हैं। डॉक्टरों की एक टीम लगातार बच्ची की निगरानी कर रही हैंचोट गहरी होने के कारण उसे ठीक होने में करीब 10 से 12 दिन का समय लगेगा।

**दुष्कर्म के आरोपी की करतूतों की थी दहशत** पुलिस मुठभेड़ में दुष्कर्म के आरोपी के पैर में गोली लगने से घायल होने पर जहां लोगों ने पुलिस की सराहना की। वहीं लोगों की माने तो आरोपी वार्ड में ही नहीं बल्कि अपने गांव में भी बच्चियों व लड़कियों के साथ छेड़खानी व अश्लील हरकतें कर चुका था। सामाजिक लोक लज्जा के चलते खामोश थे।वहीं जिस घर में आरोपी परवरिश पा रहा है वह उसकी करतूतों को नजर अंदाज कर रहे थे। जिसके चलते उसने 6साल की बच्ची के साथ 10 जून की शाम दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया

## कार्यालय पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जोन कमिश्नरेट कानपुर नगर

### विज्ञप्ति

थाना सीसामऊ कमिश्नरेट कानपुर नगर में लावारिस, मुकदमाती व 207 एमवी एक्ट के अन्तर्गत निरूद्ध वाहनो की नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया प्रचलित है जिसमे 33 वाहनो का ई–चालान एप्प व आर०टी०ओ० कार्यालय कानपुर नगर से चेसिस नं०/रजि०नं० के विषय मे जानकारी करने का काफी प्रयास किया गया परन्तु वाहन स्वामी के विषय मे कोई जानकारी नहीं हो सकी। जिसके फलस्वरूप सूची मे अंकित वाहनो के चेसिस नं0/इंजन नं०/रजि०नं० समाचार पत्रो मे प्रकाशित कराया जाना आवश्यक है, जिससे वाहन स्वामी अपने वाहनो के विषय मे सूचित होकर अपने वाहन को मा० न्यायालय द्वारा रिलीज करा सकें। वाहनो का विवरण निम्नवत है –

| क्र0स0 | विवरण / एफ0आई0आर0 सं0 | चेचिस सं0 | इंजन सं0 | रजिस्ट्रेशन न0 | वाहन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 286/92 | | | UHI 2235 | स्कूटर(क्षतिविक्षित) |
| 2 | NIL/94 | | E06CE196895 | DL 55 A 5301 | स्कूटर |
| 3 | 29/2010 | | | UP 78 AM 4500 | सेन्ट्रो कार |
| 4 | 26/2001 | | | UGR 4416 | स्कूटर(क्षतिविक्षित) |
| 5 | 103/98 | | | UGR 8188 | स्कूटर |
| 6 | 46/17 | MBLHA10A5CH7123 | HA10ELCHJ13893 | बिना नम्बर | स्पेलन्डर |
| 7 | 207 MV.ACT | | | GHI 2229 | स्कूटर बजाज सुपर |
| 8 | 207 MV.ACT | | | UHH4579 | स्कूटर |
| 9 | 207 MV.ACT | | | HRQ 0072 | स्कूटर |
| 10 | 207 MV.ACT | | | UAI 3712 | स्कूटर प्रिया |
| 11 | 207 MV.ACT | | | UTE 5849 | स्कूटर |
| 12 | 207 MV.ACT | | | UAN 2645 | स्कूटर |
| 13 | 207 MV.ACT | | | UAI 2678 | स्कूटर |
| 14 | 207 MV.ACT | | | UP 98 C 3881 | स्कूटर |
| 15 | 207 MV.ACT | | | UA G 6086 | स्कूटर |
| 16 | 207 MV.ACT | | | UMF 6133 | स्कूटर |
| 17 | 207 MV.ACT | | | UP 78 F 1225 | स्कूटर |
| 18 | 207 MV.ACT | | | MH01FA1165 | मो0सा0 |
| 19 | 207 MV.ACT | | JPUBR412063 | बिना नम्बर | मो0सा0 |
| 20 | 207 MV.ACT | | | UP 78 AW 0703 | मो0सा0 |
| 21 | 207 MV.ACT | | | UP 78 V 9863 | सुजकी |
| 22 | 207 MV.ACT | 007052C | O227079 | बिना नम्बर | M/C |
| 23 | 207 MV.ACT | | | UP 78 Y 3107 | होन्डा मो0सा0 |
| 24 | 207 MV.ACT | | | UP 78 RX 2053 | मो0सा0 |
| 25 | 207 MV.ACT | | JPUBR 412063 | बिना नम्बर | मो0सा0 एक्स ई डी |
| 26 | 207 MV.ACT | | | UP 35 4813 | मो0सा0 कावासाकी |
| 27 | 207 MV.ACT | | | UP 78 Z 9787 | मो0सा0 स्पलैंडर |
| 28 | 207 MV.ACT | | | UP 65 AF 8909 | मो0सा0 यमहा |
| 29 | लावारिस | | | UP 78 A 1412 | स्कूटर |
| 30 | लावारिस | MD625AF 1341B12478 | 0FIB41164458 | UP 78 AS 5768 | TVS विक्टर |
| 31 | लावारिस | C 7KJ 995013 | E 54KJO82905 | बिना नम्बर | मो0सा0 काला रंग |
| 32 | लावारिस | | | DL 85 AU 5422 | मोटर साइकिल |
| 33 | लावारिस | | | UP 78 X 7513 | टीवीएस |

दिनांक: मई 17, 2025

**थाना प्रभारी**
**थाना सीसामऊ**
**कमिश्नरेट, कानपुर नगर**

उ0प्र0 234948 दिनांक– 12.06.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी तेलियानी–फतेहपुर

पत्रांक 685ए/रा०वि०/2025–26 दिनांक 11–06–2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना/2025–26**

विकास खण्डं तेलियानी फतेहपुर के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 में पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं पंचम वित्त (टाइड/अनटाइड) योजना में स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों के द्वारा कार्य कराये जाने हेतु निविदाएं विकास खण्ड तेलियानी मे दिनांक 11.06.2025 से 18.06.2025 को 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उसी दिन तीन बजे अपरान्ह मे गठित समित्ति एवं उपस्थित निविदा दाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष विकास खण्ड कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11.06.2025 से 18.06.2025 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से मु० 590/– रू० मात्र नकद जमाकर प्राप्त किये जा सकते है।

**प्रस्तावित कार्य का विवरण निम्नवत् है:–**

| क्र0 सं० | योजना का नाम | कार्य का नाम स्थल विवरण | प्राक्कलन में साम्रगी लागत लाख रू. में | एफ.डी.आर. | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पन्द्रहवां/पंचम वित्त आयोग | ग्राम पंचायत रावतपुर में स्पेस लैब का निर्माण कार्य | 9.57 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 2 | पन्द्रहवां/पंचम वित्त आयोग | विकास खण्ड तेलियानी मे जगतपुरगाडा में दिनेश के खेत के पास नदी में पुलिया निर्माण कार्य। | 9.98 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 3 | पन्द्रहवां/पंचम वित्त आयोग | विकास खण्ड तेलियानी में हाजीपुरगंग में गंगा घाट के किनारे पुल निर्माण कार्य का अवशेष भाग। | 9.96 | 20000 | 590 | 3 माह |

नियम एवं शर्ते– 01. निर्धारित मात्रा में मानकीय श्रेष्ठ गुणवत्ता वाली की आपूर्ति कार्यस्थल पर निर्माण कराये जाने हेतु स्वीकार की जायेगी। 02. टेण्डरदाता कार्यस्थल का पूर्व में ही भली–भाँति परीक्षण कर ले बाद में काई तथ्य मान्य नहीं होगा। 03. न्यूनतम दरो वाली फर्म के ही टेण्डर/निविदा स्वीकार की जायेगी, लेकिन गुणवत्ता में कोई समझौता नही होगा। 04. समाधान योजना के अन्तर्गत आने वाली फर्म टेण्डर/निविदा में भाग नहीं ले सकती है। 05. स्वीकृत निविदादाता को निविदा के साथ 100/– के स्टाम्प पेपर पर 1 रू० रसीदी टिकट से हस्ताक्षर युक्त अनुबन्ध प्रस्तुत करना होगा। 06. धरोहर धनराशि अनुमानित लागत का दो प्रतिशत एफ०डी०आर०/ टी०डी०आर०/ एन०एस०सी०/पोस्ट आफिस के द्वारा किये जा सकते है जो खण्ड विकास अधिकारी तेलियानी के नाम अनुबन्धित होगी एवं 08 प्रतिशत जमानत की राशि की कटौती भुगतान के समय कर ली जायेगी। 07. कार्यादेश के अधिकतम 15 दिवस के अन्दर कार्य प्रारम्भ करना होगा। 08. अधोहस्ताक्षरी अपरिहार्य कारणों में टेण्डर निरस्त करने का अधिकार होगा। 09. शासकीय नियमानुसार सभी करो आयकर एवं 02 प्रतिशत जी०एस०टी० आदि की कटौती बिलो से की जायेगी। 10. सामग्री की गुणवत्ता आपूर्ती के समय निर्देशो के विचलन पर अधोहस्ताक्षरी को तत्काल निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। 11. किसी भी प्रकार की रॉयलटी का भुगतान स्वीकृत फर्मों द्वारा करना होगा। 12. फर्म का श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है रजिस्ट्रेशन की प्रति टेण्डर के समय उपलब्ध कराई जाय।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**तेलियानी–फतेहपुर**

स्वतंत्र भारत
कानपुर शनिवार, 14 जून 2025


# फतेहपुर समाचार

## करंट लगने से किशोरी झुलसी

**फ्तेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम सरांय अभईया में शुक्रवार की सुबह घरेलू बिजली की चपेट में आ जाने से 16 वर्षीय किशोरी की हालत बिगड गयी। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सरांय अभईया गांव निवासी दशरथ की पुत्री नेहा घरेलू कार्य कर रही थी। तभी वह करंट चपेट में आ गयी। जिससे उसकी हालत बिगड गयी। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## कैंडल मार्च निकाल प्लेन हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि




**फ्तेहपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आनुसांगिक संगठन आरोग्य भारती के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फ़ाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में गुजरात के अहमदाबाद में लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान टेक-ऑफ होने के तुरंत बाद क्रैश होने के बाद 241 लोगों की जान जाने पर आत्मा की शांति व इस असहनीय पीड़ा को सहने के लिए इनके परिवारीजनों को शक्ति प्रदान करने के लिए श्रद्धांजलि सभा व कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। सभी सदस्यों ने पहले कैंडल मार्च निकाला, जो शास्त्री चौक से प्रारंभ होकर सुभाष चौक तक निकाला गया।

कैंडल मार्च निकालते समय सभी सदस्य मौन रखते हुए व हाथ जोड़कर निरंतर प्रार्थना करते हुए निकले, फिर दो मिनट का मौन रखकर सभी मृतात्माओं की शांति हेतु सुभाष चौक में श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके परिवारीजनों को इस असीम दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर संरक्षक महेंद्र शुक्ल, कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती मोहनज्योति, डॉ. विवेक श्रीवास्तव, संजय सिन्हा, सलाहकार संजय श्रीवास्तव, आजीवन सदस्य रीता सिंह तोमर, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, वेदप्रकाश गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, अंगद सिंह, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, प्रशांत पाटिल, प्रवीण प्रसून, कौशल श्रीवास्तव, आचार्य रामनारायण, चैतन्य कुमार सहित तमाम नागरिक उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस पर जागरूकता रैली का शुभारंभ



**फ्तेहपुर।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार श्रम विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर साप्ताहिक जागरूकता गतिविधि अभियान का शुभारंभ जागरूकता रैली से किया गया। श्रम विभाग की निकाली गई बालश्रम उन्मूलन जागरूकता रैली को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू व सहायक श्रमायुक्त लालाराम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने बताया कि जनपद में दिनों दिन बाल श्रमिक बढ़ते जा रहे हैं व्यापारिक प्रतिष्ठानों, होटल, ढाबा, मैरिज हॉल में शादियों के समय बाल श्रमिक देखे जा रहे हैं। जिन बच्चों को स्कूल में होना चाहिए वह बच्चे चंद पैसों के लिए इन प्रतिष्ठानों में काम करते हैं। कई बार रेस्क्यू अभियानों में बच्चों को रेस्क्यू तो किया जाता है, लेकिन पुनर्वासन की कुछ अच्छी व्यवस्था न होने के कारण बच्चा पुनः उन्हें कामों में लग जाता है।

यह जनपद के लिए एक बड़ी समस्या है और इस समस्या को जिला प्रशासन, व्यापारिक प्रतिष्ठान, व्यापार मंडल, स्वयं सेवी संगठन, जनप्रतिनिधि, आम जनमानस मिलकर ही समाधान निकाला जा सकता है। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि वो श्रमायुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर पूरे सप्ताह 12 जून से लेकर 17 जून तक दिवसवार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें मुख्यतः जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, पोस्टर, बैनर आदि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रैली में बाल कल्याण समिति के सदस्य रामकृष्ण पांडेय, कल्पना मिश्रा, अपर्णा पांडेय, चाइल्ड हेल्पलाइन की जिला समन्वय नीरू पाठक, परामर्शदाता अंकित जायसवाल, बाल संरक्षण अधिकारी सविता विश्वकर्मा, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी धीरेंद्र अवस्थी, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य कैलाश नाथ मिश्रा, मांडवी दीक्षित, दत्तक ग्रहण इकाई की प्रभारी नीतू, श्रम परिवर्तन अधिकारी विनीत कुमार त्रिपाठी, मनीष कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी संदीप श्रीवास्तव व अकाउंटेंट अनुराग उपस्थित रहे।

## मौजा खम्भापुर की जमींन को तालाबी खाते में दर्ज करने का आदेश

**- एस.डी.एम. (न्यायिक) कोर्ट का फ़ैसला, रमा गुप्ता को मिली क़ानूनी जीत**

**- मौरूसी काश्तकार मनोहर मान सिंह का दावा अमान्य, दस्तावेजों में की गयी हेराफेरी**

**फ्तेहपुर।** जनपद मुख्यालय में सरकारी ख़ासकर तालाबी नंबर वाली जमीनों पर भू-माफ़ियाओं द्वारा अवैध रूप से प्लॉटिंग करके बेचे जाने का एक और मामला प्रकाश में आया है। ताजा मामला मौजा खम्भापुर परगना व तहसील सदर (जिला फ्तेहपुर) का प्रकाश में आया है। गाटा संख्या 15 और 25 के बड़े भूखण्ड में की गई अति चर्चित प्लॉटिंग प्रकरण में उपजिलाधिकारी सदर (न्यायिक) सर्वेश कुमार सिंह गौर ने विगत 29 मई को जारी किये गए आदेश में उपरोक्त जमीन को तालाबी खाते (नम्बर) में दर्ज करने का आदेश दिया है। प्रकाश में आया है कि उप ज़िलाधिकारी सदर ने अपने निर्णय/आदेश में कहा है कि जिलाधिकारी के आदेश 03 जुलाई 2023 के क्रम में यह पत्रावली एस.डी.एम. (न्यायिक) कोर्ट में सुनवाई हेतु प्रस्तुत की गयी। रामा गुप्ता द्वारा प्रार्थना पत्र 28 नवम्बर 2022, 21 दिसम्बर 2022, 30 मार्च 2024 द्वारा न्यायालय अपर आयुक्त प्रथम प्रयागराज मंडल, प्रयागराज के वाद संख्या-1310/2016 रमा गुप्ता बनाम हरिमोहन आदि में पारित आदेश 22 अक्टूबर 2022 का खतीनी में अमलदरामद कराये जाने हेतु अनुरोध प्रस्तुत किया गया। 10 मार्च 2025 को रमा गुप्ता व उनके अधिवक्ता को अवगत कराया गया कि दौरान विचाराधीन वाद प्रार्थनापत्र पर पृथक से निर्णय पारित नहीं किया जायेगा। निगरानी न्यायालय के आदेश 22 अक्टूबर 2022 में पारित निर्देश के कम में तहसीलदार (फ्तेहपुर) की आख्या 03 अप्रैल 2013 के विरूद्ध प्रार्थिनी को सुनवाई के पर्याप्त अवसर दिये गये। सुनवाई के समुचित अवसर प्राप्त करने के पश्चात रमा गुप्ता के अधिवक्ता द्वारा तर्क दिया गया कि उनका और हरिमोहन का भूचित्र के संशोधन हेतु वाद विचाराधीन था, हरिमोहन द्वारा जलनवश शिकायत की गयी जिसके परिणाम स्वरूप तहसील आख्या 03 अप्रैल 2013 न्यायालय में प्रेषित की गयी। न्यायालय द्वारा बिना नोटिस इन्तला व सुनवाई का अवसर प्रदान किये हुए एकपक्षीय आदेश 20 सितम्बर 2013 पारित कर दिया, जिसकी जानकारी होने पर पुनर्स्थापना प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया जो 22 अगस्त 2014 को निरस्त कर दिया गया। उपरोक्त दोनों आदेश निगरानी अदालत द्वारा 22 अक्टूबर 2022 को निरस्त कर दिये गये है।

रमा गुप्ता का कथन है कि वर्तमान गाटा संख्या-15 की पुरानी गाटा संख्या-15 थी तथा गाटा संख्या-25 की पुरानी गाटा संख्या-18 थी। इसके मूल काश्तकार मनोहरमान सिंह पुत्र विशुन मान सिंह थे. इनकी समस्त भूमि पैतृक भूमि थी. ये मौरूसी काश्तकार के रूप में थे। इन भूमियों पर 04 जुलाई 1952 के पूर्व से वंशानुक्रम से इनका कब्जा चला आ रहा था। इंद्राज सुधार हेतु इनके द्वारा साक्ष्य सहित जूडिशियल अफ्सर फ्तेहपुर के समक्ष वाद दाखिल किया था, और 27 जून 1952 को इन्हें न्यायालय द्वारा मौरूसी काश्तकार घोषित किया गया, जिसकी अमलदरामद 1359 फ्सली की खतौनी पर है। रमा गुप्ता का कथन है कि आदेश 27 जून 1952 के जरिये उपरोक्त आदेश को स्थगित करने का एक फ़र्ज़ी अमलदरामद अंकित किया गया है जो निष्प्रभावी है, इसी कारण आदेश 27 जून 1952 के कम में सभी खतौनियों में मनोहर मान सिंह का नाम अंकित चला आया। रमा गुप्ता द्वारा अपनी बहस में यह भी कहा गया है कि 1359 फ्सली के खसरे में भूमि की प्रकृति कालम 18 व कालम 19 के अनुसार भिन्न-भिन्न रहती है। इनका इन्द्राज भूलेख नियमावली के पैरा क 97 व क 98 के अनुसार किया जाता है।

पैरा क 98(4) के अनुसार (क) तालाब जलमग्न (ख) तालाब (लो लेईंग लैंड) दर्ज करने की व्यवस्था थी। रमा गुप्ता का कथन है कि उनकी भूमि यद्यपि 1359 फ्सली में तालाब श्रेणी में दर्ज है परन्तु खसरे में इसका अंकन कालम 19 में किया गया है और जूडिशियल अफ्सर द्वारा पारित आदेश 27 जून 1952 के द्वारा गाटा संख्या-15 व 18 को मनोहर मान सिंह की पैतृक भूमि मानते हुये मौरूसी काश्तकार अंकित किया गया है। मौरूसी काश्तकार बाद में सीरदार और तत्पश्चात भूमिधर हो गये। रमा गुप्ता द्वारा उपरोक्त भूमिधरों से बैनामा लिया गया है। इस आधार पर प्रश्नगत कार्यवाही निरस्त कर गाटा संख्या-15 व 25 पूर्व की भांति रमा गुप्ता आदि के नाम दर्ज की जाये। उपरोक्त प्रकरण के प्रत्युत्तर में सहायक शासकीय अधिवक्ता की बहस तथा पत्रावली में संलग्न अभिलेखों का अवलोकन किया गया। फ्सली वर्ष 1359 में उपरोक्त वर्णित भूमि तालाब के रूप में दर्ज रही है। रमा गुप्ता के पूर्ववर्ती, जूडीशियल अफ्सर के आदेश 27 जून 1952 से ही अभिलेखों में दर्ज हुये है, उक्त आदेश की प्रमाणिकता तथा दर्ज कागजात होने का क्या आधार रहा है, प्रकट करने में रमा उपरोक्त अक्षम रहे है। रमा गुप्ता आदि के मामले में तहसीलदार (फ्तेहपुर) की आख्या 03 अप्रैल 2013 के विरूद्ध साक्ष्य तथा प्रमाणिक तथ्य प्रस्तुत करने में असफल होने के कारण, तहसीलदार (फ्तेहपुर) की आख्या 03 अप्रैल 2013 स्वीकार की जाती है। ग्राम खंभापुर की गाटा संख्या-15 व 25 यथावत तालाब खाते में दर्ज रहेगी।

## दलित मासूम से दुष्कर्म के बाद हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**03.10 लाख का अर्थदंड भी लगाया**



फ्तेहपुर। जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में साल 2022 में पांच वर्षीय दलित बालिका के साथ हुए दुष्कर्म और निर्मम हत्या के मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। विशेष पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश महेन्द्र कुमार ने दोषी अधेड़ व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही तीन लाख दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। शासकीय अधिवक्ता देवेश श्रीवास्तव ने बताया कि घटना उस समय की है जब मासूम बच्ची गांव के ही प्राथमिक स्कूल जा रही थी, तभी गांव के ही आरोपी ज्ञानेन्द्र शुक्ला उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ बाग में ले जाकर दुष्कर्म किया और वारदात को अंजाम देने के बाद बेरहमी से उसकी हत्या कर दी।

देर शाम तक जब बच्ची घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। बच्ची के स्कूल से पता चला कि वो स्कूल पहुंची ही नहीं थी। खोजबीन के दौरान बच्ची का खेत में मिला। आरोपी ने शव को बोरे में भरकर खेत में फेंक दिया था। जब पुलिस ने शव बरामद किया तो मासूम के शरीर पर कई जगह गंभीर चोटों के निशान मिले। इस अमानवीय घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया था। पुलिस की जांच में आरोपी की पहचान होने के बाद उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। केस की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने मजबूत साक्ष्य और गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी सिद्ध किया। कोर्ट के इस फैसले के बाद पीड़ित परिवार को न्याय मिला है और क्षेत्रीय लोगों ने न्यायपालिका के इस निर्णय का स्वागत किया है।

## योगी की तथाकथित मित्र पुलिस पर ज़्यादती करने का आरोप

**- पुरईन गांव में घर में घुसकर सिपाहियों ने की तोड़-फोड़**

**- महिलाओं से की अभद्रता व गाली-गलौज**

**फ्तेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के पुरईन गांव में मंझिलगाँव चौकी पुलिस के कुछ सिपाहियों द्वारा एक घर में घुसकर तोड़-फोड़ करने और महिलाओं के साथ अभद्रता करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस समूचे घटनाक्रम में चौकी में दो साल से ज़्यादा समय से जमे विवादित सिपाही सोनू यादव की भूमिका को ख़ासतौर पर आरोपित किया गया है। उपलब्ध घटनाक्रम के अनुसार तीन दिन पूर्व उपरोक्त गांव में मामूली बात पर दो पक्षों में विवाद हो गया था। मामला मंझिलगाँव चौकी पहुंचा तो चौकी प्रभारी संजय परिहार ने सिपाही सोनू यादव को दो अन्य सिपाहियों के साथ मौक़े पर भेजा।

आरोप है कि सिपाहियों खासकर सोनू यादव ने गांव पहुंचकर पहले एक पक्ष से सेटिंग की और फिर दूसरे पक्ष के घर में घुसकर कीमती सामान इधर-उधर फेंक दिया और तोड़फोड़ की। आरोप है कि इस दौरान घर की महिलाओं के साथ भी अभद्रता और गाली गलौज की गई जबकि मौक़े पर कोई महिला सिपाही मौजूद नहीं थी।जिस तरह से सिपाहियों ने इस घटना को अंजाम दिया उससे योगी की पुलिस की मित्र पुलिस का बर्ताव तो कहीं से नहीं कहा जा सकता है। बगैर मामला दर्ज किए मंझिलगाँव चौकी के सिपाहियों द्वारा घर में घुसकर अभद्रता और तोड़ फोड़ किए जाने के आरोप लग रहे हैं, उससे संबंधित चौकी प्रभारी, खागा कोतवाल और ज़िला पुलिस की ओर भी उँगली उठ रही है। पीड़ित पक्ष ने शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है और दोषी पुलिसकर्मियों के ख़िलाफ़ त्वरित कार्यवाही की मांग की है।

## संदिग्ध अवस्था में युवती ने खाया जहर, मौत

फ्तेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोहद्दीनपुर में गुरूवार की सुबह 26 वर्षीय युवती ने जरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जिसकी रास्ते में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मोहद्दीनपुर गांव निवासी विनोद रैदास की पत्नी श्रीदेवी ने गुरूवार की सुबह लगभग 10 बजे जहर खा लिया कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एम्बलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गयी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पति विनोद रैदास ने बताया कि वह मुम्बई शटरिंग का काम करता था। आज सुबह जानकारी मिलने पर आया है। उसके अनुसार पत्नी विनोद का भतीजा मोनू पुत्र फूलचन्द्र से फोन पर बाते करती थी। कई बार समझाया लेकिन वह न मानी। पति ने यह भी आरोप लगाया है कि मोनू ने ही गांव के ही एक युवती के द्वारा जहर भेजा था। जिसे खाने के बाद उसकी पत्नी की मौत हो गयी है। उधर पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही करेगी।

## धर्मांतरण की आरोपी मुस्लिम महिला की जमानत मंजूर

फ्तेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर के रहने वाले कुलदीप कुमार ने 26 मई 2025 को 04 लोगों के खिलाफ उसका खतना कराकर व उसके हाथ में बने हुए ओम के टैटू को रिमूव कराकर जबरन धर्मांतरण कराए जाने के सम्बन्ध में मुकदमा अपराध संख्य 205/2025 अंतर्गत धारा 351 (2) बीएनएस व धारा 3,5 (1) उतर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधि. के तहत थाना कोतवाली में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त मुकदमे में पुलिस ने अभियुक्ता फरीदा को गिरफ्तार कर 28 मई 2025 को जेल भेज दिया था, जिस पर फरीदा की ओर से अधिवक्ता जावेद खान व शोएब खान ने जमानत प्रार्थना पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया और अभियुक्ता फरीदा के बचाव में तर्क प्रस्तुत किया तथा उक्त प्रथम सूचना रिपोर्ट को फर्जी तथ्यों पर आधारित बताते हुए कहा कि अधिनियम के उपबंधों के अनुसार फरीदा के विरुद्ध मतांतरण का कोई भी मामला नहीं बनता है। क्यूंकि वादी मुकदमा को कथित रूप से हिंदू से मुसलमान बनाने के लिए जो बाते अभियोजन द्वारा कही गई हैं उनसे मुस्लिम विधि के अनुसार कोई मुसलमान नहीं बन सकता, मुसलमान बनने के लिए इस्लाम के आवश्यक आचरणों में से कोई भी आचरण वादी मुकदमा में न तो किया है, और न ही ऐसा कोई आचरण करने के लिए वादी मुकदमा से कहा गया है। अभियुक्ता के अधिवक्ताओ के तर्को को सुनने बाद न्यायालय ए.एस.जे./एफटी.सी. सेकेंड, अजय सिंह सेकेण्ड द्वारा दिनांक 11 मई 2025 को अभियुक्ता की जमानत मंजूर कर दी गई।

## संदिग्ध अवस्था में महिला ने लगायी फांसी

**फ्तेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के बिन्दौर गांव निवासी रामप्रकाश ने अपनी पुत्री सुधा देवी की शादी चार वर्ष पूर्व राम प्रताप का पुत्र अनिल निषाद के साथ की थी। गुरूवार की देर रात संदिग्ध अवस्था में महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पिता रामप्रकाश ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज में मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसकी पुत्री को प्रताडित करते थे। वहीं दामाद शराब पीने का आदी था। मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने उसकी पुत्री की हत्या कर शव फांसी पर लटका दिया। मृतका के पिता ने बताया कि ससुर व पति पुलिस हिरासत में है जबकि पिता की तहरीर में नन्द मामता, अर्चना, सास सन्तो, देवरानी सुनैना व उसका पति सुनील के खिलाफ तरहीर दी है।

## प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता : डा. अविनाश




**विकास भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन**

**फ्तेहपुर।** विकास भवन सभागार में एक दिवसीय प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। नमामि गंगे व गंगा स्वच्छता के आयोजित कार्यक्रम में जिला कृषि उप निदेशक सतेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी डा. अविनाश त्रिपाठी ने किसानो को प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक किया। उन्होने कहा कि आज की जरूरत है कि हम सब प्राकृतिक खेती करें। स्वस्थ्य रहने के लिए स्वस्थ्य भोजन की आवश्यकता है। अन्नदाता अर्थात किसान ही वह माध्यम है जिससे सबके उदर का भरण पोषण होता है। आज किसान खुद जटिल बीमारियों से ग्रसित हो रहा है। हमें समझना होगा कि अब फर्टिलाइजर और जहरीले रसायनों को खेती में न डालें जिससे हम सब स्वस्थ्य रह सके।

बांदा कृषि विश्वविद्यालय से आये कृषि वैज्ञानिक डा. चंचल सिंह ने कहा कि खेती के लिए जरूरत है कि मिट्टी स्वस्थ्य रहे। हम सब क्या करते हैं कि केवल उत्पादन पर ध्यान दे रहे हैं और इस तरह हमारी मिट्टी बीमार हो रही है। कृषि वैज्ञानिक डा. श्याम सिंह, वैज्ञानिक डा. जगदीश किशोर ने कहा कि कार्बनिक खादों का उपयोग और रासायनिक खादो को न कहकर ही जब आगे बढेगे तभी कुछ कर पायेंगे। प्राकृतिक खेती के लिए प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करें जिससे लागत कम आये और उत्पादन गुणवत्ता वाला एवं जहरमुक्त हो। पर्यावरणविद डा. नीरज पांडेय ने कहा कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ करोगे तो अंजाम बुरे होंगे। संचालन आलोक गौड़ ने किया।

मुख्य रूप से जिला प्रभागीय वन अधिकारी रामानुज त्रिपाठी, एसडीओ कृषि बिंदकी अन्वेषा देव, गंगा स्वच्छता एवं नमामि गंगे के प्रभारी ज्ञान तिवारी, नमामि गंगे के संयोजक शैलेन्द्र शरन सिम्पल, प्रगतिशील किसान वीरेंद्र कुमार यादव, तेज प्रताप सिंह, रवि कुमार पुंडिर, निहाल कुरैशी, अजय चौरसिया, जितेंद्र सिंह, प्रेमदान पाल आदि रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मांगे 5-जी मोबाइल



फ्तेहपुर। ई-केवाईसी व फेस अथेंटिकेशन कराए जाने में आ रही दिक्कतों को देखते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने 5-जी मोबाइल की मांग करते हुए कहा है कि जब तक मोबाइल न दिया जाए तब तक पुरानी पद्धति से ही राशन वितरण कराया जाए। महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरूणा मिश्रा की अगुवई में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां कलेक्ट्रेट पहुंची और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सरकार द्वारा जो भी पिछले मोबाइल फोन उपलब्ध कराए गए थे वह या तो खराब हो गए हैं या फिर मोबाइल 2-जी होने के कारण केवाईसी व चेहरा प्रमाणीकरण नहीं हो पा रहा हे। यह असुविधा होने के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्यकत्रियों पर ई-केवाईसी व चेहरा प्रमाणीकरण कराने का दबाव बनाया जा रहा है।

इसी प्रकार पोषाहार वितरण में लाभार्थियों का आधार प्रमाणिकता, मोबाइल नंबर अपडेट न होने से सभी का पंजीकरण भी संभव नहीं हो पा रहा है। बताया कि खराब पड़े मोबाइल व सभी केन्द्रों पर मोबाइल की उपलब्धता की कमी के बारे में पूर्व में भी अवगत कराया जा चुका है लेकिन नए 5-जी मोबाइल उपलब्ध कराकर व बिना किसी प्रशिक्षण के जबरन आनलाइन कार्य कराने का दबाव बनाया जा रहा है। मांग किया कि सभी कार्यकत्रियों को 5-जी मोबाइल देकर प्रशिक्षण कराकर ई-केवाईसी व चेहरा प्रमाणीकरण कार्य कराया जाए। जब तक मोबाइल नहीं दिया जाता तब तक पुरानी पद्धति से ही सामग्री का वितरण कराया जाए। इस मौके पर रीता सोनी, ममता मिश्रा, उमा देवी, सुनीता, किरन, नीलमलता, रामा देवी, मंजू देवी, निदा फातिमा, अमिता गौर भी मौजूद रहीं।

## खबर एक नज़र

### तबियत बिगड़ने पर युवती की मौत, कराया पीएम

फ्तेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम चकभुनगापुर में अचानक तबियत खराब होने पर 18 वर्षीय युवती को सीएचसी ले गये जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। शक होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। जानकारी के अनुसार चकभुनगापुर गांव निवासी शिवचन्द्र की पुत्री रूचीपाल की अचानक गुरूवार की दोपहर तबियत खराब हो गयी। जिस पर घर वाले उसे तत्काल उपचार के लिए सीएचसी ले गये जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं चिकित्सक ने शक होने पर पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने शव विच्छेदन गृह भेज दिया।

### हजरत शीशा शाह र0अ0 का मनाया उर्स

बिंदकी (फ्तेहपुर)। हजरत शीशा शाह रह0अ0 के उर्स के मौके पर बाबा का लंगर आयोजित किया। दरगाह शीशा शाह के खादिम हाफ्जि मोइन अहमद, दरगाह के मुजावर जियाउर्रहमान कुरैशी, पत्रकार दिलीप अग्निहोत्री, पत्रकार सात्विक शुक्ला, बाबू मंसूरी, हर्षित तिवारी, सभासद पप्पू शाह सहित हजारों की संख्या में लोगों ने बाबा के लंगर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण कर मन्नतें मांगी। कार्यक्रम में लोगों ने हजरत शीशा शाह रहमत उल्लाह के मजार पर लोगों ने चादर चढ़ाई और मुल्क और समाज की रक्षा-सुरक्षा के लिए दुआ किया। सभासद पप्पू शाह ने कहा कि बाबा के दरबार का एक विशेष महत्व है। यहां पर वर्ष भर लोग आते हैं और मन्नत मांगते हैं लेकिन उर्स मुबारक के मौके पर हजारों की संख्या में लोग बाबा के लंगर में आते हैं और प्रसाद भी ग्रहण करते हैं। कार्यक्रम में मुशायरा का भी आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से आए लोग अपने और अपने परिवार तथा समाज की भलाई के लिए मन्नत मांगी। कार्यक्रम का उद्देश्य हजारों लोगों को खाना खिलाना रहता है। उर्स के मौके पर आसपास के क्षेत्र के हजारे लोग यहां आकर खाना खाते हैं, इसीलिए इसे बाबा का लंगर कहते हैं।

### पाक्सो एक्ट के वांछित को पुलिस ने दबोचा

हथगाम (फ्तेहपुर)। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर सुल्तानपुर घोष थाना पुलिस ने पाक्सो एक्ट मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के किशोई गांव के रहने वाले रामकिशोर का 19 वर्षीय लड़का नीरज पक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहा था। जिसको पुलिस की तलाश थी। शुक्रवार को मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहा अभियुक्त थाना क्षेत्र के इजूरा बुजुर्ग मोड़ के पास खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही सुल्तानपुर घोष थाना प्रभारी निरीक्षक तेज़ बहादुर सिंह अपने हमराहियों के साथ घटनास्थल की घेराबंदी कर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## हादसे की चुनौती

अहमदाबाद हवाई अड्डे से लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ मिनटों बाद ही बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पता लगता है कि विमानन सेवाओं में सतर्कता बरते जाने की अभी भी कितनी जरूरत है। यहां एक-दूसरे से टकराने वाले दो तथ्य हैं। पहला यह कि हवाई यात्रा बहुत सुरक्षित मानी जाती है क्योंकि इसका प्रत्येक पहलू बहुत सावधानी और निरीक्षण के दायरे में होता है जिसका पर्यवेक्षण भी बहुत अनुभवी और कुशल लोग करते हैं। लेकिन दूसरा पक्ष यह भी है कि उड़ने के साथ ही विमान का हादसे का शिकार होने की यह पहली घटना नहीं है। भारत के अलावा अन्य कई देशों के काफी उन्नत तकनीकी दक्षता से युक्त विमानों के साथ भी इस ढंग की दुर्घटनाएं घट चुकी हैं। पर इसका यह मतलब नहीं हो सकता कि ऐसी दुर्घटनाओं की आशंका के प्रति आंखें मूंदकर मान लिया जाए कि सबकुछ सही चल रहा है। अहमदाबाद हादसा इसलिए भी गंभीर है कि इसमें विमान में सवार यात्रियों की तो मौत हुई ही, हादसे के दौरान जिस पांच मंजिला भवन पर यह गिरा, वहां मौजूद लोगों की भी जान गई। यह पहली बार था कि बोइंग 787 ड्रीमलाइनर क्रैश हुआ। इसलिए बोइंग कंपनी के लिए यह जानने की जरूतर पर जोर देता है कि कहीं इसमें निर्माण संबंधी गड़बड़ी तो नहीं रह गई थी। वैसे यह तो पता लगाना ही होगा कि जब विमान को फिट मानने के बाद ही उड़ान की अनुमति दी जाती है तो इस ड्रीमलाइनर के साथ क्या समस्या आ गई। यह भी कहा जा रहा है कि विमान के दोनों इंजनों ने काम करना बंद कर दिया था। एक भी इंजन काम करता तो विमान को उतारने का मौका मिल जाता। यह भी सवाल है कि इसमें अचानक कोई खराबी आ गई या पायलट से कहीं गड़बड़ हो गई। हालांकि यह तो पता लगा ही है कि पायलट ने भारी खतरे के संकेत दे दिए थे लेकिन उसे कोई और जानकारी देने का मौका नहीं मिला तथा दुर्घटना घट गई। इन सब आंशकाओं के बीच हादसे के असली कारणों का पता तो विमान का ब्लैक बॉक्स मिलने के बाद ही चलेगा। कोई भी समझदार व्यक्ति और विभाग यही चाहेगा कि हादसे के कारणों का जल्दी से जल्दी पता लग जाए जिससे उनको लेकर भी सतर्कता बरतते हुए आगे की उड़ानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। 263 लोगों को मौत के मुंह में भेज देने वाला ये हादसा विमानन के इतिहास में कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

## नियम का मखौल

किसी समस्या के समाधान के लिए कोई रास्ता निकाला गया हो तो उसे अपनाया भी जाना चाहिए। उसे लेकर केवल शोर मचाते रहने से ही कोई फायदा नहीं होता। लखनऊ में लगातार गिरते भूजल स्तर को बचाने की जरूरत बहुत पहले सामने आ गई थी। करीब पचीस साल पहले इसे बचाने के लिए शासन ने भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग यानी वर्षा जल संचयन का नियम बनाया था जिसमें तीन सौ या उससे अधिक वर्गमीटर के सरकारी एवं निजी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का इंतजाम करना जरूरी था लेकिन इसका पालन करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए गए। इस व्यवस्था के पीछे सोच यह थी कि जब धरती के भीतर का जल स्तर लगातार कम होने के कारण पानी का संकट बढ़ रहा है तो उसकी पूर्ति बारिश के पानी से कर ली जाए जो कुदरत हमें इफरात में देती है और जिसका किसी भी तरह सही इस्तेमाल नहीं हो पाने के कारण वह बेकार चला जाता है। लेकिन हकीकत यह है कि सन 2001 में बनाई गई वर्षा जल संचयन की को सरकारी भवनों में ही अमल में नहीं लाया जा रहा है। व्यवस्था की उपयोगिता को प्राथमिकता न देकर इसे केवल औपचारिकता ही मान लिया गया है। नतीजा यह है कि भवन का नक्शा पास कराते समय तो वर्षा जल संचयन संबंधी व्यवस्था को दिखा दिया जाता है लेकन यह जांचने की जरूरत कभी नहीं समझी गई कि नियम का कितना पालन हो रहा है। अगर कहीं सिस्टम लगा भी दिया गया तो लंबे समय तक उचित रखरखाव न होने के कारण उसका कोई सही उपयोग नहीं रह गया है। दो वर्षों पूर्व इसी को लेकर हुए सर्वे में ये पाया गया था कि ज्यादातर सरकारी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम काम नहीं कर रहा है, उनके पाइप टूटे या चोक हैं और छतों पर गंदगी भरी पड़ी है। ऐसे में सिस्टम पर खर्च किया गया पैसा भी बारिश के पानी के साथ नाली में चला जाता है। जबकि हर साल बढ़ रही गर्मी चेतावनी दे रही है कि आने वाले समय में पानी का गंभीर संकट लोगों को झेलना पड़ेगा।

## काँव-काँव

◆◆◆

**एयर इंडिया विमान दुर्घटना में सैकड़ों की मृत्यु**
निजीकरण का फायदा, सरकार जवाबदेह नहीं!
**मेधावी छात्रों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित**
ऐसे हालात में पढ़ाई लिखाई करना बड़ी बात!
**अहमदाबाद जैसे हादसे रोके नहीं जा सकते-शाह**
ऐसा जिम्मेदार गृहमंत्री देश ने पहले नहीं देखा!
**बिजली कटौती से लखनऊ के व्यापारी नाराज**
गुजरात माडल, ट्रिपल इंजन की सरकार देखें!
**अभियंता कर रहे हैं अवैध निर्माणों की अनदेखी**
हादसों के अलावा भ्रष्टाचार का भी अमृतकाल!
**लिवर बचाना हो तो शराब से तौबा करने की सलाह**
तो रामराज्य के लिये राजस्व कहां से आयेगा?

◆◆◆

# आज भी कम नहीं हैं विमानन क्षेत्र की चुनौतियां!

12 जून गुरुवार के दिन एयर इंडिया का विमान बोइंग ड्रीमलाइनर-787, जो कि गुजरात के अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भर रहा था, टेकऑफ के कुछ ही मिनटों बाद भयंकर आग का गोला बनकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इसमें 265 लोग असमय काल के ग्रास बन गए, यह बहुत ही दुखद और




-सुनील कुमार महला

हृदयविदारक घटना है। जानकारी के अनुसार विमान में 169 भारतीयों समेत कुल 242 लोग सवार थे। इसमें 53 ब्रिटिश, 1 कनाडाई और 7 पुर्तगाली यात्री भी थे, जिनमें केवल एक यात्री जिंदा बचा बताया जा रहा है। खबर है कि 625 फीट की ऊंचाई पर विमान ने सिग्नल खो दिए थे और तेजी से नीचे आने लगा था। वास्तव में,इस विमान दुर्घटना के हृदयविदारक दृश्यों ने देश-विदेश में हर किसी को स्तब्ध करके रख दिया। जानकारी के अनुसार बी.जे. मेडिकल कॉलेज के हास्टल की इमारत में भोजन(लंच) कर रहे डॉक्टर तक इस विमान दुर्घटना की चपेट में आ गए। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी मौत हो गई। यहां पाठकों को बताता चलूं कि गुजरात में यह दूसरा भीषण विमान हादसा है। इससे पहले 19 अक्तूबर 1988 को इंडियन एयरलाइंस का मुंबई से आ रहा विमान अहमदाबाद एयरपोर्ट पर लैंडिंग से पूर्व दुर्घटना का शिकार हुआ था और इसमें 130 लोगों की जान चली गई थी। हाल फिलहाल, बोइंग ड्रीमलाइनर-787 विमान हादसे के वास्तविक कारण क्या रहे, इसका पता लगाया जा रहा है, लेकिन कुछ मीडिया हाउस से प्रारंभिक रिपोर्ट्स यह आई हैं कि 'बर्ड स्ट्राइक' के कारण संभवतया यह हादसा हुआ होगा। कुछ का यह भी कहना है कि टेकऑफ के दौरान तकनीकी या ऑपरेशन से जुड़ी गलती (कॉन्फिगरेशन एरर) ने इस हादसे को जन्म दिया।सच तो यह है कि हादसे को लेकर जितने मुंह हैं उतनी ही बातें और सवाल भी हैं। बहरहाल, जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त विमान के दो ब्लैक बॉक्स में से पिछले हिस्से में स्थित एक ब्लैक बॉक्स को ढूंढ लिया गया है और उसे सुरक्षित रखा गया है। बाद में डीजीसीए के अधिकारी इसकी रिकॉर्डिंग का विस्तार से विश्लेषण करेंगे और निष्कर्ष पर पहुंचेंगे। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि विमान के उड़ान भरते ही पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को आपातकालीन संदेश भेजा था, लेकिन इसके बाद विमान का संपर्क टूट गया। विमान मेघाणीनगर (एक रिहायशी इलाके में) में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसके परिणामस्वरूप आग की लपटों और घने काले धुएं ने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। विमान जिस पांच मंजिला इमारत पर गिरा, वहां ट्रेनी डॉक्टर निवास करते थे, जिससे हताहतों की संख्या और बढ़ी है। बहरहाल, दुर्घटना की मुख्य वजह तो अब तक सामने नहीं आई है, लेकिन लंबी दूरी की उड़ानों में विमान विशेष में ज्यादा ईंधन भरना पड़ता है। अतः यह कहा जा सकता है कि विमान में ज्यादा ईंधन से भी कहीं न कहीं आग अधिक भड़की होगी और किसी को खुद का बचाव करने का मौका तक नहीं मिल पाया। सच तो यह है कि यह एक ऐसी भयानक त्रासदी है, जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकेगा। यहां यह भी कहना ग़लत नहीं होगा कि आने वाले दिनों में हादसे के संबंध में विस्तृत तथ्य व जानकारी सामने आएंगे, तभी हादसे के वास्तविक कारणों व सच के बारे में पता चल सकेगा। बहरहाल, यह भी कहना ग़लत नहीं होगा कि विमानन सुरक्षा ऐसा मोर्चा है, जहां छोटी सी भी कमी छोड़ने की गुंजाइश नहीं रहती है, क्यों कि एक मामूली सी ग़लती भी बहुत बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। यह कोई पहली बार नहीं है, जब कोई विमान उड़ते ही हादसे का शिकार हुआ है। इससे पहले भी अनेक विमान दुर्घटनाएं हो चुकीं हैं। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज विमानन क्षेत्र में अनेक प्रकार की चुनौतियां विद्यमान हैं। मसलन,कड़ी प्रतिस्पर्द्धा, कम किराया, महँगा रखरखाव और महँगे ईंधन की वज़ह से विमानन कंपनियों की हालत खस्ता है।नई तकनीक अपनाने के लिये विमानन कंपनियों को भारी राशि निवेश करनी पड़ती है। विमानन कंपनियों के कुप्रबंधन या अक्षम प्रबंधन के कारण भी विमानन कंपनियाँ घाटे में चल रही हैं। इतना ही नहीं, हर स्तर पर प्रभावी संवाद की कमी, कंपनी प्रबंधन का अदूरदर्शितापूर्ण दृष्टिकोण, कुशल नेतृत्व का अभाव, कमज़ोर प्रबंधन, अपर्याप्त जोखिम प्रबंधन, प्रबंधकों में अनुभव व प्रशिक्षण की कमी, गलत भागीदार, पूंजी की कमी, लचर वित्तीय प्रबंधन, कर्मचारियों की उपेक्षा, यात्रियों की आवश्यकताओं की अनदेखी इत्यादि से भी विमानन कंपनियों को अक्सर सफलता नहीं मिल पाती है। बहरहाल, कोई दोराय नहीं कि विमान यात्रा को सबसे सुरक्षित माना जाता है और यह धारणा किसी एक हादसे की वजह से नहीं बदल सकती है। बोइंग विमानों की सुरक्षा(हाइड्रोलिक लीक व तकनीकी समस्या के कारण) पहले भी सवालों के घेरे में रही है।अब एक बार पुनः इन विमानों की विश्वसनीयता पर सवाल उठे हैं।सवाल यहां तक उठने लगे हैं कि क्या ये आसमां में उड़ते हुए ताबूत हैं? एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक के अनुसार वर्ष 2011 में लॉन्च होने के 14 महीनों के भीतर एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर बेड़े में 136 छोटी-मोटी खराबियां दर्ज की गईं, जिससे हर दिन 60 लाख रुपये का नुकसान हुआ। पाठकों को बताता चलूं कि 2015 से 2024 के बीच एयर इंडिया के बोइंग- 787 विमानों में 32 घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें इंजन बंद होना, फ्लाइट कंट्रोल में गड़बड़ी, गियर न खुलना, केबिन में धुआं, संचार टूटना, विंडशील्ड टूटना, केबिन प्रेशर की समस्या, भारी उथल-पुथल, ऊंचाई में कमी, स्लैट खराबी, टायर फटना और हाइड्रॉलिक रिसाव आदि शामिल हैं।एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार हादसे का शिकार हुआ विमान 12 साल पुराना था और इस वक्त दुनिया में बोइंग-787 मॉडल के कुल 1148 विमान सेवा में हैं तथा ये विमान औसतन करीब 7.5 साल पुराने हैं। हालांकि,मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह पहली बार है जब सुरक्षा के लिए पहचाने जाने वाले बोइंग 787 के क्रैश होने की खबर सामने आई है। बहरहाल, यह दुर्घटना मानवीय त्रासदी तो है ही, कहीं न कहीं यह विमानन सुरक्षा और उसकी जवाबदेही पर गंभीर सवाल भी उठाती है। हाल फिलहाल, यह उम्मीद की जा सकती है कि डीजीसीए, बोइंग और एयरइंडिया हादसे के कारणों पर गहराई से गौर करेंगे और इस संबंध में (विमानन सुरक्षा में सुधार के संबंध में) उचित एक्शन भी लेंगे। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि आज जरूरत इस बात की है कि देश के तमाम अंतरराष्ट्रीय और घरेलू हवाई अड्डों पर आपातकालीन प्रबंधन योजनाओं की समीक्षा और उनका अभ्यास अनिवार्य किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त हवाई अड्डों पर उपलब्ध अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस, सुरक्षा कर्मचारियों की संख्या और उनके प्रशिक्षण पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।अंत में यही कहूंगा कि इस हादसे के कारणों की पारदर्शिता और ईमानदारी से गहन जांच होनी



चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति होने से रोकी जा सके। इस विमान दुर्घटना में विदेशी लोग भी मारे गए हैं, हमारे में उनके प्रति भी गहरी संवेदना का भाव होना चाहिए। उनके परिजनों के साथ हमें पूरा सहयोग करना चाहिए। मुआवजा जहां जरूरी हो, वहां वितरित होना चाहिए। राहत और बचाव के लिए एअर इंडिया, राज्य और केंद्र सरकार को मिलकर सामूहिकता से काम करना होगा। वास्तव में यह समय हम सभी के लिए संयम, सहायता, संवेदना और प्रार्थना का है। निश्चित ही, आज के समय में सुरक्षित विमान यात्रा एक बड़ी चुनौती है। इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। हाल फिलहाल, देखना यह भी होगा कि एयरलाइन ऐसी घटनाएं दोबारा न होने देने के अपने वादे पर कितना खरा उतरता है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### राजा हरदौल

राजा जुझारसिंह शीश महल में लेटे। चतुर नाइन ने रानी का श्रृंगार किया और मुस्करा कर बोली-कल महाराज से इसका इनाम लूंगी। यह कह वह चली गयी, परन्तु कुलीना वहां से न उठी। वह गहरे सोच में पड़ी हुई थी। उनके सामने कौन-सा मुंह लेकर जाऊं? नाइन ने नाहक मेरा श्रृंगार कर दिया। मेरा शृंगार देखकर वे खुश भी होंगे? मुझसे इस समय अपराध हुआ है, मैं अपराधिनी हूं, मेरा उनके पास इस समय बनाव-श्रृंगार करके जाना उचित नहीं। नहीं, नहीं; आज मुझे उनके पास भिखारिनी के भेष में जाना चाहिए। मैं उनसे क्षमा मांगूंगी। इस समय मेरे लिए यही उचित है। यह सोच कर रानी बड़े शीशे के सामने खड़ी हो गयी। वह अप्सरा-सी मालूम होती थी। सुंदरता की कितनी ही तसवीरें उसने देखी थी, पर उसे हर समय शीशे की तसवीर सबसे ज्यादा खूबसूरत मालूम होती थी।

सुंदरता और आत्मरुचि का साथ है। हल्दी बिना रंग के नहीं रह सकती। थोड़ी देर के लिए कुलीना सुंदरता के मद से फूल उठी। वह तन कर खड़ी हो गयी। लोग कहते हैं कि सुंदरता में जादू है और वह जादू, जिसका कोई उतार नहीं। धर्म और कर्म, तन और मन सब सुंदरता पर न्योछावर है। मैं सुंदर न सही, ऐसी कुरूपा भी नहीं हूं। क्या मेरी सुंदरता में इतनी भी शक्ति नहीं है कि महाराव से मेरा अपराध क्षमा करा सके? ये बाहु-लताएं जिस समय उनके गले का हार होंगी, ये आंखें जिस समय प्रेम के मद से लाल होकर देखेंगी, तब क्या मेरे सौन्दर्य की शीतलता उनकी क्रोधाग्नि को ठंडा न कर देगी? पर थोड़ी देर में रानी को ज्ञात हुआ। आह! यह मैं क्या स्वप्न देख रही हूं। मेरे मन में ऐसी बातें क्यों आती हैं। मैं अच्छी हूं या बुरी हूं उनकी चेरी हूं। मुझसे अपराध हुआ है, मुझे उनसे क्षमा मांगनी चाहिए। यह श्रृंगार और बनाव इस समय उपयुक्त नहीं है। यह सोच का रानी ने सब गहने उतार दिये। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**एकेन शुष्कवृक्षेण दह्यमानेन वह्निना।**
**दह्यते तद्वनं सर्वं कुपुत्रेण कुलं तथा।।**

जिस प्रकार अग्नि से जलता हुआ एक ही वृक्ष सारे वन को जला डालता है, उसी प्रकार एक ही कुपुत्र से सारा कुल कलंकित हो जाता है।

◆◆◆

# महान सौदेबाज़ ट्रंप की कूटनीति या प्रचारवादी आत्ममुग्धता?

जब कोई नेता अपनी समझ और संवेदनशीलता की सीमाओं को लांघकर जटिल वैश्विक मुद्दों में हस्तक्षेप करता है, तो वह केवल भ्रम और अस्थिरता का जाल बुनता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का हालिया दावा कि वे भारत और



- डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'

पाकिस्तान को एक मंच पर लाकर कश्मीर विवाद का समाधान कर सकते हैं, न केवल तथ्यहीन और अव्यवहारिक है, बल्कि भारत की संप्रभुता, कूटनीतिक दृढ़ता और ऐतिहासिक संवेदनशीलता का घोर अपमान है। यह बयान ट्रंप की उस स्वघोषित 'महान सौदेबाज' छवि को उजागर करता है, जिसमें वे वैश्विक मंच को अपनी निजी महत्वाकांक्षाओं और प्रचार के अखाड़े के रूप में इस्तेमाल करते हैं। कश्मीर कोई मनोरंजन कार्यक्रम, चुनावी नारा या अंतरराष्ट्रीय सौदेबाजी का मंच नहीं है। यह एक जटिल, ऐतिहासिक और गहरे जड़ों वाला मसला है, जिसका समाधान केवल भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संवाद से संभव है। भारत ने बार-बार स्पष्ट किया है कि कश्मीर उसका आंतरिक मामला है, और किसी भी तीसरे पक्ष की दखलंदाजी अस्वीकार्य है। फिर भी, ट्रंप का यह दावा कि वे दोनों देशों को 'एक साथ लाएंगे', उनकी कूटनीतिक अपरिपक्वता और भारत की नीति के प्रति उनकी अवहेलना को उजागर करता है।कश्मीर भारत की संप्रभुता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। यह कोई ऐसा विषय नहीं है, जिसे किसी विदेशी नेता की तथाकथित 'मध्यस्थता' से हल किया जा सके। भारत की विदेश नीति और कूटनीति दशकों से इस रुख पर अडिग रही है कि कश्मीर पर कोई भी चर्चा केवल भारत और पाकिस्तान के बीच होगी, बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के। ट्रंप का यह बयान न केवल भारत की इस स्पष्ट नीति की अनदेखी करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि वे दक्षिण एशिया की जटिल भू-राजनीति को समझने में पूरी तरह विफल रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी एक ऐसे नेता की हताश कोशिश है, जो वैश्विक मंच पर चर्चा में बने रहने और अपनी छवि को चमकाने के लिए किसी भी संवेदनशील मुद्दे का इस्तेमाल करने से नहीं चूकता। भारत ने ट्रंप के मध्यस्थता प्रस्ताव को ठुकराते हुए साफ कर दिया है कि कश्मीर एक द्विपक्षीय मुद्दा है, और इसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। इस घटनाक्रम की पृष्ठभूमि को और पेचीदा बनाता है पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर का प्रस्तावित अमेरिका दौरा। 14 जून, 2025 को वाशिंगटन में आयोजित अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के समारोह में मुनीर के शामिल होने की संभावना की खबरें कई सवाल खड़े करती हैं। यह तारीख संयोगवश ट्रंप के 79वें जन्मदिन के साथ मेल खाती है। जिस समय ट्रंप भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर पर 'शांति' की बात कर रहे हैं, उसी समय भारत के कट्टर विरोधी देश का सैन्य प्रमुख अमेरिका के राष्ट्रीय समारोह में शिरकत करने की तैयारी कर रहा है। यह महज एक संयोग नहीं, बल्कि अमेरिका की दोहरी विदेश नीति का स्पष्ट संकेत है। जनरल असीम मुनीर की अगवाइ में पाकिस्तानी सेना भारत के खिलाफ सीमा पर आतंकवाद को बढ़ावा देती है, युद्धविराम का उल्लंघन करती है, और कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उछालने की साजिश रचती है। हाल ही में 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले, जिसमें 26 लोग मारे गए, को भारत ने मुनीर की भड़काऊ बयानबाजी से जोड़ा है। ऐसे व्यक्ति को अमेरिका द्वारा निमंत्रण देना भारत के लिए एक गंभीर चेतावनी है। यह दर्शाता है कि मित्रता का दावा करने वाला अमेरिका अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं के लिए पाकिस्तान को फिर से गले लगा रहा है। भारत को यह समझना होगा कि जो देश हमारे कंधे से कंधा मिलाकर चलने का दावा करता है, वह हमेशा हमारे हितों का सच्चा साथी नहीं हो सकता।अमेरिका की यह दोहरी नीति कोई नई बात नहीं है। शीत युद्ध के दौर से लेकर आज तक, अमेरिका ने अपने भू-राजनैतिक हितों के लिए



भारत और पाकिस्तान के बीच संतुलन साधने की कोशिश की है। चाहे वह पाकिस्तान को सैन्य सहायता देना हो या फिर आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में उसका साथ देना, अमेरिका ने बार-बार साबित किया है कि उसके लिए अपने हित सर्वोपरि हैं। जनरल मुनीर का प्रस्तावित दौरा और ट्रंप का कश्मीर पर बयान इस नीति की ताज़ा मिसाल है। यह भारत के लिए एक सबक है कि उसे अपनी विदेश नीति को किसी भी विदेशी शक्ति के इशारों पर नहीं, बल्कि स्वतंत्र और आत्मनिर्भरता के आधार पर संचालित करना चाहिए। खासकर तब, जब अमेरिका अपने सामरिक हितों के लिए पाकिस्तान के साथ निकटता बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, विशेष रूप से चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए। ट्रंप की कथनी और करनी का यह विरोधाभास उनकी राजनीति का पुराना ढर्रा है। कभी वे उत्तर कोरिया के साथ शांति की बात करते हैं, तो कभी परमाणु धमकी देते हैं। कभी चीन को शत्रु बताते हैं, तो कभी व्यापारिक समझौतों की मेज पर बैठ जाते हैं। उनकी यह कश्मीर 'शांति योजना' भी उसी प्रचारवादी ढोंग का हिस्सा है। लेकिन भारत को न उनकी मध्यस्थता की जरूरत है, न ही किसी विदेशी 'मसला सुलझाने' वाले की। भारत का लोकतंत्र, उसकी कूटनीति और उसकी साख इतनी मजबूत है कि वह अपने मसलों को स्वयं सुलझा सकता है– बिना किसी बाहरी दबाव या हस्तक्षेप के। यह समय है कि भारत अमेरिका की इस दोहरी नीति को स्पष्ट रूप से खारिज करे और दुनिया को बता दे कि हमारी विदेश नीति किसी समारोह, जन्मदिन या पत्रकार सम्मेलन से प्रभावित नहीं होती। जो राष्ट्र हमारे विरोधी के सैन्य नेतृत्व को निमंत्रण देता है, उसे भारत की संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता कर्मों से साबित करनी होगी, न कि खोखले वादों से। ट्रंप को यह समझ लेना चाहिए कि भारत कोई सौदा नहीं है, जिसे उनकी 'सौदेबाजी' कला से निपटाया जा सके। यह एक अडिग, आत्मनिर्भर और गौरवशाली राष्ट्र है, जिसकी नीति, गरिमा और आत्मबल किसी भी प्रचारवादी मंच से कहीं ऊपर है। भारत न झुकता है, न बिकता है– वह केवल सत्य, सम्मान और संप्रभुता के पथ पर चलता है, अजेय और अभेद्य। भारत को अपनी कूटनीति को और मजबूत करते हुए यह स्पष्ट करना होगा कि हमारी एकता, हमारी संप्रभुता और हमारा भविष्य किसी भी विदेशी दबाव या हस्तक्षेप से समझौता नहीं करेगा। यह समय है विश्व को यह दिखाने का कि भारत केवल अपने दम पर ही नहीं, बल्कि अपने सिद्धांतों और आत्मसम्मान के साथ विश्व मंच पर अग्रणी है।

## प्रेरक प्रसंग

### दिल की पुकार

नावेर नाम का एक अरब था। उसके पास एक बहुत बढ़िया घोड़ा था। एक दिन दाहर नामक एक आदमी उसके पास आया। उसने घोड़ा देखा तो उसका मन उसकी ओर आकर्षित हो गया। उसके पास बहुत-से ऊंट थे। उसने नावेर से कहा, तुम ये ऊंट ले लो और अपना घोड़ा मुझे दे दो।

लेकिन नावेर को भी वह घोड़ा बहुत प्यारा था। उसने उसे देने से इन्कार कर दिया।

दाहर ने बहुत आग्रह किया, लेकिन वह घोड़ा देने के लिए किसी प्रकार भी राजी नहीं हुआ।

तब दाहर ने एक चाल चली। नावेर जिस रास्ते से बाहर जाया करता था, उस रास्ते पर फटे-पुराने कपड़े पहनकर जा बैठा और अपना चेहरा छिपा लिया। कुछ समय बाद जब नावेर अपने घोड़े पर सवार होकर उधर से निकला, तो दाहर ने उसका रास्ता रोक लिया। कहा, मैं बहुत दीन हूं, गरीब हूं। मुझे अगले गांव तक पहुंचा दोगे?

नावेर बड़ा दयालु था। उसकी दशा देखकर उसका हृदय द्रवित हो उठा। वह घोड़े पर से उतर पड़ा और दाहर को उस पर बिठाकर स्वयं पैदल चलने लगा।

दाहर ने घोड़े को चाबुक मारकर भगा दिया और नावेर के पास आकर बोला, तुमने राजी से घोड़ा नहीं दिया। लो, मैंने तुम्हारा घोड़ा ले लिया!

नावेर ने उसे पहचानकर कहा, कोई बात नहीं है दोस्त, पर एक बात याद रखना। इस घटना की चर्चा किसी से मत करना।

क्यों ? दाहर ने गर्व से पूछा।

इसलिए कि, नावेर ने कहा, आगे कभी कोई दया नहीं करेगा और बेचारे गरीब लोग बेमौत मारे जायेंगे।

यह उसके दिल की पुकार थी। उसे सुनकर दाहर बड़ा लज्जित हुआ। उसने अपने किये पर क्षमा मांगी और घोड़ा लाकर उसे लौटा दिया।

## आपका पत्र मिला

### विमान हादसों से लेना होगा सबक

अहमदाबाद विमान दुर्घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। यह हादसा केवल एक तकनीकी खामी नहीं, बल्कि पूरे विमानन तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है। जब देश में हवाई यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और हवाई यात्रा आम नागरिकों के लिए भी सहज हो रही है, ऐसे में इस तरह की त्रासदियाँ लोगों के भरोसे को गहरा आघात पहुँचा सकती हैं। भारत इस समय दुनिया का चौथा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है। केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत देश के छोटे शहरों को भी हवाई सेवा से जोड़ा जा रहा है। बीते दशक में एयरपोर्ट की संख्या 74 से बढ़कर 159 हो चुकी है। हवाई यात्रा अब केवल अमीरों की सुविधा नहीं, बल्कि आम लोगों की जरूरत बन चुकी है। अप्रैल 2025 में डोमेस्टिक एयर ट्रैवल में 10.2त्न की वृद्धि और 17 नवंबर 2024 को एक ही दिन में 5 लाख यात्रियों का सफर इस बात का प्रमाण है कि भारत में हवाई यात्रा तेजी से लोकप्रिय हो रही है। ऐसे में किसी एक बड़ी दुर्घटना से आम लोगों का भरोसा टूटना देश के विमानन क्षेत्र की प्रगति पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर सकता है। वर्तमान में भारत में अधिकांश विमान सेवाओं का संचालन निजी कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। इन कंपनियों का प्राथमिक उद्देश्य लाभ अर्जन है, लेकिन क्या वे यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैं? अहमदाबाद की दुर्घटना ने यह साबित किया है कि हवाई यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में अभी भी कई खामियाँ हैं। एअर इंडिया के टाटा समूह के अधीन आने के बाद उम्मीद थी कि सेवाओं के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था में भी सुधार होगा। हालांकि, यह हादसा इस विश्वास को कमजोर करता है। विमान निर्माता कंपनी बोइंग की भूमिका भी जांच के दायरे में आनी चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# कैसे चुनें बच्चे के लिए बेस्ट समर कैंप?

## भेजने से पहले इन बातों का रखें ध्यान



बच्चों को भेज रहे हैं समर कैंप तो कुछ बातों को आपको रखना होगा ध्यान, ये गलतियां करने से बचें पेरेंट्स अगर आप अपने बच्चों को समर कैंप भेजने का सोच रहे हैं, तो यह एक बेहतरीन निर्णय हो सकता है। समर कैंप न केवल बच्चों को नए अनुभव और दोस्त बनाने का मौका देता है, बल्कि उनकी शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में भी मदद करता है। हालांकि, समर कैंप चुनते समय कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना जरूरी है, ताकि आपका बच्चा सुरक्षित और खुशहाल रहे। असल में एक अच्छा समर कैंप वह होता है, जो बच्चों की गतिविधियों और उनकी स्थिति की नियमित जानकारी माता-पिता को देता है। इससे अभिभावक मानसिक रूप से संतुष्ट रहते हैं और अपने बच्चे की सुरक्षा व विकास को लेकर आश्वस्त रहते हैं, साथ ही बच्चे से भावनात्मक रूप से जुड़े भी रहते हैं। इसलिए आज हम आपको यहां समर कैंप चुनते समय आपको ध्यान में रखने वाली महत्वपूर्ण बातें बता रहे हैं।

**स्थान और सुविधाएं-** अगर कैंप आपके घर से बहुत दूर है तो बच्चे और आपको आने-जाने में परेशानी हो सकती है। इसलिए कोशिश करें कि कैंप घर के आस-पास हो। वहीं बच्चों की सुरक्षा सबसे अहम है, इसलिए ऐसा कैंप चुनें, जहां उनकी देखभाल के लिए प्रशिक्षित स्टाफ हो, कैंप की जगह सुरक्षित हो और वहां प्राथमिक चिकित्सा की सभी सुविधाएं हों।

**अवधि और समय-** कुछ कैंप एक हफ्ते के लिए होते हैं तो कुछ पूरे महीने चलते हैं। आप बच्चे की उम्र और उसकी जरूरत के हिसाब से कैंप की अवधि चुनें। छोटे बच्चों के लिए छोटी अवधि के कैंप बेहतर होते हैं, ताकि वे थके नहीं। वहीं बड़े बच्चे ज्यादा मस्ती करने के लिए पूरे दिन के या हफ्ते भर चलने वाले कैंप को अधिक पसंद करते हैं।

**फीस और रजिस्ट्रेशन -**कुछ कैंप महंगे होते हैं, जबकि कुछ बेहद किफायती। इसलिए आप अपने बजट के हिसाब से कैंप चुनें, लेकिन यह भी जान लें कि कैंप में दी जाने वाली सुविधाएं कीमत के हिसाब से ठीक हैं या नहीं। आप पंजीकरण से पहले समर कैंप के नियम और शर्तें अच्छी तरह पढ़ लें और जब आप पूरी तरह संतुष्ट हो जाएं, तभी फीस भरें, क्योंकि कई कैंप में रजिस्ट्रेशन फीस वापस नहीं की जाती है।

राय लें-अगर आपके किसी परिचित का बच्चा पहले से किसी कैंप में जा चुका है तो उसके अनुभव जानें। इसके अलावा ऑनलाइन रिव्यू भी पढ़ें। स्कूल या कम्युनिटी सेंटर द्वारा आयोजित समर कैंप अक्सर भरोसेमंद होते हैं। आप कैंप आयोजकों से मिलकर भी उनकी योजनाओं और गतिविधियों के बारे में जानकारी ले सकती हैं।

बच्चे को तैयार करें- कैंप में भेजने से पहले बच्चे को इसके लिए मानसिक रूप से तैयार करें। उसे बताएं कि कैंप में वह क्या-क्या करेगा और वहां उसे कितना मजा आएगा। अगर बच्चा पहली बार कैंप में जा रहा है तो उसे नए दोस्त बनाने और नई चीजें सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे वह आत्मविश्वास के साथ कैंप में हिस्सा लेगा।

**ओवरनाइट कैंप नहीं-**बाल विकास सलाहकार रोहिणी सेठी बताती हैं, बच्चों के लिए गर्मियों की छुट्टियां आराम करने, खेलने, थकान दूर करने और यहां तक कि ऊबने का भी समय होती हैं। यह ऊब रचनात्मक सोच के लिए जरूरी होती है। लेकिन अगर आप कामकाजी हैं तो समर कैंप आपके और बच्चे के लिए सुविधाजनक हो सकते हैं। हालांकि मैं तब भी आपको आधे दिन के कैंप पर बच्चों को भेजने की सलाह दूंगी, न कि किसी ओवरनाइट कैंप या लंबे समय तक चलने वाले कैंप की। साथ ही जब आप किसी कैंप का चयन करें तो बताई गई सभी बातों के साथ उस कैंप के बारे में अन्य माता-पिता के अनुभव भी जरूर जान लें, क्योंकि आपके बच्चे की सुरक्षा सर्वोपरि है।

# इस वजह से होती हैं बच्चे की आंखें लाल

बच्चों की आंखें बहुत नाजुक होती है, इसलिए उनकी सही देखभाल बहुत जरूरी होती है। खासकर के अगर आप बच्चा बहुत छोटा है और बार-बार आंखों को गंदे हाथों से छूता है तो आपको सतर्क होने की जरूरत है। इससे कई तरह के इंफेक्शन और बैक्टीरिया भी आंखों में जा सकते हैं और वो खराब भी हो सकती है। मेडिकल भाषा में इसे पिंक आई कहते हैं! आइए आपको बताते हैं, इसके लक्षण, कारण और घरेलू उपाय- पिंक आई होने के लक्षण : एक या दोनों आंखें लाल होना, आंखों में खुजली होना। दोनों आंखों में किरकिरापन महसूस होना। एक या दोनों आंखों से स्राव होना, जो रात के दौरान एक पपड़ी बना देता है।

आंखें फड़फड़ना, रोशनी के प्रति संवेदनशीलता, इत्यादि। आंखें लाल होने का सबसे बड़ा कारण एलर्जी हो सकता है, जो धूल, किसी प्रोडक्ट के इस्तेमाल से हो सकता है। इस दौरान आंखों से पानी भी खूब निकलता है। ऐसा होने पर बच्चे को तुरंत डॉक्टर के पास लेकर जाएं। इसे मेडिकल टर्म में होर्डियोलम कहा जाता है। वहीं आम भाषा में इसे अंजनहारी और गुहेरी नाम से भी जाना जाता है। ये पलक पर या पलक के अंदर की तरफ छोटा, लाल या पीला दाना होता है। इससे दर्द भी बहुत ज्यादा होता है। बिलनी आमतौर पर पलक के बालों की जड़ या पलक की ग्रंथि के जीवाणु (बैक्टीरिया) से संक्रमित होने की वजह से होती है। सूजन कम करने और बिलनी को ठीक करने के लिए बच्चे का आंखों में हल्की गर्म सिकाई करें।

# बच्चा और बारिश की कहानी



**कहानी**

लोकपुर गाँव में एक बार सूखा पड़ गया। खेत खलिहान, नदी- तालाब और कुएं सब सूख गए थे। अब उस गाँव के लोगों को पानी के लिए बड़ी समस्या हो चुकी थी। एक दिन पूरे गाँव के लोग इकठ्ठा होकर पानी के जतन के बारें में सोचने लगे। किसी ने कुछ कहा तो किसी ने कुछ, उसी गाँव में उस गाँव के एक सबसे बुजुर्ग व्यक्ति रहते थे, जिसका नाम रामदास था।

सभी ने कहा चलो उनके पास चलते हैं वही हमें इस समस्या का हल बता सकते हैं। पूरे गाँव वाले मिलकर उस व्यक्ति से मिलने चले गए।

गाँव वालों की समस्या सुन बुजुर्ग व्यक्ति ने कहा मुझे एक ऐसे व्यक्ति के बारें में जानकारी हैं जो इस समस्या का निदान दिला सकता हैं। उसने दूर किसी व्यक्ति के बारें में बताते हुए कहा वहाँ जाओ और अपनी समस्या बताओ मुझे पूर्ण विश्वास हैं। इस गाँव में बारिश होगी। सभी गाँव वाले उस व्यक्ति के पास गए। वह व्यक्ति उस समय अपने घर के अंदर पूजा कर रहा था।

सभी गाँव वाले बाहर इंतजार कर करने लगे। तभी सबकी नजर उन्ही लोगों के बीच एक लड़के पर पड़ी जो अपने साथ एक छाता लेकर आया था। सभी ने उस बच्चे से पूछा की आप अपने साथ छाता क्यों लाए हो। बच्चे ने बहुत ही मीठे शब्दों में बोला कि जब बारिश होगी तो हम पानी से भीगे न इसलिए मैं अपने साथ छाता लेकर आया हूँ। वहाँ खड़े सभी लोग उसका विश्वास देख आश्चर्यचकित रह गए।

**नैतिक सीख- हमारा विश्वास अटूट होना चाहिए चाहे वह किसी भी प्रकार का क्यों न हो तभी हमें हमारे कार्यक्षेत्र में सफलता मिल सकती हैं।**

# गर्मी की छुट्टियों में अपने बच्चे को सिखाएं ये आदतें



गर्मी की छुट्टियां बच्चों के लिए खेलने-कूदने का अच्छा मौका होती हैं तो वहीं पेरेंट्स के लिए ये किसी चैलेंज से कम नहीं होता है कि आखिर बच्चों की एनर्जी को सही जगह कैसे लगाया जाए? बेशक इस दौरान बच्चों को खेलने-कूदने, घूमने-फिरने और एंजॉय करने मौका मिलना चाहिए लेकिन साथ ही उन्हें कुछ नया सिखाने की कोशिश भी करनी चाहिए। बचपन में कई ऐसी आदते होती हैं जो बच्चों में डेवलप करवाने की कोशिश करनी चाहिए, ये आदतें आगे चलकर एक बेहतर भविष्य की नींव रखती हैं। आज हम आपको कुछ ऐसी ही हेल्दी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आप इन गर्मी की छुट्टियों में अपने बच्चे को सिखा सकती हैं। ये आदतें आने वाली जिंदगी में आपको बच्चे के बहुत काम आएंगी।

**बचत करने की आदत :** इस समर वेकेशन अपने बच्चे को बचत करना सिखाएं। बचत जिंदगी में बहुत जरूरी होती है। पैसा कमाना जितना जरूरी होता है उससे भी कहीं जरूरी बचत करने की आदत होती है। अपने बच्चे को एक छोटा सा गुल्लक ला कर दें और उसे समझाएं कि कैसे वह थोड़े-थोड़े पैसे इस गुल्लक में इकट्ठा कर सकता है जो आगे चलकर उसी के काम आएंगे। पैसे इकट्ठा होने के बाद आप अपने बच्चे को उसकी पसंद की कोई चीज भी दिलवा सकती हैं। इससे बच्चा खुश भी होगा और उसे बचत का महत्व भी समझ आएगा।

**भाषा का ज्ञान है जरूरी :** आज के वक्त में बच्चों को अक्सर भाषा का सही ज्ञान नहीं होता है। खासकर अगर आपका बच्चा अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई कर रहा है तो उसे हिन्दी से जुड़ी चीजों को समझने में तकलीफ हो सकती है। ऐसे में गर्मी की छुट्टियों में बच्चे को भाषा का ज्ञान करवाएं। हिन्दी या अंग्रेजी, जिस भी भाषा में वह कमजोर है, वह उसे सिखाएं। रोज कोई नया शब्द, व्याकरण से जुड़ी गलतियां आप उसे समझा सकती हैं।

**अपना काम खुद करने की आदत :** अपने बच्चे को जब आप बचपन से ही अपना काम खुद करना सिखाएंगी तभी आगे चलकर वह आत्मनिर्भर बन पाएगा। अपने कपड़े फोल्ड करना, पानी की बोतल भरना, अपनी चीजों को जगह पर रखना, ऐसी छोटी-छोटी आदतें आप अपने बच्चे को सिखा सकती हैं। आपका बच्चा कौन सा काम अभी खुद कर सकता है और कौन सा काम अभी वह नहीं कर पाएगा, यह आप उसकी उम्र के आधार पर तय करें। जब बचपन से ही आपके बच्चे में अपना काम खुद करने की आदत विकसित होगी तो आगे चलकर वह आत्मनिर्भर बन पाएगा।

# बनाएं अपने बच्चों का इमोशनली स्ट्रांग



पेरेंट्स इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि उनके बच्चे को छोटी सी भी बात बर्दाशत नहीं होती है। वो बहुत जल्दी रोने लगता है। लेकिन इसके लिए उनको दोषी ने ठहराएं, उनकी कोई गलती नहीं है। ऐसा पेरेंटिंग स्टाइल में कमी होने की वजह से होता है कि बच्चे इमोशनली स्ट्रॉग नहीं बन पाते हैं और बात- बात में रोने लगते हैं। इसके पीछे की वजह स्कूल में उसकी किसी परेशानी का झेलना भी हो सकता है। ऐसे में उन्हें डांटने के बजाए, उनकी परेशानी को समझने की कोशिश करें, ताकि वो मेंटली स्ट्रॉग बने।

**बच्चों की बात सुनें :** जब वो आपसे कुछ कहे तो उसे ध्यान से सुनें। उनकी बातों को अहमियत दें। ऐसे में वो सम्मानित महसूस करेंगे और उन्हें लगेगा की कोई उन्हें सुन और समझ रहा है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और मानसिक तौर पर वो मजबूत बनेंगे।

**सिखाएं समस्या का सामना करना :** किसी मुश्किल में फंसने पर उन्हें खुद पर विश्वास करके इससे निकलना सिखाएं। इसके लिए आप उसे फेवरेट हॉबीज में डालें, उसके अंदर प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल डेवलप करें। इससे उनका हौसला बढ़ेगा और वो किसी समस्या से डरेंगे नहीं।

**भावनाओं के बारे में करें बात :** उसे समझाएं कि हर किसी को अलग-अलग भावनाएं होती हैं और इसमें कुछ भी बुरा नहीं है। इससे वो दूसरों की भावनाओं को भी समझेंगे।

**छोटी- छोटी बातें से सिखाएं खुशी ढूंढना :** छोटी- छोटी सफतलाओं पर भी खुश हो। इससे वो सीखेगा कि हर कदम महत्वपूर्ण है।

**बच्चों को भी दें बोलने का अधिकार :** अक्सर यह देखा गया है कि जो बच्चे अपनी बात या अपनी भावनाओं को एक्सप्रेस करना नहीं सीख पाते वे जीवनभर इमोशनली वीक रह जाते हैं। इसलिए अपने बच्चे को अपनी हर बात बोलने का अधिकार दें और उन्हें अपने इमोशन को शो करने का तरीका बताएं।

**दें गलती करने की आजादी :** बच्चे को गलती करने की आजादी दें। अगर आप बात बात पर टोकते हैं और उसे गलत करने से मना करते हैं तो इस तरह वह चीजों को सीख नहीं पाएगा और उसका आत्मविश्वास और भी घट जाएगा।

# किताबों से दूर नहीं भागेंगे आपके बच्चे इन तरीके से बनाएं उन्हें बुक लवर



आज के इस इंटरनेट दौर में बच्चे पढ़ाई के नाम पर लैपटॉप और मोबाइल का इस्तेमाल ज्यादा करने लगे हैं। इससे दिक्कत ये हो रही है कि स्टडी के अलावा भी बच्चे का दिमाग इधर-उधर भटक जाता है। मोबाइल पर कई ऐसे ऐड आते है, जो बच्चों को अट्रैक्ट करता है और वह उस लिंक पर क्लिक करके दूसरे वेबसाइट या वीडियो को देखने लगते हैं। ऐसी स्थिति में माता-पिता की परेशानी पहले लगती है। हर पैरेंट्स को लगता है कि उनका बच्चा फोन से नहीं पढ़ पाता है और पढ़ाई के लिए किताब का होना बेहद जरुरी है। पर, बच्चों की किताबों से पढ़ाई की आदत कैसे लगाई जाए, ये आज हर पैरेंट्स के लिए किसी चैलेंज से कम नहीं है। अगर आपका बच्चा भी सिर्फ मोबाइल में लगा होता है और किताबों में कम इंट्रेस्ट दिखाता है, तो अब आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। दरअसल, एक रिपोर्ट में बताया गया है कि कैसे अपने बच्चों को आप बुक लवर बना सकते हैं। तो चलिए इस बारे में आगे विस्तार से जानते हैं। बच्चों के साथ आप भी पढ़ें बुक रिपोर्ट के अनुसार, बच्चे वही करते है, जो आसपास के माहौल से सिखते हैं। ऐसे में अगर आप खुद मोबाइल का कम से कम इस्तेमाल करेंगे। इसकी जगह उनके सामने बुक पढ़कर उन्हें सुनाएं। ऐसा करने से धीरे-धीरे उन्हें भी किताबों में इंट्रेस्ट आएगा और वो बुक पढ़ना शुरू कर देंगे।

**सेट करें रीडिंग टाइम**

बच्चों की आदतों में बदलाव लाने में रुटीन का अहम रोल होता है। ऐसे में, अगर आप उनकी रीडिंग टाइम को सेट कर देते हैं, तो वह खेल-कूद के बाद एक समय पर किताब पढ़ने के लिए भी बैठ सकता है। पर, इसके लिए जरूरी है कि आप अपने बच्चे के पास बैठे और उन्हें पढ़ाई करते हुए सुनें भी।

**फन करते हुए पढ़ाएं**

अगर आप बच्चे पर पढ़ने के लिए ज्यादा प्रेशर डालेंगे, तो वो दवाब में आकर किताबों से दूर हो सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप उसे फन करते हुए किताबों को पढ़ाएं। इससे उनके अंदर किताब पढ़ने में दिलचस्पी आएगी।(बच्चे की आदतों में कैसे लाएं सुधार)

**बच्चों के अनुसार करें किताबों का चुनाव**

बच्चों में किताबों के प्रति इंट्रेस्ट जगाने के लिए जरुरी है कि आप उसके अनुसार ही बुक लाएं। यानी बहुत ज्यादा टेक्स्ट किताबें बच्चे नहीं पढ़ पाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि उनके बुक्स में अट्रैक्टिव ग्राफिक्स जरुर शामिल हों। ग्राफिक्स के बहाने ही कम से कम बच्चे बुक्स खोलकर जरुर पढ़ेंगे।

# सही देखभाल से बनाएं अपने बच्चे को सुरक्षित



बच्चों की स्वच्छता और हाइजीन का ध्यान रखना माता-पिता के लिए महत्वपूर्ण होता है। यह न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए बल्कि उनकी समग्र विकास के लिए भी आवश्यक है।ऐसे में हम आपको बच्चों के लिए स्वच्छता और हाइजीन के लिए कुछ महत्वपूर्ण टिप्स बताने जा रहे हैं जिन्हें आपको जरूर अपनाना चाहिए -

**स्नान की अच्छी आदतें**

बच्चे को नियमित रूप से स्नान करवाना चाहिए, विशेषकर खेलने के बाद और खाने के बाद। गर्म पानी और बच्चों के लिए सुरक्षित साबुन का उपयोग करें।

**हाथ धोना**

बच्चे को नियमित अंतराल में हाथ धोने की संवेदनशीलता करानी चाहिए, विशेषकर पहले खाने के बाद, शौच और बाहर आने के बाद।

**दांत सफाई**

बच्चे को दिन में कम से कम दो बार ब्रश करवाएं। उनके लिए उपयुक्त दांत मंजन का चयन करें और नियमित अंतराल में डेंटिस्ट के पास जाएं।

**नॉपकिन और डायपर चेंजिंग**

बच्चे के डायपर को नियमित रूप से बदलें और नॉपकिन्स को भी समय-समय पर बदलें।

**सुरक्षित बाथरूम और टॉयलेट**

बच्चे को सुरक्षित बाथरूम और टॉयलेट में जाने के लिए सिखाएं और उनके लिए उच्च गुणवत्ता वाले बाथरूम और टॉयलेट सामग्री का उपयोग करें।

**बच्चे की हाइजीन के लिए इस तरह के रखें उत्पाद -**

**बेबी शैंपू और सॉप**

उच्च गुणवत्ता वाले बेबी शैंपू और सॉप चुनें, जो बच्चे की नमीपन और त्वचा को संतुलित रखें।

**बेबी बाथरूम** बच्चे के लिए सुरक्षित और आसानी से प्रयोग किया जा सकने वाले बेबी बाथरूम चुनें, जो उन्हें स्वतंत्रता और सुरक्षा दें।

**बेबी लोशन और हेयर ऑयल**

बच्चे की त्वचा के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बेबी लोशन और हेयर ऑयल का उपयोग करें, जो उनकी त्वचा को मुलायम और स्वस्थ बनाए रखें।

**बेबी डायपर और नॉपकिन्स**

बच्चे के लिए उच्च गुणवत्ता वाले डायपर्स और नॉपकिन्स चुनें, जो उनकी स्वच्छता और सुरक्षा को सुनिश्चित करें।

**बेबी ब्रश और कम्ब**

बच्चे के लिए उच्च गुणवत्ता वाले ब्रश और कम्ब चुनें, जो उनके बालों और दांतों की स्वच्छता को सुनिश्चित करें। इन सर्वोत्कृष्ट उत्पादों का उपयोग करके आप अपने बच्चे को स्वच्छ और सुरक्षित रख सकते हैं, और उनके समग्र विकास में मदद कर सकते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शनिवार, 14 जून 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे तृतीया तिथौ शनि वासरे 15/48/उत्तर आषाढ़ नक्षत्रे 24/22/ ब्रह्म योग 13/13/ भद्रा करणे 15/58/ मकर राशिगत चन्द्रमा घं.05मि.39पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा समाप्त घं.15मि.48पर। संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी।

**मेष :** कार्य व्यापर में सुधार होगा। इच्छित कार्य पूर्ति होगी। पुराने मित्रों से भेट होगी। चिंता जनक समाचार होगा।

**वृष :** मित्रों का सानिध्य आएगा। कार्यों में आशातीत सफलता से हर्ष होगा। रोजी रोजगार के प्रयास सार्थक होंगे। वाणी से लाभ होगा।

**मिथुन :** उत्तरदायित्वों की पूर्ति होगी। वाद विवाद से बचें। व्यय भार बढ़ेगा। अल्पधनलाभ होगा। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी।

**कर्क :** मन अशान्त रहेगा। व्यर्थ की उलझनें रहेंगी। निर्धन बच्चों को पुस्तकें दान करें। गुरु चंडाल योग का प्रभाव क्षीण होगा।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यावसायिक मामलों में प्रगति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा देशाटन मनोरंजन और दाम्पत्य सुख के भरपूर योग है।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण होगी।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। मानसिक परिश्रम की अधिकता रहेगी। नौकरी में वातावरण आपके अनुकूल रहेगा।

**धनु :** चल-अचल संपत्ति में वृद्धि होगी। विरोधी परास्त होंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। संबंध सुधरेंगे।

**मकर :** काम में रुकावट आएगी। इष्ट मित्रों का परिवार में समागम होगा। जीवन साथी के विचारों से असहमति होगी।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभ प्रिय होगी। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे।

स्वतंत्र भारत
कानपुर शनिवार, 14 जून 2025 8

# जालौन ललितपुर, झांसी

## मासिक बैठक 15 जून को

**ललितपुर।** जिलाध्यक्ष जे.के. सिंह ने अवगत कराया है कि माह जून की मासिक बैठक 15 जून को 9.30 बजे से पेंशन कक्ष कार्यालय कोषाधिकारी में आहूत की जायेगी, जिसमें पिछली कार्यवाही की पुष्टि, भविष्य में होने वाले आन्दोलन को देखते हुए सदस्यता द्वारा सदस्यता शुल्क जमा कराने पर विचार व नये सदस्य बनाने पर विचार व सदस्यों की समस्याओं पर कार्यवाही एवं अन्य अध्यक्ष की अनुमति पर विचार विमर्श किया जायेगा।

## खबर एक नज़र

### वाटर कैनन से सड़कों एवं प्रमुख स्थानों पर पानी का छिड़काव लोगों को राहत दी पालिकाध्यक्ष ने


जालौन : पानी का छिड़काव करती वाटर कैनन मशीन।

**जालौन।** भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों से राहगीरों, दुकानदारों और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए नगर पालिका परिषद जालौन द्वारा नगर क्षेत्र में वाटर कैनन से सड़कों एवं प्रमुख स्थानों पर पानी का छिड़काव किया गया। नगर के मुख्य चौराहों, बाजार क्षेत्रों, भीड़भाड़ वाले मार्गों तथा सार्वजनिक स्थलों पर छिड़काव कार्य कराते हुए पालिका की टीम ने दोपहर के समय लोगों को तपन से कुछ राहत प्रदान की। छिड़काव के दौरान धूल शांत हुई और वातावरण में ताजगी का अनुभव हुआ, जिससे आमजन को कुछ समय के लिए गर्मी से राहत मिली। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि गर्मी की गंभीर स्थिति को देखते हुए नगरवासियों की सुविधा के लिए पालिका प्रशासन सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस मौसम में सड़कों पर धूल और तापमान की अधिकता लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती है, ऐसे में नियमित अंतराल पर पानी का छिड़काव कराया जाएगा। पालिका प्रशासन द्वारा यह भी बताया गया कि आने वाले दिनों में नगर के अन्य हिस्सों में भी इस प्रकार की सुविधा दी जाएगी। साथ ही, सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल एवं प्याऊ व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर भी कार्य किया जा रहा है। इस दौरान पालिका के कर्मचारियों ने मशीनों की मदद से छिड़काव कार्य संपन्न किया। नगरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे गर्मी से राहत दिलाने की एक उपयोगी और जरूरी पहल बताया।

### वन रेंज कालपी 27 चयनित स्थलों में 2 लाख 54 हजार पौध तैयार-वन क्षेत्राधिकारी


उरई : वनरेंज में पौध का निरीक्षण करते अधिकारी।

**कालपी(जालौन)।** प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देशन के अनुरूप वन रेंज कालपी के अंतर्गत विभिन्न वन ब्लाकों के 27 चयनित स्थलों में बीज बुआन से 2 लाख 54 हजार पौध तैयार करके वृक्षारोपण अभियान 2025 का व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए विभाग के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है तथा विभागीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। वन राजि क्षेत्र कालपी के वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार की अगुवाई में वन दरोगाओं महेंद्र कुमार, मन्ना सिंह चौहान, वन रक्षक हरिओम व नरेंद्र सिंह के द्वारा अलग-अलग स्थानों में पर्यवेक्षक कार्य शुरू कर दिया गया है। वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रेंज के अलग-अलग वन ब्लाकों में 27 स्थलों का चयनित किया गया है। सभी 27 स्थलों में बबूल, खैर, सागौन, कंजी, शीशम, चिलबिल आदि प्रजातियों का बीज बुआन चलेगा। उन्होंने बताया कि चयनित 27 स्थानों के नालियों एवं सुरक्षा खाई में बीज बुआन करकर 2 लाख 56 हजार पौध का रोपण किया जाएगा। वन क्षेत्राधिकारी के मुताबिक रेंज की 450हेक्टेयर भूमि में भी पौध रोपित करने का लक्ष्य वन महोत्सव कार्यक्रमों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा खाई के ऊपर बबूल आदि के बीज बोकर जानवरों से सुरक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी एक जुलाई से 7 जुलाई तक वृक्षारोपण अभियान 2025 के अंतर्गत वन महोत्सव चलेगा। एक वृक्ष लगाकर धरती को हरा भरा करने का संकल्प लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम भी चलेगा।

उल्लेखनीय हो कि पिछले सप्ताह मुख्य वन संरक्षक एच वी गिरीश ने वन क्षेत्र कालपी में वृक्षारोपण अभियान की कार्य योजना का स्थलीय जायजा लिया था।

### किशोरी से छेड़छाड के आरोपी को जेल भेजा


जालौन : पुलिस हिरासत में आरोपी।

**जालौन।** बाबा को खेत पर पानी देने जा रही किशोरी को गांव के दो युवकों द्वारा जबरन पकड़कर भूसाघर तक खींच लेक जाने एवं विरोध करने पर किशोरी का कुर्ता फाड़ने के मामले में पुलिस ने आरोपी दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया था कि 10 जून को उनकी 14 वर्षीय बेटी खेत में काम कर रहे बाबा को मंगलवार की दोपहर पानी देने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में बैठे गांव के ही संदीप व निखिल ने रास्ते में बने भूसाघर के पास उसे रोक लिया। दोनों उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए उसे भूसाघर तक खींच ले गए और उसका गला पकड़कर जमीन पर गिराने का प्रयास किया। जब बेटी ने विरोध किया तो उन्होंने उसका कुर्ता फाड़ दिया। बेटी की चीख सुनकर गांव के लोग आ गए और युवकों को ललकार तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली थी। उक्त मामले में पुलिस को सूचना मिली कि दोनों युवक कहीं बाहर भागने की फिराक में गांव के बाहर खड़े हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को पकड़कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### मजदूर की संदिग्ध मौत पर परिजनों का हंगामा

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग ग्राम जमालपुर में मजदूर की संदिग्ध मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दी। प्रदर्शनकारी घंटो हाइवे को जाम किए रहे। हाइवे जाम की सूचना पर पहुंचे पुलिस और प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंचे और किसी तरह आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों को समझाईश देकर करीब 4 घंटे बाद जैम खुलवाया। जानकारी अनुसार जमालपुर निवासी शुक्लू 32 वर्ष पुत्र धर्मा को गांव का ही ठेकेदार अशोक बरार के साथ मजदूरी करने कानपुर ले गया था, जहां बीते रोज संदिग्ध हालत में मजदूर की मौत हो गई। ठेकेदार ने एंबुलेंस कर शव को जमालपुर ले कर आया और मजदूर के घर के बाहर शव रखकर चला गया, इस बात से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने जमालपुर हाइवे पर जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारियों ने हाइवे पर बड़े-बड़े पत्थर रख दिए, जिससे झांसी-ललितपुर मार्ग पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया, सैकड़ों की संख्या में वाहन दोनों ओर फंसे रहे और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हाइवे जैम और बवाल की सूचना पर एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, अपर एसपी कालू सिंह,एसडीएम भूपेन्द्र कुमार, सीओ आशीष कुमार मिश्रा, कोतवाल मनोज मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और नाराज परिजनों से बात की। मृतक मजदूर की मौत को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रशासन ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि मामले की पूरी तरह निष्पक्ष जांच होगी और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर ग्रामीणों का भारी जमावड़ा रहा और जोरदार नारेबाजी होती रही।

## राजस्व वसूली में लाएं तेजी, बनाएं ठोस कार्य योजना - जिलाधिकारी



उरई : राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक करते डीएम।

**लक्ष्य के अनुरूप करें सत-प्रतिशत वसूली, लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को राजस्व वसूली, अतिक्रमण हटाने एवं प्रवर्तन कार्यों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने भू-राजस्व, परिवहन, स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, नगर निकाय, वाणिज्य कर, मंडी तथा विद्युत विभाग की राजस्व वसूली की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।वाणिज्य कर व स्टांप विभाग की वसूली प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष कम पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने निर्देशित किया कि जीएसटी विभाग द्वारा जारी की गई आरसी का मिलान तत्काल किया जाए तथा स्टांप आरसी की वसूली में ठोस प्रगति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे राजस्व वसूली में व्यक्तिगत रुचि लें और प्रगति में वृद्धि करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने स्टांप चोरी व कर अपवंचन पर प्रभावी कार्यवाही हेतु विभागीय सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए। खनन एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि वे प्रवर्तन कार्यों में सक्रियता बढ़ाएं और अवैध परिवहन, बिना रॉयल्टी व नंबर प्लेट के वाहन तथा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करें। उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को 3 और 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों के प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सामूहिक बौद्ध विवाह समारोह में आधा दर्जन जोड़े बंधे विवाह बंधन में


माधौगढ़ : नये जोड़े को विवाह का प्रमाणपत्र देते रामऔतार सिंह गौतम।

**माधौगढ़ (जालौन)।** सामूहिक बौद्ध विवाह समारोह का आयोजन शालिनी पैलेस माधौगढ़ में किया गया जिसमेंआर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं के बौद्ध विवाह संपन्न कराए गए सामूहिक बौद्ध विवाह समारोह में आधा दर्जन जोड़ों ने पांच वचन संकल्प के रूप में भरे और जीवन भर एक दूसरे का सम्मान एवं आपस में सौहार्द बनाए रखने का वचन दिया विवाह समारोह में अति विशिष्ट अतिथियों में रामऔतार सिंह गौतम वरिष्ठ समाज सेवी सह आयोजक श्याम प्रकाश दोहरे पेट्रोल पंप मालिक उरई उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक ई0विकास कुमार जो लगातार कमजोर वर्ग के लड़का लड़कियों के विवाह सकुशल संपन्न करवाने में महत्व पूर्ण भूमिका निभाकर समाज सेवा कर रहे हैं ऐसे समाज सेवियों से निरंतर समाज को सहयोग प्राप्त हो रहा है।उपस्थित अतिथियों सहयोगियों ने वर बधू को मंगलकामनाएं आशीर्वाद प्रदान किया सुखमय जीवन व्यतीत करने की बधाई दी और महापुरुषों का अनुकरण करने तथा हमेशा याद करने का संदेश दिया।साथ ही समाज के सम्मानित साथियों से निवेदन किया कि कमजोर वर्ग के बच्चों के विवाह और शिक्षा में अवश्य सहयोग करें बूंद बूंद से घड़ा भरता है और समाज का भला होता है।

## एआरटीओ कार्यालय पर डीएम-एसपी के छापे से दलालों हड़कंप

**-दो संदिग्ध गिरफ्तार, दलालों पर होगी सख्त कार्वाई**


उरई : एआरटीओ कार्यालय परिसर में आये लोगों से पूछताछ करते एसपी डीएम।

**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कार्यालय के बाहर स्थित कैफे सेंटर का शटर बंद कर कुछ लोग भाग निकले। मौके पर मौजूद नगर मजिस्ट्रेट और एसएचओ ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ जारी है। जिलाधिकारी ने प्रवर्तन शाखा, कैश काउंटर, वाहन पंजीयन काउंटर, कॉमर्शियल सेक्शन और ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया। उन्होंने सभी पटलों पर लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए और बार-बार आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों व दलालों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए।उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि स्वयं कार्यालय आकर कार्य संपादित करें और किसी भी दलाल के झांसे में न आएं। यदि कोई व्यक्ति कार्य के नाम पर पैसे की मांग करता है या दलाली की पेशकश करता है, तो उसकी शिकायत कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम नंबर 05162-257090 पर दर्ज कराएं। शिकायतकर्ताओं की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, संभागीय परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार, आदि मौजूद रहे।

### आठ साल की मासूम बच्ची को सांप ने डसा, मौत

**कुठौंद(जालौन)।** ग्राम ऐकों निवासी ब्रजेश कुमार की 8 वर्षीय पुत्री रागिनी दोपहर के समय अपने घर में खेल रही थी। खेल-खेल में वह घर में रखी एक पुरानी संदूक पर चढ़ गई। इसी दौरान संदूक के पास छिपकर बैठा एक जहरीला सांप अचानक उस पर झपट पड़ा और बच्ची को डस लिया। सांप के काटते ही रागिनी जोर-जोर से चिल्लाने लगी, जिसे सुनकर परिजन तत्काल वहां पहुंचे। उन्होंने बच्ची को जमीन पर गिरा देखा और पास ही सांप को भी रेंगते हुए निकलते देखा। परिवार ने तत्परता दिखाते हुए सांप को घर से बाहर निकाला और तत्काल रागिनी को कुठौंद स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालांकि, बच्ची की हालत अस्पताल पहुंचते-पहुंचते गंभीर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। रागिनी की मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। देखते ही देखते गांव में भी मातम पसर गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने उनके घर पहुंचे।इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

### युवक ने फांसी लगाकर जीवन लीला की समाप्त



**कोंच(जालौन)।** अज्ञात कारणों के चलते एक 27 वर्षीय युवक ने फांसी के फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर ली है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोष्ट मार्टम के लिए भेज दिया

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम सुनाया निवासी जितेंद्र राजपूत पुत्र उमाशंकर उम्र करीब 27 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते गांव में बबूल के पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है उक्त घटना को जब मॉर्निंग वॉक पर निकले ग्रामीणों ने जैसे ही युवक के शव को लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए और ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस व परिवारीजनों को दी सूचना पर पुलिस व परिवारीजन मौके पर पहुंच गए वहीं पुलिस बारीकी से जांच करते हुए मृतक के शव को ग्रामीणों की मदद से नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोष्ट मार्टम के लिए भिजवाया उक्त घटना से परिवारीजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## गढ़गवा में चेकडैम रपटा का निरीक्षण किया केंद्रीय जल आयोग की टीम ने



**कालपी(जालौन)।** शुक्रवार को केंद्रीय जल आयोग की टीम ने महेवा ब्लाक के ग्राम गढ़गवा में लघु सिंचाई के द्वारा 28 लाख की लागत से बने चेक डैम रपटा का निरीक्षण किया। जिसमे बरसात का पानी जमा होने से लगभग 80 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी। वर्षा जल के संरक्षण के लिए जनपद में तालाबों के अलावा चेक डैम, सोखपिट आदि संरचनाओं का निर्माण कराया गया है जिनकी हकीकत जानने के लिए शुक्रवार को केंद्रीय जल आयोग आगरा के अधिशासी अभियंता एन आर रायटेके, केंद्रीय भूमि जल बोर्ड लखनऊ के भूजल विज्ञानी विकास कुमार शुक्रवार को सुबह 11 बजे के लगभग महेवा ब्लाक के ग्राम गड़गुवा मे पहुंचे जहां उन्होंने वर्ष 2024 --25 में 27.93 लाख की लागत से बने चेक डैम रपटा का निरीक्षण किया। चेक डैम की डिजाइन से संतुष्ट होने के बाद उन्होंने लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता सुरेंद्र सिंह जादौन एवं अवर अभियंता रामकुमार पटेरिया से पूछा कि इस चेक डैम की क्या उपयोगिता है तो बताया गया कि पर्याप्त बारिश होने पर इस चेक डैम में भारी मात्रा में पानी रोकने की क्षमता है। इससे 80 हेक्टेयर भूमि की सुधार होने की संभावना के साथ अक्टूबर के महीने में एक सैकड़ा से अधिक किसानों को सिंचाई का लाभ मिलेगा। वर्षा जल के संरक्षण से इस गांव के वाटर लेवल में भी सहयोगी साबित होगा। दुधारू एवं पालतू पशुओं को पानी पिलाने में सुविधाजनक साबित होगा। वहां मौजूद ग्रामीणों से भी उन्होंने पूछताछ की जिन्होंने भी चेक डैम को उचित बताया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजू सिंह, खंड विकास अधिकारी महेवा संदीप मिश्रा खंड विकास अधिकारी कदौरा अरुण सिंह, डीपीआरओ सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एक हाथ में संस्कार, दूसरे में विज्ञान, तभी बनेगा देश महान- अनिरुद्ध सिंह

**- इप्टा है संस्कारशाला- विवेक सिंह**
**-श्रमसीकर है रंगकर्मी-डॉ मुहम्मद नईम**

**कोंच (जालौन)।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) की कोंच इकाई द्वारा न्यू सिटी सूरज ज्ञान मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजित 25वीं ग्रीष्मकालीन बाल एवं युवा रंगकर्मी नाट्य कार्यशाला के बीसवें दिन सिंघम के नाम से प्रसिद्ध, भारतीय पुलिस सेवा में पुलिस उपाधीक्षक पद पर कार्यरत अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि प्रत्येक बच्चे की प्रतिभा का सम्मान करना चाहिए। बच्चों के एक हाथ में संस्कार, दूसरे हाथ में विज्ञान देकर ही हम देश को महान बना सकते हैं।

हिंदी और तेलगू फ़िल्मों में अभिनय कर चुके अनिरुद्ध सिंह ने रंगकर्मियों से कहा कि वे सोशल मीडिया की नकारात्मकता से दूर रहकर अपने अध्ययन में समय व्यतीत करें। प्रतिदिन कुछ अच्छा कार्य करें और जरूरतमंदों की मदद करना अपनी आदत बनाएं।

बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत विवेक सिंह ठाकुर ने कहा कि इप्टा संस्कारशाला है, जहाँ बच्चे रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और संवेदनशीलता का परिचय दे रहे हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए इप्टा कोंच के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मुहम्मद नईम ने कहा कि रंगकर्मी श्रमसीकर है, जिनकी प्रतिभा कार्यशाला के माध्यम से निखर कर आई है। कार्यशाला ने बच्चों की वैचारिकी को पुष्ट किया है, उन्हें समाज को नए सिरे से समझने की दिशा दी है। अतिथियों के समक्ष नाटक निर्भया एवं राजस्थानी नृत्य का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मुहम्मद नईम ने, स्वागत अंकुर राठौर, यूनुस मंसूरी ने, आभार महासचिव साहना खान ने व्यक्त किया।


कोंच : नाट्य कार्यशाला में रिहर्सल करते बच्चे।

कार्यशाला का संचालन साहना खान, यूनिस खान, अंकुर राठौर कोमल अहिरवार और पारसमणि अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर गौरंगी व्यास, मान्या, अंशिका, दीप्ति द्विवेदी उन्नति सोनी, काजल दुबे,उन्नति दुबे, हर्षिका यादव ,सौम्या झा, अवंतिका सोनी, परी कुशवाहा, अनुभा पटेल, सुफिया, आराध्या गुप्ता, पलक, छाया, सौम्यव्या मंसूरी, अलीशा, नैना सोनी, आर्या मयंक, प्रियांशी कुशवाहा, रूही कुशवाहा, अक्षिता कुशवाहा, कृतिका कुशवाहा, शिवन्या पटेल, भव्या वर्मा आदि प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## बाल श्रम कराना एक अपराध है, हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का अधिकार है-जिला प्रशासन



**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार जनपद में बाल श्रम को रोकने और हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का अधिकार दिलाये जाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में श्रम विभाग एवं यूनिसेफ के पदाधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्रम विभाग के अतिरिक्त सरकार के अन्य विभाग जैसे शिक्षा, पंचायती राज, महिला कल्याण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पुलिस, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, ग्राम्य विकास व सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग भी उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त बाल श्रम उन्मूलन व पुनर्वासन कार्यों में स्थानीय स्तर पर गैर सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों श्रमिक एवं नियोक्ता संगठनों व अन्य स्टेकहोल्डर्स भी शामिल रहे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि 17 जून तक विशेष जागरूकता अभियान जनपद में बाल श्रम के विरूद्ध चलाया जायेगा, जिसमें यूनिसेफ द्वारा भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा, शादी-विवाह कार्यक्रमों में बाल श्रम को रोकने हेतु टेण्ट संचालक, डीजे व बैण्ड संचालक, हलवाई, शादी घर मालिकों एवं वर व वधू से लिखित प्रमाण-पत्र समारोह से पूर्व लिया जाये कि उनके द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का बाल श्रम नहीं कराया जायेगा, यदि कहीं भी बाल श्रम होता पाया गया तो तत्काल दण्डात्मक कार्यवाही की जाये व जनपद में बेकरी संचालकों व अन्य प्रतिष्ठानों में प्रायः कार्यवाही की जाती रही है, खाद्य सामग्री प्रतिष्ठानों में बाल श्रम कराये जाने वाले सेवायोजकों व दुकानदारों के विरूद्ध लाईसेंस निरस्त की कार्यवाही भी की जाये, छापेमारी के दौरान सहायक खाद्य आयुक्त भी शामिल रहें व नगर पालिका व नगर पंचायतों में भी बाल श्रम कराने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये, जिससे जनपद को बाल श्रम मुक्त कराया जा सके व शिक्षा विभाग के यूडायस कोड में पंजीकृत छात्र व छात्राओं का सर्वेक्षण कराया जाये जो 15 से 20 दिन निरन्तर अनुपस्थित रहे हों, यदि वह बाल श्रम में नियोजित हों तो उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाये और सेवायोजकों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि ''बाल श्रम रोको'' विशेष अभियान के दौरान छापेमारी टीम व जनपद स्तरीय अधिकारियों व नामित निरीक्षकों व टास्क फोर्स के लक्ष्य निर्धारित कर ग्राम पंचायत स्तर पर कराये जा रहे बाल श्रम को रोका जाये। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि एक्ट् में जिसको निरीक्षक घोषित किया गया हो उसको तहसील-वार, ब्लाक-वार, लक्ष्य दिया जाये ताकि अधिक से अधिक बच्चों को अवमुक्त कराया जा सके। बैठक में बताया गया कि बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 के अन्तर्गत सभी प्रकार के कार्यों में बच्चों 14 वर्ष से कम के कार्य करने पर प्रतिबन्ध के साथ ही किशोरों 14-18 वर्ष तक के खतरनाक व्यवसायों व प्रक्रियाओं में प्रतिबन्धित होगा व धारा-3 के अंतर्गत 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिये किसी प्रकार का भी श्रम कार्य प्रतिबन्धित कर इसे शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 से जोड़ा गया है व किशोर-किशोरियों 14 से 18 वर्ष के लिये कार्य करने पर प्रतिबन्ध धारा-3ए के तहत श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित खतरनाक व्यवसायों व प्रक्रियाओं जैसे-खतरनाक व्यवसायों व प्रक्रियाओं जिनमें किशोर-किशोरियों का काम करना व बच्चों 14 वर्ष से कम का मदद करना प्रतिबन्धित है वह खतरनाक व्यवसाय व प्रक्रियाएं जिनमें पार्ट 'ए' के अतिरिक्त बच्चों 14 वर्ष से कम आयु का परिवार के कार्यों में मदद करना प्रतिबन्धित है, इस हेतु दण्ड के रूप में धारा-3 व 3ए के अन्तर्गत किये जाने वाले अपराध संज्ञेय अपराध होगा और न्यूनतम 6 माह व अधिकतम 2 वर्ष की सजा व न्यूनतम 20,000 व अधिकतम 50,000 का जुर्माना अथवा दोनों अपराध की पुनरावृत्ति पर न्यूनतम 1 वर्ष व अधिकतम 3 वर्ष की सजा का प्रावधान है। संज्ञेय अपराधों में अधिनियम के अन्तर्गत अब सीधे एफआईआर दर्ज करायी जा सकती है, पुलिस अधिकारी को विवेचना के लिये मजिस्ट्रेट की अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, आवश्यक होने पर पुलिस अधिकारी गिरफ्तार भी कर सकता है, जिस व्यक्ति के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायी जायेगी उसे अपराधिक मुकदमें का सामना करना होगा। कार्यक्रम के अन्त में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया एवं प्रचार वाहन व रैली को जिलाधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया जो शहर के विभिन्न स्थानों पर घूमकर बाल श्रम रोकथाम हेतु जानकारी दी एवं प्रचार-प्रसार किया। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गयी कि वह जनपद को बाल श्रम मुक्त करायेंगे। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला सूचना अधिकारी डी.एस. दयाल, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजेश बघेल, बाल विकास परियोजना अधिकारी खुशबू यादव, प्रभारी डी.आई.ओ.एस. कोमल सिंह नरवरिया, प्रभारी बीएसए नन्दित कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, यूनीसेफ से परीक्षित सेठ, इण्टेक महासचिव विनोद कुमार मिश्रा, अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, सोसायटी फार प्रगति भारत की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर दीपाली पटेरिया, जनसाहस जिला समन्वयक राजेश कुमार आदि उपस्थित रहें।

# असहाय कैदियों को प्रदान किए जाएंगे निशुल्क अधिवक्ता

**■ जिला जज ने डीएम, एसपी के साथ जेल में बोला औचक धावा**
**■ निरीक्षण कर अधिकारियों ने देखी जेल की व्यवस्थाएं**

**बांदा।** गरीब कैदियों को निशुल्क अधिवक्ता प्रदान किए जाएंगे। जिससे उनकी पैरवी की जा सके। कैदियों से वार्ता करने के दौरान जिला जज ने पूर्णतः उन्हें आश्वास्त किया है।

जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह द्वारा शुक्रवार को जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चन्द्रपाल प्रथम अपर जिला जज, श्रीपाल सिंह अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिलाधिकारी जे0 रीभा, पुलिस अधीक्षक पलाश बसंल तथा प्रफुल्ल कुमार चौधरी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम अधिकारियों द्वारा संयुक्त रुप से बैरक सं0-06, 9ए, बी, उए, उबी, कारागार अस्पताल व पाकशाला निरीक्षण किया गया। सभी बैरकों में निरुद्ध बन्दियों से अधिवक्ता न होने की स्थिति में निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराये जाने की जानकारी प्रदान की गयी। जिसमें 03 बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता भी उपलब्ध कराये गये। पाकशाला का निरीक्षण किया गया, जहां पर मीनू के अनुसार दोपहर के भोजन में अरहर की दाल, रोटी, चावल व आलू कुल्फा की सब्जी तैयार की जा रही थी।



बांदा : जेल का निरीक्षण करते अधिकारी ।

जिला जज द्वारा वाटर ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण किया गया, जिला जज द्वारा खुली नालियों को शीघ्र बन्द कराये जाने के निर्देश जेल अधीक्षक अनिल कुमार गौतम को दिये गये, जिससे कि बैरकों में मच्छरों व गन्दगी से बचा जा सके। जिलाधिकारी द्वारा पीने की पानी की व्यवस्था जांची गयी जो कि सन्तोषजनक पायी गयी। जिला जज द्वारा कारागार अस्पताल का निरीक्षण किया गया जहां गम्भीर बीमारी कैंसर से पीड़ित दो बन्दियों से उनके इलाज व खान-पान के सम्बंध में जानकारी ली। जिला जज द्वारा अस्पताल में एडमिट बन्दियों से उनसे मुकदमों के सम्बंध में जानकारी ली गयी तथा बताया गया कि ऐसे बन्दी जिनकी जमानत सर्वोच्च न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय में लम्बित हैं तथा उनके पास अपने निजी अधिवक्ता नही हैं, ऐसे में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को जमानत हेतु अपने प्रार्थना पत्र प्रेषित करें जिससे कि जमानत सम्बंधी अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जा सकें। यदि आपके साथ किसी बन्दी अथवा कारागार स्टाफ द्वारा जातीय भेदभाव की भावना रखी जाती हैं अथवा यदि आपको ऐसा अनुभव होता है कि आपके साथ जातीय भेदभाव किया जा रहा हैं तो आप इसकी सूचना सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उनके साप्ताहिक निरीक्षण में कारागार आने पर अथवा अथवा सचिव के नाम लिखित प्रार्थना भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में दिया जा सकता हैं। कारागार में उपलब्ध अभिलेखों की जांच में बन्दियों की जाति का कॉलम नही पाया गया। इसके अतिरिक्त महिला बैरकों का निरीक्षण किया गया। जहां पर जिला जज द्वारा आर्थिक रुप से कमजोर महिला बन्दियों के पास मुकदमों की पैरवी हेतु निजी अधिवक्ता न होने की दशा में निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जाने हेतु जानकारी ली गयी तो 02 महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि उन्हे मुकदमों की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जा चुके हैं। जिलाधिकारी जे0 रीभा द्वारा एक महिला बन्दी को विधिक सुझाव व सहायता प्रदान की गयी। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा बैरक निरीक्षण में महिला बन्दियों को प्राप्त होने वाले वेजेज के सम्बंध में जानकारी ली गयी। निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक अनिल कुमार गौतम, जेलर राकेश कुमार मौर्य, उपजेलर निर्भय सिंह, मधुरपाल, डा0 संजीव वर्मा, डा0 सर्वजीत कुमार, राशिद अहमद-डी0ई0ओ0 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व गजेन्द्र कुमार-आंशुलिपिक जनपद न्यायालय उपस्थित रहें।

# पुलिस के हत्थे चढ़े तीन वारंटी



बांदा : पुलिस हिरासत में पकड़े गए आरोपी ।

**■ अलग-अलग मुकदमों में फरार चल रहे थे अभियुक्त**
**■ कई अभियुक्तों पर की गई निरोधात्मक कार्यवाही**

**बांदा।** लगातार फरार चल रहे तीन वारंटी अभियुक्तों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह लड़ाई झगड़ा करने पर कई अभियुक्तों के विरुद्ध शांति भंग की कार्यवाही पुलिस द्वारा की गई है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा 03 वारन्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। महिला थाना द्वारा 02 वारंटी, थाना जसपुरा पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त तथा थाना गिरवां पुलिस द्वारा निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय पेश किया गया। महिला थाना पुलिस द्वारा वारंटी नीरज सोनी पुत्र रामआसरे, दीपक सोनी रामआसरे निवासीगण गणेशगंज थाना कोतवाली कटरा जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना जसपुरा पुलिस द्वारा वारंटी रामसेवक पुत्र रघनंदन निवासी कुण्डाडोल थाना जसपुरा को गिरफ्तार किया है।

थाना गिरवां पुलिस द्वारा निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त सोनू उर्फ प्रदीप कुमार श्रीवास्तव पुत्र युगुलकिशोर निवासी सरस्वाह थाना गिरवां, देवीशरण पुत्र मेहसुरा बर्मा निवासी सरस्वाह थाना गिरवां, जमुना पुत्र चुन्नी वर्मा निवासी दुर्गापुर थाना गिरवां को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

एडीशनल एसपी शिवराज ने बताया कि अदालत में हाजिर न होने के चलते अभियुक्तों के विरुद्ध अदालत द्वारा गैरजमानती वारंट जारी किया गया था। जिन्हें पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया है।

## प्रेमी के साथ पकड़े जाने पर किशोरी ने खाया जहर

**बांदा।** प्रेमी के साथ पकड़े जाने के बाद किशोरी ने जहर खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। इधर घर वालों ने प्रेमी पर जहर खिलाने का आरोप लगाया है। गिरवां थाना क्षेत्र के एक गांव की 15वर्षीय किशोरी अपने भाई और चाचा के साथ 11 जून को अतर्रा के गर्गन पुरवा दहिनवारा संस्कार में शामिल होने गई थी। वहां गुरूवार को वह गांव आई थी। शाम को वह घर से लापता हो गई। देर तक वापस न आने पर घरवालो ने उसकी खोजबीन किया काफी देर बाद वह प्रेमी के साथ खेत पर मिली। घरवालो को देख किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे तत्काल रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई ने आरोप लगाया है कि कथित प्रेमी ने उसकी बहन को खेत पर बुलाया और जहरीला पदार्थ खिला कर मार डाला। परिजनो ने प्रेम को पकड़ लिया है। चौकी प्रभारी खुरहंड का कहना है कि किशोरी की सल्फास खाने से मौत हुई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। उधर पोस्टमार्टम के दौरान उसका बिसरा सुरक्षित रखा दिया गया है।

## खबर एक नज़र

### पत्नी से झगड़ कर युवक ने लगाई फांसी

**बांदा।** नशे में हंगामा कर रहे पति को मना किया तो पति पत्नी के बीच विवाद हो गया। किसी तरह समझ बुझाकर मामले को शांत कराया। किसी तरह उसे कमरे के अंदर कर दिया गया। रात को उसने दीवार के रोशन दान में निवाड़ से फंसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के छाबी तालाब मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय पप्पू पुत्र रामप्रकाश गुरूवार की रात नशे की हालत मे घर आया और हंगामा मचाने लगा। घरवालो ने मना किया। इसी बात को लेकर पत्नी शिवभावनी ने मना किया। इसी बात को लेकर दोनो में विवाद हो गया। किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराने के बाद वह कमरे में सोने चला गया। रात को दीवार में बने रोशन दान पर निवाड़ से फंसी लगा लिया। सुबह जब वह कमरे से बाहर नही निकला तो परिजनो ने दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई हरकत नही हुई। उसका पुत्र अनिल रोशन दान से घुस कर कमरे के अंदर पहुंचा देखा तो पप्पू फंदे पर लटक रहा था। उसने दरवाजे की कुडी खोली सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की मां मुम्मी ने बताया कि पप्पू शराब पीने का आदी था। नशे में पत्नी से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर उसने यह घटना अंजाम दी। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा दो पुत्र एक पुत्री छोड़ गया है।

### जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायत सुन किया निस्तारण

**हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में लगभग 90 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअलध् जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

### चार जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**चित्रकूटः** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सरधुवा के उपनिरीक्षक राजेश कुमार राय एवं उनकी टीम उपनिरीक्षक नितिश कुमार यादव, मुख्य आरक्षी बृजेन्द्र कुमार, आरक्षी ललित सोनी व राहुल पुरी द्वारा आरोपी दयाशंकर पाण्डेय निवासी कटरी थाना पश्चिम सरीला जनपद कौशाम्बी तथा प्रांजुल उपाध्याय, सुनील कुमार उर्फ लक्ष्मण व नरेन्द्र यादव निवासीगण बरद्वारा थाना सरधुवा जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से नकदी व ताश के पत्ते भी बरामद किए गए। इस सम्बन्ध में आरोपियों के विरुद्ध थाना सरधुवा में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

### अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

चित्रकूटः अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना राजापुर के उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार व उनके हमराही शुभम मिश्रा द्वारा आरोपी सत्यनारायन निषाद निवासी केवटरहा मोहल्ला कस्बा व थाना राजापुर को 30 क्वार्टर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# तमंचे के साथ पकड़े गए शातिर अभियुक्त

**■ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अभियुक्तों को भेजा जेल**
**■ बिसण्डा तथा कोतवाली पुलिस ने दबोचने में हासिल की सफलता**

**बांदा।** थाना पुलिस ने तमंचे के साथ अलग-अलग दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के संग्रहण, बिक्री व निर्माण करने वालों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अलग अलग थाना क्षेत्रों से 02 अभियुक्तों को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना कोतवाली देहात व बिसण्डा पुलिस द्वारा 01-01 अभियुक्त नीशू सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी छेहरांव थाना कोतवाली देहात को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक कृष्ण बिहारी लाल मिश्रा, आरक्षी अंकेश कुमार, अंकित




बांदा : पुलिस हिरासत में पकड़ा गया अभियुक्त ।

यादव, हरिश्चन्द्र शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार दुबे ने बताया कि मुखबिर के जरिए नीशू सिंह के तमंचे के साथ मौजूद होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर तत्काल उन्होंने पुलिस टीम भेजी। जिसे सक्रियता के साथ पुलिस द्वारा धर दबोचा गया। इसी तरह थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त शिवशरन पुत्र सदाशिव उर्फ देशराज सिंह निवासी बाघा थाना बिसण्डा को एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरिशरण सिंह, आरक्षी पवन कुमार, आशीष कुमार शामिल रहे। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। लेकिन सटीक सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार करने के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

# कार्यभार ग्रहण कर नवागंतुक जिला समाज कल्याण अधिकारी वैभव त्रिपाठी ने बताईं प्राथमिकताएं

**चित्रकूट ब्यूरोः** नवागंतुक जिला समाज कल्याण अधिकारी वैभव त्रिपाठी ने विकास भवन स्थित समाज कल्याण कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। साथ ही अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक कर विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को देने के निर्देश दिए।



नवागंतुक जिला समाज कल्याण अधिकारी वैभव त्रिपाठी ने कार्यभार ग्रहण कर विभाग के सभी पटल के कर्मचारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने सभी कर्मचारियों से कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा लिए चलाई जा रही दर्जनों कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब जनता को दिलाएं। इसके बाद उन्होंने बताया कि वह 2016 बैच के अधिकारी हैं और 2006 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने उनको हिंदी साहित्य में गोल्ड मेडल दिया है। बताया कि वह मूल रूप से प्रतापगढ़ जनपद के निवासी है तथा उनकी पहली नियुक्ति रायबरेली जिले में हुई थी। जहां पर तीन वर्ष से अधिक सेवा देने के बाद उनका स्थानांतरण सोनभद्र जिले में हुआ। जहां उन्होंने एक वर्ष तक अपनी सेवाएं दीं। इसके बाद अब शासन ने उनका स्थानांतरण चित्रकूट जनपद में किया हैं। बताया कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें चित्रकूट जनपद में अपनी सेवाएं देने का अवसर मिला। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक सत्येंद्र बहादुर सिंह, संदीप सिंह, इनायत खान, अर्चना, पवन यादव आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने पेयजल कार्यों की समीक्षा लेकर सम्बन्धितों को दिए आवश्यक निर्देश

**चित्रकूट ब्यूरोः** जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने पेयजल कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिषा-निर्देश दिए। साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम ने डीएम को बताया कि सिलौटा मुस्तकिल पेयजल योजना के कुल 143 मजरो में से 103 मजरो में शत-प्रतिशत नियमित जलापूर्ति शुरु कर दी गई है। इसी प्रकार रैपुरा ग्राम पेयजल योजना के अंतर्गत कुल 321 मजरों के सापेक्ष 179 मजरों में जलापूर्ति शुरु कर दी गई है तथा चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत कुल 1201 मजरों में से 321 मजरों में जलापूर्ति शुरु कर दी गई है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को शेष बचे मजरों में 30 जून तक नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पेयजल की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जल निगम कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए। कहा कि कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली पेयजल समस्याओं का सहायक अभियंता स्तर के दो अधिकारी समय से निस्तारण कराएं। कहा कि चांदी बांगर, सिलौटा मुस्तकिल एवं रैपुरा पेयजल योजना के अंतर्गत जो ओएसटी अभी तक क्रियाशील नहीं हुए हैं, उन ओएसटी को क्रियाशील करने के लिए तथा ओएचटी पर अवशेष फिनिशिंग कार्यों को पूर्ण करने के लिए कार्य योजना तैयार करके शेष कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराए।

डीएम ने कहा कि पेयजल योजनाओं के अंतर्गत मजरा वार अवशेष कार्यों को पूर्ण करने के लिए कार्य योजना तैयार करें तथा प्रत्येक दिन जूनियर इंजीनियर के माध्यम से कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराएं। साथ ही प्रत्येक जूनियर इंजीनियर एवं टीपीआई के इंजीनियर नियमित रूप से अपनी रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को प्रस्तुत करें। कार्यदायी संस्था एलएनटी एवं जीवीपीआर को निर्देशित किया कि आवश्यक मैनपॉवर व मशीनरी लगाकर मजरे वार समस्त कार्यों को पूर्ण कराकर नियमित जलापूर्ति शुरू कराएं। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत जलापूर्ति वाले गांवों में जूनियर इंजीनियर और टीपीआई के इंजीनियर के साथ ग्राम प्रधान एवं सचिव की संयुक्त टीम द्वारा जांच कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत प्राप्त हो रही विद्युत समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराएं।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल यादव, अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष भारती, सहायक अभियंता महावीर सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# चोरी के सामान सहित दो चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरोः** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो चोरों को चोरी के सामान के साथ साथ गिरफ्तार किया है।



कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के तुलसीनगर कसहाई रोड़ निवासी अजीत सिंह पुत्र नागेन्द्र सिंह ने बीती 12 मई को सूचना दी कि मण्डी परिसर में आईएफएफडीसी कृषक सेवा केन्द्र में अज्ञात चोर पीछे की खिड़की तोड़कर केन्द्र के अन्दर घुसकर कार्यालय में लगे जियो एयर फाइवर सेट टॉप बाक्स व राउटर चोरी कर ले गए है। इस सूचना पर सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर घटना के खुलासे व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। मामले की विवेचना के क्रम में बीते गुरुवार की रात्रि चौकी प्रभारी मण्डी समिति विवेक कुमार व उनकी टीम उपनिरीक्षक गौरव तिवारी, मुख्य आरक्षी अवधेश कुमार, आरक्षी शिवपूजन यादव व कृष्ण कुमार ने दो आरोपी अरबाज खान उर्फ आशु निवासी भैरोंपागा पुरानी बाजार कोतवाली कर्वी व अमन कुमार निवासी लक्ष्मणपुरी बस स्टैण्ड के पीछे कोतवाली कर्वी को गल्ला मण्डी परिसर से गिरफ्तार कर लिया। पूंछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि उन लोगों ने मण्डी के खाद गोदाम से जिओ सेट टॉप बाक्स व दो राउटर चोरी किए थे। आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया गया।

# कांग्रेसियों ने अहमदाबाद प्लेन हादसे पर जताया शोक

**चित्रकूट ब्यूरोः** संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस समिति द्वारा शुक्रवार को रामनगर ब्लॉक के देऊधा व पहाड़ी ब्लाक के मिर्जापुर गांव में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अहमदाबाद प्लेन हादसे को लेकर दुःख व्यक्त किया गया। साथ ही सभी मृत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई।



बैठक में जिला समन्वयक दिनेश यादव व आदित्य स्वरूप पांडेय ने कहा कि अहमदाबाद में हुई प्लेन दुर्घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। बैठक में पहाड़ी ब्लाक की औदहा ग्राम सभा के दलित बस्ती में पांच लोगों के मकानों में आग लगने की जानकारी मिलने पर वहां पहुंचकर पूरी अग्निपीड़ितों से वार्ता कर उचित मुआवजा व आवास देने के लिए उच्चाधिकारियों से मांग की गई। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, पीसीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडेय, कांग्रेस नेता दीपक सिंह, विनय सिंह चौहान, विजयमणि त्रिपाठी, कामता प्रसाद द्विवेदी, शिवशंकर खंगार, रवि राजपूत, विनोद वर्मा, रमाकांत श्रीवास्तव, राजेश सिंह पटेल, आलोक शुक्ला, दीपक सिंह, नरेंद्र यादव, दयाशंकर निषाद, दीपराज सिंह, प्रिंस सिंह, गुड्डू प्रजापति, महेंद्र सिंह, रामगोपाल तिवारी, रामभवन पाल, मुस्ताक, हेमराज, रामबाबू सिंह, सरोज गुप्ता, संजय कुमार, ज्ञानचंद्र, अनीश मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# जिला अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजित

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना के कुशल दिशानिर्देशन, मार्गदर्शन व नेतृत्व में जनपद में विकास कार्यों, राजस्व कार्यों एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है।

इसी क्रम में माह मई 2025 की शासन द्वारा जारी की गई विकास कार्यों से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद मई माह की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में 92.20 अंको के साथ प्रदेश स्तर पर जनपद को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है । ज्ञात हो कि गत माह में भी विकास कार्यों से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद को प्रदेश स्तर पर मार्च 2025 की रैंकिंग में प्रथम रैंक प्राप्त हुई थी ।

सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों से संबंधित विभागवार रैंकिंग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना , सोलर स्ट्रीट लाइट ग्राम उन्नति योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन ,पर ड्रॉप मोर क्राप माइक्रो इरिगेशन, खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का निस्तारण ,दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण एवं शहरी,विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन, कृषि रक्षा रसायन डीबीटी ,प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना, बीज डीबीटी,मनरेगा भवन निर्माण ,सड़क निर्माण,102 एम्बुलेंस व 108 एम्बुलेंस,टेली रेडियोलॉजी , बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव कार्यक्रम, सिटी स्कैन सेवाएं,दूध मूल्य भुगतान स्थिति ,सहकारी दुग्ध समितियां,दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग पेंशन आधार सीडिंग, जल जीवन मिशन, पांचवा राज्य वित्त आयोग ग्राम पंचायत ,व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प ,पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षण, अंडा उत्पादन , निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण,पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, संरक्षित निराश्रित गोवंशों की सुपुर्दगी, शादी अनुदान योजना, मत्स्य उत्पादन, निराश्रित महिला पेंशन का आधार सीडिंग, निराश्रित महिला पेंशन, कन्या सुमंगला योजना ,प्रोजेक्ट अलंकार, सेतु निर्माण, नई सड़कों का निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण , ओडीओपी टूलकिट वितरण एवं वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना ,राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना ,राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन का आधार सीडिंग, जिला सहकारी बैंक अल्पकालीन ऋण वितरण एवं वसूली, रबी फसल टेल फीडिंग व सिल्ट सफाई इन सभी कार्यों में जनपद को शत प्रतिशत अंको के साथ ए ग्रेड के साथ चौथा रैंक प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना ने कहा कि जनपद को प्रदेश स्तर पर प्राप्त हुई इस सम्मानजनक स्थिति में लाने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसी प्रकार से सभी संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी अपनी विभागीय योजनाओं ध् कार्यों को अच्छे ढंग से धरातल पर क्रियान्वित करते हुए जनपद को प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पर बनाए रखने का प्रयास किया जाए।

## परिषदीय स्कूल 1 जुलाई से खोले जायें. मुकुट

**इटावा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी व किसानसभा संयुक्त व्यान में कहा कि भीषण गर्मीए और लू के कारण जनजीवन त्रस्त है। ऊपर से ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की कटौती हो रही है। ऐसे में परिषदीय स्कूलों को 16 जून को खोलने से बच्चों के सामने गम्भीर स्वास्थय समस्यायें आ सकती है। माकपा जिलामंत्री एनआर यादव व किसान सभा के जिलामंत्री संतोष शाक्य ने जनहित में जिलाधिकारी को पत्र लिखते हुए परिषदीय स्कूलों को 1 जुलाई से खोलने के लिए शासन से संस्तुति करने का अनुरोध किया।

# बुद्ध कथा का कथा का आयोजन 10 को होगा समापन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जनपद के रैपुरा में चल रही बुद्ध गाथा में रविवार को जनपद के विभिन्न अतिथियों व समाजसेवियों ने बुद्ध गाथा वाचक स्वदेश रत्न व उनकी टीम का किया सम्मान। जनपद के थाना रामगढ़ क्षेत्र के गांव रैपुरा में ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से बुद्ध गाथा का आयोजन कराया गया । बुद्ध गाथा 3 जून से प्रारंभ हुई जो कि 9 जून तक चलेगी तथा 10 जून को प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजन विशाल स्तर पर किया जा रहा है । इस दौरान बुद्ध गाथा वाचक स्वदेश रत्न ने आठवें दिन भगवान बुद्ध ने कैसे एक अंगुलिमार जैसे डाकू के हृदय को परिवर्तित कर नेक मनुष्य में परिवर्तित किया तथा बुद्ध ने करुणा दया सत्यता के मार्ग पर चलने का मंत्र दिया यह समझाया ।

इस दौरान विपिन कुमार एडण् प्रधान प्रतिनिधि उसायनी सीनियर पत्रकार जनपद फिरोजाबाद भुवनेश चंद्रा शिक्षक नेता समाजसेवी शिव भाटिया बसपा नेता आदि ने भी गाथा वाचक स्वदेश रत्न व उनकी टीम का भगवान बुद्ध व बाबा साहब की तस्वीर भेंट कर व पट्टिका पहनाकर स्वागत किया । इस दौरान कमेटी के लोगों में पूरन सिंह पूर्व प्रधान गिरीश फौजी शशि कुमार विवेक कुमार लायक सिंहएसुनील कुमार सेवा राम बिमला देवी चमेली देवी साधना दिया तथा अधिक से अधिक संख्या में लोगों से अंतिम दिवस गाथा सुनने आने तथा प्रसाद ग्रहण करने आने की भी अपील की ।

# भू-माफिया से जान माल की रक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था की उप जिलाधिकारी से मांग की

**छिबरामऊ कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन अऔनू के पूर्व प्रदेश महासचिव गोपाल दुबे ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए भू माफिया से अपनी जान माल की रक्षा की गुहार लगाई, मोहल्ला विद्या निवासी अब्दुल कयूम जनवासी उनकी लगभग 30 एकड़ से अधिक जमीन छिबरामऊ शहर अन्य स्थानों पर स्थित है जिसकी छानबीन कर प्रार्थी द्वारा उपरोक्त प्रकरण को उठाया गया 1923 में अपनी बेटी हलीमा बीवी के नाम सर्बराकारी लिखी गई 1948 में हलीमा बीवी पाकिस्तान चली गई और संपत्ति यही बच गई भू माफिया द्वारा नगर पालिका परिषद से मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर विरासत दर्ज कराई गई जो उप जिला अधिकारी द्वारा 15 5 25 को निरस्त कर दिया गया राज्य सरकार के अधीन कर दी गई भूमाफियाओं द्वारा लगातार प्रार्थी के ऊपर प्रार्थना पत्र वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है वापस न लेने की दिशा में ज्ञानमल की धमकी दी गई है उप जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में अभियोग दर्ज भू माफिया के खिलाफकठोर कॉलोनी कार्रवाई करिए जाने वह सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करने की मांग की गई



# विरितया नगर के लोगों को सता रहा बुलडोजर भय

**-आदेश के बाद पूरे दिन चर्चाओं का बाजार गर्म**

**-अवैध घोषित किया जा सकता है निर्माण**

**छिबरामऊ कन्नौज।** बीवी हलीमा के पाकिस्तान जाने के बाद उनसे जुड़ी छिबरामऊ देहात की गाटा संख्या 625 रखवा 0ण्5500 पर इस समय बड़ी.बड़ी बिल्डिंग में खड़ी है। लोगों के मुताबिक यह नगर के मोहल्ला विरितया में पड़ता है ।एसडीएम के आदेश के बाद हलीमा बीवी से जुड़ी सभी संपत्ति राज्य सरकार में निहित हो चुकी है ।ऐसे में हलीमा बीवी से जुडी जमीन पर यह रह रहे लोग अवैध कब्जे दार माने जाएंगे ।ऐसे में उन लोगों में अब कार्रवाई के नाम पर बाबा के बुलडोजर का डर सता रहा है। हलीमा बीवी से जुड़ी सभी संपत्तियों को स्थानीय प्रशासन ने लावारिस मानते हुए। उन्हें राज्य सरकार में निहित करने का मंगलवार को आदेश पारित कर दिया। उप जिलाधिकारी मजिस्ट्रेट द्वारा बाद से हलीमा बीवी से जुड़ी जमीनों पर जिन लोगों के कब्जे हैं ।अब यह मंगलवार से पूरी तरह अवैध माने जाएंगे ।सबसे बड़ी समस्या तो गाटा संख्या 625 जो की मोहल्ला विरतिया से ताल्लुकात रखता है ।यहां अब इस आदेश के बाद से घबराहट बढ़ गई है ।राज्य सरकार की संपत्ति हो जाने के बाद से वहां रह रहे लोगों में अब बाबा के बुलडोजर का डर भी सताने लगा है। एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि यह सारी सही है कि जब सभी संपत्ति राज्य सरकार में निहित हो गई है तो उसे संपत्तियों पर जिनके कब्जे हैं उन्हें अवैध माना जाएगा ।

# फ़तहे बिलग्राम मिशन के द्वारा लगाया गया फ्री तिब्बे यूनानी मेडीकल कैम्प में पहुंचे 103 मरीज़

**छिबरामऊए कन्नौज।** मोहल्ला बिरतिया आजाद मकतब पाठशाला के पास फ़तेह बिलग्राम मिशन की तरफसे फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 11



बजे से शाम 7 तक चला जिसमें 103 मरीज पहुंचें ।

हुजूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी के द्वारा फ़तेह बिलग्राम मिशन तिब्बे यूनानी फ़्री मेडिकल कैम्प बरेली के मशहूर हकीम अब्दुल हक के द्वारा मरीजों को देखा गया और मर्ज के हिसाब से मरीज को फ्री में दवाईया दी गई ।

# टेलीग्राम एप पर डबल मनी का झांसा देकर तीन साइबर ठगो को गोवा से किया गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** साइबर थाना ने टेलीग्राम एप पर डबल मनी का झांसा देकर ठगी करने वाले तीन शातिर युवकों को गोवा से गिरफ्तार किया है उनके कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चेक बुक तथा नगदी बरामद हुई है ।

टेलीग्राम एप और फर्जी ऑनलाइन गेम वेबसाइट के माध्यम से लोगों को दोगुना पैसा कमाने का झांसा देकर करीब 9ण्5 लाख रुपये की ठगी करने वाले तीन साइबर ठगों को पुलिस ने गोवा से गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सामान नकदी और बैंकिंग दस्तावेज बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई एस पी के निर्देशन में की गई जिले के थाना राजेपुर के चाचूपुर निवासी सुमित कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया थाए जिसमें पीड़ित ने बताया कि उससे टेलीग्राम एप पर निवेश के नाम पर लगभग 9ण्5 लाख रुपये की ठगी की गई है। यह मुकदमा साइबर थाने में दर्ज किया गया था ।

जांच में जुटी पुलिस टीम ने खातों की जांच कॉल डिटेल और लोकेशन के आधार पर अभियुक्तों का सुराग लगाया।

इसके बाद टीम ने गोवा के सालीगांव थाना क्षेत्र के मरोड गांव में छापा मारकर जिगर प्रहलाद भाई ठक्कर वीरेन बाबू भाई पटेल उमंग हितेश भाई पटेल सभी सभी गुजरात प्रांत के गांव पालनपुर जिला बनासकांठा के हैं।तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तीनों युवकों ने सामूहिक रूप से टेलीग्राम पर लोगों को टास्क पूरा करने व इनाम जीतने का लालच देते थे। शुरू में मामूली रकम लौटाकर विश्वास बनाते और फिर बड़ी रकम की ठगी करते। वे लोगों से फर्जी खाते खुलवाकर संबंधित बैंकिंग किट मंगा लेते और उनका इस्तेमाल ठगी में करते। बरामद किये गए।42 मोबाइल फोन 83 एटीएम कार्ड 27 सिम कार्ड 8 लैपटॉप 3 क्यूआर कोड 4 इंटरनेट राउटर 1 लेन कनेक्टर 37 चेकबुक 38 पासबुक 58 बैंकिंग किट 7 रजिस्टर 24 450 रुपए नगद बरामद किए हैं ।

# दलित महिला के साथ दुष्कर्म के प्रयास व दलित उत्पीड़न में आजीवन कारावास

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष एस सी एस टी एक्ट अभिनीतिम उपाध्याय ने दलित महिला के साथ गलत काम करने के प्रयास के मामले में देवरूप गंगवार पुत्र स्व दीनदयाल उर्फपहलवान निवासी ग्राम सैंथरा कायमगंज को आजीवन कारावास व 1ए 50000जुर्माना भी लगाया गया है ।

बीते दो वर्षों पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम एक युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया तीन अगस्त 2023 को दिन गुरुवार समय लगभग साढ़े नौ बजे मेरी पुत्री अपने घर से शौचक्रिया के लिए खेत पर गई थी तभी देवरूप गंगवार ने उसे खींचकर आम के बाग में ले गया और दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा जबकि मेरी पुत्री मानसिक रूप से पीड़ित है वहां पर मौजूद अज्ञात लोगों ने इस घटना की वीडियो बना ली पुत्री ने घर आकर घटना बताई तब से वह रो रही है पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह अनुज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अभिनीतिम उपाध्याय ने देवरूप गंगवार को आजीवन कारावास और 1ए50000 का जुर्माना भी लगाया।

# राष्ट्रीय ब्रह्म मंच ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद।तहसील क्षेत्र के याकूतगंज कस्बे में एक हिंदू युवक के अपहरण की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगा रहा है वहीं जिले भर के हिंदू संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। इस गंभीर घटना को लेकर राष्ट्रीय ब्रह्म मंच के नगर अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि याकूतगंज जैसे शांत क्षेत्र में अपहरण की यह घटना न केवल प्रशासनिक विफलता है बल्कि समाज में असुरक्षा का माहौल भी पैदा कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ स्थानीय तत्व अपराधियों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं जिससे पीड़ित परिवार और अधिक भयभीत है।इस दौरान हिंदू राष्ट्र शक्ति के प्रदेश प्रवक्ता देवेश नारायण अवस्थी सुमन राजपूत रीतु शुक्ला डॉण् मनोज चतुर्वेदी अधिवक्ता दिवाकर दत्त द्विवेदी शिवम त्रिपाठी शिवेंद्र मिश्रा विनोद राजपूत अनमोल पांडेय अमित दीक्षित उमाशंकर मौजूद रहे

## एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

# यातायात के नियम अग्निशमन सुरक्षा अधिकारियों ने बताए सुरक्षा के उपाय



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर तथा कैंप कमांडेंट कर्नल अमरजीत सिंह मलिक के निर्देशन में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण सिविल 33 में आपदा प्रबंधन तथा यातायात के नियम बताए गए।

कैंप के चौथे तथा पांचवें दिन शिवाय योग पीठ के योगाचार्य अमित सक्सेना ने योग कराया साथ ही सभी एनसीसी कैडेट्स को फायरिंग प्रेक्टिस तथा सिखलाई रेजीमेंट सेंटर एवं राजपूत रेजीमेंट सेंटर संग्रहालय का भ्रमण कराया गया।

लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर ने प्राकृतिक तथा मानव निर्मित आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने भूकंप बाढ़ सूखा आकाशीय बिजली का गिरना आग लग जाने से सुरक्षा आदि आपदाओं से बचने के उपाय बताए।

घरों में गैस सिलेंडर में आग लग जाने पर अग्निशमन सुरक्षा विभाग से आए उपनिरीक्षक भंवर सिंह ने डेमो देकर एनसीसी कैडेट को बचाव एवं सुरक्षा के बारे में बताया ।

उन्होंने बताया कि यदि घर में गैस सिलेंडर में आग लग जाए तो घबराने की जरूरत नहीं हैए बल्कि सूझबूझ से काम कर करना चाहिए। उन्होंने आग बुझाने के कई तरीके बताए।

कैम्प में राजपूत रेजीमेंट सेंटर से ड्रिल इंट्रेक्टर ने एनसीसी कैडेट्स को ड्रिल करने के तरीके सावधान विश्राम तथा सामने सैल्यूट दाएं सेल्यूट बाएं सेल्यूट का प्रशिक्षण दिया।कैंप में आए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन वी एन चौधरी ने एनसीसी कैडेट्स को यातायात के नियमों तथा संकेतों को बोर्ड पर अंकित करके बताया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि यातायात के नियमों के बारे में सभी एनसीसी कैडेट्स को जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। जरा सी लापरवाही होने पर व्यक्ति की जान तक जा सकती है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि शहर के विद्यालयों में यातायात के संकेतों के बैनर लगाए जाएंगे। जिससे सभी छात्रों को यातायात के संकेतों के बारे में जानकारी हो सके।

इस अवसर पर कैंप डिप्टी कमांडेंट कर्नल अमनदीप सिंह खारोड ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल अमरजीत सिंह मलिक मेजर एस के माधवए लेफ्टिनेंट गिरजा शंकर लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा एलेफ्टिनेंट शिल्की मिश्राए चीफ अफसर सतीश चंद्र यादव आदि मौजूद रहे

## खबर एक नज़र

### लंबित मामलों का निस्तारण करें

**फर्रूखाबाद ।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष की जिला संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वर्तमान में 33 लंबित प्रकरण पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निस्तारण शीघ्र किया जाए। 2 प्रकरण को प्रतीक्षारत रखा गया है। जिसके संबंध में निदेशालय से निर्देश मांगा जाए। पुलिस नोडल अधिकारी पर चार्जशीट हेतु लंबित प्रकरण में पत्राचार किया जाए। शासन से लगे क्यूरी का निस्तारण जल्दी से जल्दी किया जाए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्र वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज यादव व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### खाद्य विभाग के पांच क्रय केंद्रो पर समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी जाएगी

**फर्रूखाबाद।** खरीफ विपणन वर्ष 24.25;रबी फसलद्ध में मूल्य समर्थन योजना के तहत शासन स्तर से पहली बार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर रबी फसल में मक्का खरीद करने का निर्णय लिया गया है। मक्का विक्रय हेतु कृषकों को खाद्य विभाग की वेबसाइट ूण्बिेण्नचण्हवअण्पद पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। रबी फसल की मक्का का क्रय 15 जून से 31 जुलाई तक समर्थन मूल्य 2225 प्रति कुंतल पर किया जायेगा जिस हेतु जिले में खाद्य विभाग के 5 क्रय केंद्र सातनपुर मण्डी कमालगंज मण्डी राजेपुर कायमगंज मण्डी एवम शमशाबाद उपमंडी में खोले गए हैं जहां कृषक अपनी सुविधानुसार अपनी मक्का की उपज का विक्रय कर सकेंगे। कृषक बंधु अधिक जानकारी के लिए विकासखंड स्तर पर विपणन निरीक्षक कार्यालय तहसील स्तर पर क्षेत्रीय विपणन अधिकारी कार्यालय एवम जनपद में जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### शार्ट सर्किट से लगी आग से सात घर चपेट में

**भरथनाए इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुरा तिलिया कटहरा में बिजली के शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने 7 घरों को अपनी चपेट में लिया। आग बुझाने में लगभग 5 लोग झुलस गए। आग की सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया।

क्षेत्र के ग्राम लालपुरा ;नाथों का डेराद्ध में गुरुवार रात्रि पौने 8 बजे बिजली के शार्ट सर्किट ने ग्राम लालपुरा निवासी जोरानाथ के घर को अपनी चपेट में ले लिया। हवा का रूख तेज होने के कारण आग ने पल भर में विकराल रूप धारण कर लिया और धीरे.धीरे करके दस घरों को अपनी चपेट में ले लिया। भीषण आग को देखकर आसपास गाँव के कई लोग आग बुझाने के लिये लालपुरा की ओर दौड़ पड़े। इधर गाँव के ही कुछ साहसी युवकों ने घर के अन्दर मौजूद महिलाओंए बच्चों तथा घर के बाहर बंधे जानवरों को खोलकर एक ओर किया और आग बुझाने में जुट गये। इधर घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मण्डल अध्यक्ष ओमप्रताप उर्फ बण्टू गौर सहित अन्य लोग मौके पर पहुंच गये और गाँव में लगी आग की सूचना दमकल कर्मियों सहित स्थानीय पुलिस व प्रशासन को दे दी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से गाँव में दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं ग्राम लालपुरा निवासी रामकुमार नाथ ने बताया कि आग से जोरानाथ के घर के अंदर रखी नई मोटरसाइकिलए घर.गृहस्थी का सामानए नगदीए जेवरए कपड़े आदि सभी जलकर राख हो गए। युवकों ने बताया कि आग से जोरानाथ के पुत्र मोहननाथए राजेंद्रनाथ और उनके बेटे बृजेंद्रनाथए ठाकुरनाथए राजूनाथ व उनके बेटे धारानाथ व छोटेनाथए अनिल नाथए दीवान नाथ व लक्ष्मण नाथ की घर गृहस्थी का सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया। आग बुझाने के दौरान लालपुरा निवासी गृहस्वामी बृजेंद्र नाथए राजेद्रनाथए दीवान नाथए छोटेनाथ व अनिल नाथ मामूली रूप से झुलस गये। जिन्हें वहीं प्राथमिक उपचार दिया गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय यादवए पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधानए तहसीलदार राजकुमार सिंहए इंस्पेक्टर क्राइम अरिमर्दन सिंहए हल्का इंचार्ज सुरेशए क्षेत्रीय लेखपाल सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और आग से हुये नुकसान की जानकारी हासिल की।

### महिला आयोग की सदस्य ने सुनी पीड़ित महिलाओं की समस्याएं

**इटावा।** डाण् बबीता सिंह चौहान अध्यक्षए उण्प्रण् राज्य महिला आयोग एवं उण्प्रण् राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी की अध्यक्षता में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए सिंचाई गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई करते हुए पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में वृद्धावस्था पेंशनए विधवा पेंशन को लेकर उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम चौपाल लगाके योजना का प्रचार.प्रसार किया जाए एवं आमजन की समस्याओं को सुना जाए तथा त्वरित निस्तारण भी किया जाए साथ ही उन्होंने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन का सर्वे कराकर जरूरतमंद महिलाओं को योजना का लाभ अवश्य दिया जाए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों में शिकायत पेटी अवश्य लगाई जाए। उन्होंने सामूहिक विवाह को लेकर जल्द से जल्द लक्ष्य पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि शादी अनुदान योजना को लेकर लाभार्थियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिया जाए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सरकार की मंशा है कि शिक्षाए चिकित्सा पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में मरीजों को सारी सुविधाएं दी जाएं एवं उनको बाहर से दवा न लिखी जाए। उन्होंने सीएमएस को निर्देश दिए कि आपके द्वारा समय.समय पर औचक निरीक्षण भी किए जाएं। उन्होंने बाल विकास एवं पुष्टाहार योजना के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाया जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में प्रत्येक शौचालय में वेंडिंग मशीन अवश्य लगाई जाए एवं सभी शौचालयों में महिला कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने जिला दिव्यांगजन अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी जरूरतमंद को दिव्यांग उपकरण दिए जाएं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघवए सीओ जसवन्तनगर आयूषी सिंहए जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंहए जिला समाज कल्याण अधिकारी रविन्द्र कुमार शशिए जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमारए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉण् राजेश कुमारए जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व पीड़ित महिलाएं उपस्थित रहे।

### डीएम का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया

**इटावा।** जिलाधिकारी कार्यालय पर मौजूद बलराम सिंहए नगला हरिए ब्लॉक बसरेहर एवं अन्य किसान द्वारा जिलाधिकारी को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। ग्राम चौपाल मूंज में उपस्थित व्यक्तियों द्वारा अवगत कराया कि ग्राम के बाहरी ओर से जा रही अहनैया नदी में प्रत्येक वर्ष बरसात में ओवरफ्लो की वजह से ग्रामवासियों की सैकड़ों बीघा धान की फसल जलमग्न हो जाती है। ग्रामवासियों द्वारा अनुरोध किया गया कि यदि उक्त अहनैया नदी की सिंचाई विभाग द्वारा सफाई करा दी जाएगीए तो खेत जलमग्न नही होंगे और किसानों की धान की फसल बच जाएगी। किसानों की उक्त समस्या के दृष्टिगत उक्त अहनैया नदी एवं अधोहस्ताक्षरी को एक और नदी पुरहा के संबंध में भी साफसफाई कराने हेतु कृषकों द्वारा अनुरोध किया गया है। इस सम्बन्ध में रमेश चंद्र अधिशाषी अभियंताए सिंचाई को निर्देशित किया जाता है कि किसानों की उक्त समस्या को देखते हुए अहनैया नदी व पुरहा नदी की साफसफाई करा देंए जिससे किसानों की फसल को नुकसान ना पहुंचे।

### एसएसपी ने परेड की सलामी ली

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी इसके बाद परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया।

पुलिस बल को परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गएए एवं शस्त्रों को खोलने एवं बंद करने के बारे में जानकारी दी गयी। यूपी 112 पीआरवीए डॉग स्कॉडए ड्रॉन आदि का निरीक्षण किया गया। यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणोंए फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफसफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए। परेड के बाद पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक किया गया तथा पुलिस कर्मचारीगणों का अर्दली रूम किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अन्य अधिकारीए कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आकांक्षी ब्लॉक के विकास में छह इंडिकेटर पर बीडीओ ने किया बैठक

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में नीति आयोग के ब्लॉक खंड कार्यक्रम के छह इंडीकेटर पर बैठक हुई। इसमें स्वास्थ विभाग, आईसीडीएस विभाग के चार इंडिकेटर पर चर्चा की गई। साथ ही कृषि विभाग, आजीविका मिशन के इंडिकेटर पर भी चर्चा की गई।खंड विकास अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के मुख्यता तीन इंडिकेटर-प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीकरण, 30 वर्ष से अधिक उम्र के सभी पुरूष और महिलाओं की डायबिटीज व रक्तचाप की निशुल्क जांच की



जाए। बाल विकास विभाग को सभी गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण एवं उनका पोषण ट्रैकर पर पंजीकरण का निर्देश दिया। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि डेटा सटीक, त्रुटिरहित और सही स्थिति को परिलक्षित करता हो। यही नहीं, आकांक्षात्मक ब्लॉक के सामाजिक, आर्थिक सुधार के लिए विशिष्ट प्रयास किए जाएं। विशेषकर स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और आधारभूत संरचना के विविध मानकों पर विकास खंड में विकास के प्रयास किए जाएं। इसमें किसी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मार्च महीने से ही पेयजल कंट्रोल रूम एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव द्वारा बनाया गया है जिसमे अभी तक कुल नब्बे लोगो ने पेयजल की समस्या दर्ज कराया है जिसका निस्तारण किया गया है। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र यादव, सीडीपीओ प्रवेश प्रजापति, पशु चिकित्साधिकारी कमलेश कुमार, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया, एडीओ आईएसबी हरिओम बिंद, सीएम फेलो गौरव सिंह सहित सभी विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# पठानकोट में अपाचे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग

**चंडीगढ़।** पठानकोट के नंगलभूर-मीरथल क्षेत्र के अधीन आते गांव अनेड़ में सेना के अपाचे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग हुई है। यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई है। आपात लैंडिंग के पीछे की अभी तक वजह

**नांगलपुर इलाके में उतरा, ग्रामीणों की भीड़ जुटी**

तकनीकी फाल्ट बताई जा रही है। इससे इलाके में हड़कंप मच गया



और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही आर्मी और वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल को घेर लिया। हादसे में फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह एयरबेस स्टेशन पठानकोट से अपाचे हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी। कुछ ही देर बाद तकनीकी फाल्ट के कारण इसकी इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। यह भी सामने आया है कि इस हेलीकॉप्टर से सर्च की जा रही थी। सेना के अधिकारी भी मौके पर पहुंच चुके हैं और क्या तकनीकी फाल्ट रहा, इसका पता लगाया जा रहा है। पठानकोट जिला सुरक्षा के लिहाज से अति संवेदनशील है और इस जिले के चारों तरफ सेना तैनात है। हाल ही में हुए भारत-पाक युद्ध के दौरान भी पाकिस्तान द्वारा सबसे ज्यादा हमले पठानकोट पर किए गए थे। सीजफायर खत्म होने के बाद भी पठानकोट में जिंदा बम मिलते रहे। इससे पहले सहारनपुर में अपाचे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग हुई थी। एक हफ्ते के अंदर अपाचे की यह दूसरी इमरजेंसी लैंडिंग है। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर पठानकोट से ही उड़ा था। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही गांव में इसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।


## अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी घाटमपुर तहसील घाटमपुर जिला कानपुर नगर
कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या टी–202503410300902
अंतर्गत धारा–116 अधिनियम उ०प्र० राजस्व संहिता 2006, मौजा–अमौली तहसील घाटमपुर जिला कानपुर नगर
ता० पेशी–19/06/2025
जितेन्द्र सिंह बनाम रज्जन सिंह आदि
जितेन्द्र सिंह पुत्र स्व० अमर सिंह भदौरिया निवासी म०नं0–3 सी 555 आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता तहसील सदर जिला कानपुर नगर ... वादी
बनाम–रज्जन सिंह पुत्र रघुवीर सिंह, जुड़ावन सिंह पुत्र रघुवीर सिंह, देवकरन सिंह पुत्र रघुवीर सिंह निवासीगण–ग्राम अमौली तहसील घाटमपुर जिला कानपुर नगर, ग्राम पंचायत अमौली तहसील घाटमपुर जिला कानपुर नगर द्वारा ग्राम प्रधान ....प्रतिवादीगण
अंतर्गत धारा–116 उ०प्र० राजस्व संहिता 2006, मौजा अमौली तहसील घाटमपुर जिला कानपुर नगर।
आप सभी के नाम एक नालिस बाबत दायर की है आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 19 माह 06 सन 2025 ई० (19/06/2025) बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत, वकील के जो मुकदमाके हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देरी दाताको कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा गैर हाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसब्त 12/06/2025 मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय उपजिलाधिकारी घाटमपुर तहसील घाटमपुर जिला कानपुर नगर।

सी.आर.–548/K-CN

## अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 10606/2024
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202403410010606
श्री रामजानकी विराजमान मन्दिर ट्रस्ट द्वारा ट्रस्टी श्री धरम प्रकाश सोनकर द्वारा मुख्तारआम अमर प्रकाश सोनकर बनाम सुशील कुमार उर्फ लूली
अन्तर्गत धारा 10(1) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. श्री रामजानकी विराजमान मन्दिर ट्रस्ट द्वारा ट्रस्टी श्री धरम प्रकाश सोनकर द्वारा मुख्तार आम अमर प्रकाश सोनकर वयस्क पुत्र स्व. बिन्दीदीन सोनकर निवासी 77/153(1) लाटूश रोड कानपुर नगर...वादी/गृहस्वामी
बनाम–सुशील कुमार उर्फ लूली वयस्क पुत्र नामालूम निवासी म.नं. 105/612 डिप्टी का पड़ाव थाना चमनगंज कानपुर नगर ..विपक्षी/किरायेदार
वाद अन्तर्गत धारा 10 उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 16 वर्ष 2021
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 23.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 30.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.–548/K-CN

## अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 5725/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410005725
श्रीमती लक्ष्मी वर्मा बनाम संजय कुमार उर्फ बबलू
अन्तर्गत धारा 36(1) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. श्रीमती लक्ष्मी वर्मा उम्र 72 वर्ष बालिग पत्नी हरिओम वर्मा निवासिनी म.नं. 43/18 धोबी मोहाल चौक कानपुर नगर मो.नं. 9305334039 ...आवेदिका/भवन स्वामिनी
बनाम–संजय कुमार उर्फ बबलू बालिग पुत्र स्व. गिरिराज किशोर, दुकान पता दुकान नं. 4 म.नं. 43/18 धोबी मोहाल चौक तिलक पार्क कानपुर नगर...प्रतिवादी/किरायेदार
निष्पादन वाद अन्तर्गत धारा 36(1) एवं नियम–13 उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम सं. 16 सन् 2021 थाना कोतवाली कानपुर नगर
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 03.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.–548/K-CN

## अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 6174/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410006174
हरिओम वर्मा बनाम श्यामू गुप्ता
अन्तर्गत धारा 36(1) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. हरिओम वर्मा उम्र 70 वर्ष बालिग पुत्र स्व. श्याम स्वरूप वर्मा निवासी म. नं. 43/18 धोबी मोहाल चौक कानपुर नगर मो.नं. 6394521764 ...आवेदक/भवनस्वामी
बनाम– श्यामू गुप्ता बालिग पुत्र स्व. छोटे लाल गुप्ता निवासी म.नं. 71/102 सुतरखाना कानपुर नगर दुकान पता–43 /18 धोबी मोहाल कानपुर नगर..प्रतिवादी/किराएदार
निष्पादन वाद अन्तर्गत धारा 36(1) एवं नियम–13 उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम सं. 16 सन् 2021 थाना कोतवाली कानपुर नगर
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 12.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.–548/K-CN

## सूचना

मेरे मकान नं. ई–4 एल.आई.जी. चतुर्थ बर्रा विश्वबैंक कानपुर नगर की मूल रजिस्ट्री खो गयी है। इसका प्रयोग क्रयविक्रय व बन्धक अवैधानिक है। जितेन्द्र सिंह सेंगर पुत्र नरायण सिंह ई–4 एल.आई. जी. चतुर्थ बर्रा विश्वबैंक कानपुर नगर।(29)

सी.आर.–548/K-29

## सूचना

मैने अपने पुत्र अर्पित साहू उर्फ पिल्लू के गलत आचरण व कृत्यो से तंगआकर सम्बन्ध विच्छेदकर चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर दिया है। उसके किसी कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नही होगा। धर्मेन्द्र कुमार पुत्र रामशंकर साहू नि. 75–एफ 1 कर्रही बर्रा कानपुर नगर।(39)

सी.आर.–548/K-39

## सूचना

मैने अपने छोटे पुत्र श्यामकुमार उर्फ राकेश व पुत्रवधू पूनम के अनैतिक आचरण के कारण अपनी समस्त चलअचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुये सभी सम्बन्ध विच्छेदकर दिये है, इनके किसी लेनदेन या कार्य से मेरा/मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। श्याम सुन्दर उर्फ मुन्ना पुत्र हीरालाल, 22 गाँधीनगर, उन्नाव। (41)

सी.आर.–548/K-41

## अदालती सूचना

न्यायालय उपसंचालक चकबन्दी/अपर जिलाधिकारी (न० आ०) कानपुर नगर
निगरानी संख्या–112/225 (2025) मुकदमा संख्या–201953034100004,
अन्तर्गत धारा–48 (1) जोत० चक० अधि०, ग्राम– हरदौली परगना व तहसील घाटमपुर जनपद कानपुर नगर
नियत तिथी–14/07/2025
शिव देवी बनाम राम बिहारी आदि
मु० शिव देवी उर्फ बत्तन पत्नी रमाशंकर निवासिनी अनवरगंज परगना व तहसील व जिला कानपुर नगर... निगरानीकर्ती
बनाम– राम विहारी पुत्र रत्नू प्रसाद निवासी ग्राम हरदौली परगना व तहसील घाटमपुर जनपद कानपुर नगर, राम स्वरुप पुत्र गजराज, राजाराम पुत्र कल्लू प्रसाद, खगई पुत्र पूरन, पारस मन पुत्र राम औतार, पार्वती पत्नी स्व० भवानी शंकर, राकेश, रजनीश छोटे पुत्रगण स्व० भवानी शंकर ग्राम बीबीपुर तहसील धाटमपुर कानपुर नगर, बिटोला बेवा डोम्भा, नंदू पुत्र पुत्र स्व० डोम्भा, राजनारायण पुत्र दुल्ली चन्द्र, राम खिलावन पुत्र दुबरिया समस्त निवासीगण हरदौली तह० घाटमपुर कानपुर नगर, चकबन्दी कमेटी जरिये अध्यक्ष चकबंदी कमेटी परगना व तहसील घाटमपुर जनपद कानपुर नगर, छुन्नी देवी पत्नी स्व० रमेश चन्द्र, अवधेश कुमार पुत्र स्व० रमेश चन्द्र निवासीगण हरदौली पो० बीबीपुर तह० घाटमपुर कानपुर नगर ...उत्तरार्थीगण
आप लोगो को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे सामने भूमि के सम्बन्ध में अधिकार और दायित्व संयुक्त जोतो का विभाजन और गाटों पेड़ो कुओं तथा अन्य समुन्नतियों के मूल्य अवधारण करने के लिये एक बाद रजिस्टर तैयार किया गया है। आपको एतद् द्वारा आदेश दिया जाता है कि आप लोग दिनांक 14/07/2025 को न्यायालय अपर जिलाधिकारी (न० आ०)/उपसंचालक चकबन्दी कानपुर नगर में 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं यथावत प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा उपस्थित हों। यदि आप उपस्थित न होंगे तो विवाद आपकी अनुपस्थिति में निर्णीत कर दिया जायेगा। मेरे कार्यालय की मुहर से दिनांक 10 माह 06 सन 2025 को जारी किया गया। आज्ञा से अपर जिलाधिकारी (न० आ०)/उपसंचालक चकबन्दी कानपुर नगर।

सी.आर.–548/K-CN

## अदालती सूचना

विवाद्यको के विथरीकरण के लिये सम्मन (आदेश 5 के नियम 1 और 5) (शीर्षक)
न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (उत्तरी) कानपुर नगर
प्रतिकर याचिका सं. 346/2019
श्रीमती गीतिका श्रीवास्तव उम्र लगभग 33 वर्ष पत्नी स्व. प्रशान्त कुमार श्रीवास्तव निवासी 68 चाणक्यपुरी श्याम नगर कानपुर नगर व 1 अन्य ...याचीगण
बनाम– 1. निशात अहमद पुत्र मो. जुहा निवासी म.नं. 2/15–एम मंगला बिहार–1 न्यू पी.ए.सी. लाइन्स कानपुर नगर (वाहन स्वामी कार नं. यू.पी. 78 सी. डब्लू 0148) 2. एजाज अली पुत्र इम्तियाज अली निवासी 105/165 रमऊ सिकन्दरा कानपुर देहात (चालक कार नं. यू.पी. 78 सी डब्लू 0148)...प्रतिवादीगण
गीतिका आदि ने आपके विरुद्ध मोटर दुर्घटना प्रतिकर के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारिख 27.6.2025 को दिन में 10.30 जो दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसांजत हो सकते हैं। जिये सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस वाद से संबंधित सभी साखान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज चाहे वह आपके कब्जे में शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों की लिखित कथन के उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रतिष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज ता० 15.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालङ की मुद्रा लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुन्सरिम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (उत्तरी) कानपुर नगर

सी.आर.–548/K-CN

## आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नॉन-इण्टरलॉकिंग कार्य के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, शॉर्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन, रेग्युलेशन एवं रिशड्यूलिंग करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः

मार्ग परिवर्तन

| गाड़ी सं. | कहाँ से-कहाँ तक | पूर्व सूचित तिथि | संशोधित तिथि | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग | स्टेशनों पर ठहराव नही रहेगा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15109 | छपरा-मथुरा | 25.06, 27.06, एवं 30.06.25 | 25.06, 27.06, 30.06, 02.07 एवं 04.07.25 | छपरा-भटनी-गोरखपुर-गोण्डा-ऐशबाग-कानपुर | छपरा-भटनी-मऊ-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर | देवरिया सदर,गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मसकनवाँ, मनकापुर,गोण्डा, बाराबंकी, बादशाह नगर, ऐशबाग |
| 15065 | गोरखपुर पनवेल | 26.06, 27.06, 29.06, एवं 30.06.25 | 26.06, 27.06., 29.06, 30.06, 01.07, एवं 04.07 | गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा-बाराबंकी | गोरखपुर-मनकापुर-अयोध्या कैण्ट-बाराबंकी | आनन्द नगर, सिद्धार्थनगर, शोहरतगढ़, बढ़नी, गैंसड़ी, तुलसीपुर, झारखण्डी, बलरामपुर, गोण्डा |
| 19409 | साबरमती-गोरखपुर | 26.06.25 व 29.06.25 | 26.06.25 व 28.06.25 | बाराबंकी-गोण्डा-मनकापुर | बाराबंकी-अयोध्या कैण्ट-मनकापुर | गोण्डा |

शॉर्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन

| गाड़ी सं. | कहाँ से-कहाँ तक | पूर्व सूचित तिथि | संशोधित तिथि | शॉर्ट टर्मिनेशन /ओरिजिनेशन | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 19409 | साबरमती-गोरखपुर | 26.06.25 | 26.06.25 एवं 03.07.25 | गोमती नगर स्टेशन तक जाएगी आगमन समय (11.20) (मार्ग परिवर्तन वाया-मानक नगर-ऐशबाग-गोमती नगर) | गोमती नगर-गोरखपुर के बीच निरस्त |
| 19410 | गोरखपुर-साबरमती | 27.06.25 | 27.06.25 एवं 05.07.25 | गोमती नगर स्टेशन से चलेगी प्रस्थान समय (10.15) | गोरखपुर-गोमतीनगर के बीच निरस्त |
| 22921 | बांद्रा (ट.)-गोरखपुर | 29.06.25 | कोई परिवर्तन नही | गोमती नगर स्टेशन तक जाएगी आगमन समय (09.45) (मार्ग परिवर्तन वाया-मानक नगर-ऐशबाग-गोमती नगर) | मानक नगर-बलरामपुर के बीच निरस्त |
| 22922 | गोरखपुर-बांद्रा (ट.) | 01.07.25 | कोई परिवर्तन नही | गोमती नगर स्टेशन से चलेगी प्रस्थान (10.25) (मार्ग परिवर्तन वाया-गोमती नगर-ऐशबाग-मानक नगर) | बलरामपुर-मानक नगर के बीच निरस्त |
| 22199 | ग्वालियर-बलरामपुर | 02.07.25 | कोई परिवर्तन नही | लखनऊ स्टेशन तक जाएगी आगमन समय (04.00) (मार्ग परिवर्तन वाया-आलमनगर-लखनऊ) | लखनऊ-बलरामपुर के बीच निरस्त |
| 22200 | बलरामपुर-ग्वालियर | 03.07.25 | कोई परिवर्तन नही | लखनऊ स्टेशन से चलेगी प्रस्थान समय (15.15) (मार्ग परिवर्तन वाया-लखनऊ-आलमनगर) | बलरामपुर-लखनऊ के बीच निरस्त |
| 07076 | गोरखपुर-हैदराबाद | 29.07.25 | 29.06.25 | गोमती नगर स्टेशन तक चलेगी | गोरखपुर-गोमती नगर के बीच निरस्त |
| 12512 | तिरूवनन्त-पुरम-गोरखपुर | 22,24,25, 29.06.25, 01.07 एवं 03.07.25 | 22,24,25, 29.06.25, 01.07 एवं 02.07.25 | बाराबंकी-गोण्डा-मनकापुर | बाराबंकी-अयोध्या कैण्ट-मनकापुर |

रेग्युलेशन/रिशेड्यूलिंग

| गाड़ी सं. | कहाँ से-कहाँ तक | स्टेशन से यात्रा प्रारंभ की तिथि | रेग्युलेशन/रिशेड्यूलिंग |
|---|---|---|---|
| 05559 | रक्सौल-उधना | 28.06.2025 | 150 मिनट रक्सौल से रिशेड्यूल्ड |
| 15030 | पुणे-गोरखपुर | 26.06.25 के स्थान पर 28.06.25 | मार्ग में 45 मि.रेग्युलेशन किया जाएगा |

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे
@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1033/25 FA

## उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर संख्या-230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2025/565 दिनांक : 11.06.2025

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/स्पे0/30म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

निविदा सं0 : 230-क0वि0-कार्य ठेका-956-2025 | विज्ञापित मूल्य : रू 10051706.50
कार्य का विवरण : प्रयागराज मंडल में घिसे संपर्क तार को हटाकर मौजूदा ओएचई में सुधार का कार्य।
बिड सुरक्षा राशि : रू 2,00,300/- | कार्य अवधि : 18 महीना
बोली प्रणाली : एक पैकेट | निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय : 03.07.2025, 14:00 बजे
निविदा खुलने की तिथि तथा समय : 03.07.2025, 15:00 बजे

नोट : 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) बेवसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई.बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1023/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

No. JHS/W/DO/misc/LHS-171 Date: 13.06.2025

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झांसी-कानपुर रेल मार्ग पर ऐट - भुआ रेलवे स्टेशन के बीच स्थित रेलवे समपार फाटक संख्या 171 (रेलवे किमी. 1221/1-2) को अनुरक्षण कार्य हेतु दिनांक **14.06.2025** से **15.09.2025** तक अस्थायी तौर पर बंद किया जा रहा है। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग के रूप में आने जाने हेतु रेलवे समपार फाटक संख्या 170 एवं रेलवे समपार फाटक संख्या 172 का उपयोग किया जा सकता है।

वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/मध्य
1034/25 (ADM) उत्तर मध्य रेल, झाँसी

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## प्रयागराज जं.-लालकुआँ जं. साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

गाड़ी संख्या 04117/04118 प्रयागराज जं.-लालकुआँ जं.-प्रयागराज जं. साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी

| 04117 प्रयागराज जं.-लालकुआँ जं. | | ↓ स्टेशन ↑ | 04118 लालकुआँ जं.-प्रयागराज जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| (गुरू) | 23:30 | प्रयागराज जं. | 04:30 | (शनि) |
| (शुक्र) 00:58 | 01:00 | फतेहपुर | (शनि) 00:58 | 01:00 |
| 03:30 | 03:35 | कानपुर सेंट्रल | 23:35 | 23:40 |
| 04:48 | 04:50 | कन्नौज | 22:10 | 22:12 |
| 05:55 | 06:00 | फर्रुखाबाद जं. | 21:05 | 21:10 |
| 07:30 | 08:00 | कासगंज जं. | 19:10 | 19:40 |
| 08:50 | 08:55 | बदायूँ | 18:05 | 18:10 |
| 09:50 | 09:55 | बरेली जं. | 17:15 | 17:20 |
| 10:10 | 10:15 | बरेली सिटी | 16:55 | 17:00 |
| 10:30 | 10:35 | इज़्ज़तनगर | 16:25 | 16:30 |
| 11:23 | 11:25 | बहेड़ी | 15:35 | 15:40 |
| 11:40 | 11:42 | किच्छा | 15:15 | 15:17 |
| 12:45 | (शुक्र) | लालकुआँ जं. | (शुक्र) | 14:50 |

**प्रयागराज जं.** से गाड़ी संख्या 04117, दिनांक 19.06.2025 से 31.07.2025 (प्रत्येक गुरूवार). **लालकुआँ जं.** से गाड़ी संख्या 04118, दिनांक 20.06.2025 से 01.08.2025 (प्रत्येक शुक्रवार)

**गाड़ी संरचनाः** सामान्य श्रेणी–04, स्लीपर श्रेणी–05, वातानूकुलित तृतीय श्रेणी इकॉनामी–02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–02, वातानूकुलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी–01

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile Aap या वेबसाईट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करे।

उत्तर मध्य रेलवे
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 1038/25(MG)

## पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचनाः NER-LJN-2025-102-104

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत हैः–
क्रम सं.-01, ई-निविदा संख्याः-NER-LJN-2025-102, कार्य का नामः- सहायक मंडल इंजीनियर/सीतापुर के अनुभाग के 14 यार्ड (बिसवां, महमूदाबाद, पैंतिपुर, परसेंडी, रमईपुर, सरैंया, टप्पा खजुरिया, तहसील फतेहपुर, सुन्धीयामऊ, अटरिया, कमलापुर, खैराबाद, सीधौली, सीतापुर) में सुधार का कार्य। (ट्रैक कार्य), अनुमानित लागत (रू०): ₹ 7,59,61,037.64, अग्रिम धन (रू०): ₹ 5,29,800/-, समापन अवधिः 12 माह।
क्रम सं.-02, ई-निविदा संख्याः-NER-LJN-2025-103, कार्य का नामः- सहायक मंडल इंजीनियर/मैलानी के अनुभाग के 06 यार्ड (हरगांव, लखीमपुर, फरदहन, गोला गोकरननाथ, बाकेंगंज, मैलानी) में सुधार का कार्य। (ट्रैक कार्य), अनुमानित लागत (रू०): ₹ 2,87,80,300.52, अग्रिम धन (रू०): ₹ 2,93,900/-, समापन अवधिः 12 माह।
क्रम सं.-03, ई-निविदा संख्याः-NER-LJN-2025-104, कार्य का नामः- सहायक मंडल इंजीनियर/बहराइच के अनुभाग के 07 यार्ड (मुर्तिहिया, बहराइच, बंगई, विशेषवरगंज, चिलवरिया, गंगाधाम, फरदहन) में सुधार का कार्य। (ट्रैक कार्य), अनुमानित लागत (रू०): ₹ 1,52,12,112.21, अग्रिम धन (रू०): ₹ 2,26,100/-, समापन अवधिः 12 माह।
(1) उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2025-102-104 तक के लिये ई-निविदा दिनांक 04-07-2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। (2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,
मुजाधि/डब्लू-113 लखनऊ
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता डाल नहर खण्ड, झाँसी

''अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या– 08/डा0न0ख0झॉ0/अधि0अभि0/निविदा/2025–26 ::–

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन http://etender.up.nic.in के माध्यम से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत कार्यों में दक्ष एवं अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से दिनॉक 23.06.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी Prequalification Bids दिनॉक 23.06.2025 को अपरान्ह 1.00 बजे एवं Technical Bids दिनॉक 23.06.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तथा Financial Bids दिनॉक 24.06.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे अधिशासी अभियन्ता, डाल नहर खण्ड, झॉसी के कार्यालय कक्ष में समिति/निविदादाताओं के समक्ष ऑनलाईन खोली जायेंगी। ई–निविदा को दिनॉक 17.06.2025 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की देशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

कार्य का विवरण निम्न प्रकार है–

| लॉट सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित धनराशि (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य की अवधि | टेण्डर प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 एवं स्टेशनरी चार्जेज सहित) (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | ''जनपद जालौन की तहसील माधोगढ़ में नवीन महोई पम्प नहर (क्षमता 10 क्यूसेक) के निर्माण की परियोजना'' के अन्तर्गत 01 अदद टिन शेडिड स्टोर (साइज 18.0x9.0 मीटर) के फैब्रिकेशन का कार्य (बिल ऑफ क्वांटिटी एवं ड्राइंग के अनुसार) | 20.85 | 0.42 | 60 दिन | 854.00 | यॉत्रिक श्रेणी में ''ए'' अथवा उच्च श्रेणी |
| 2. | ''जनपद जालौन की तहसील माधोगढ़ में नवीन महोई पम्प नहर (क्षमता 10 क्यूसेक) के निर्माण की परियोजना'' के अन्तर्गत परिसर की बाउंड्रीवॉल (248 मीटर) के निर्माण का कार्य (बिल ऑफ क्वांटिटी एवं ड्राइंग के अनुसार) | 26.90 | 0.54 | 120 दिन | 854.00 | सिविल श्रेणी में ''बी'' अथवा उच्च श्रेणी |

नोटः– GST applicable as per Rule.

नोटः– 1. विस्तृत विवरण ई–निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइड http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइड http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइड www.idup.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा बिड की विस्तृत शर्तें निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगी।
2. फर्म/ठेकेदार को समान प्रकृति के कार्य का अनुभव होना आवश्यक है।

दूरभाष –9454414270
Email add.- eelcdjhs@gmail.com

(जगन्नाथ प्रसाद)
अधिशासी अभियन्ता
डाल नहर खण्ड, झाँसी

उ0प्र0 234877 दिनांक- 12.06.2025
Web.: www.upidadv.gov.in



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

स्वतंत्र भारत

# देश विदेश

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, शनिवार, 14 जून, 2025



## जमीन के नीचे बंकरों और प्राकृतिक किलेबंदी से घिरे हैं नतांज व फोर्डो

# पहाड़ों के अंदर हैं ईरान के परमाणु ठिकाने

**तेहरान।** ईरान पर इजरायल द्वारा किए गए हमलों और परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने के दावों के बीच विशेषज्ञों का मानना है कि इजरायल के लिए ईरान के परमाणु ठिकानों को

### इन्हें भेद पाना इजरायल के लिए मुश्किल होगा

नष्ट करना इतना भी आसान नहीं है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम अपनी जटिलता और गोपनीयता के लिए जाना जाता है। विशेष रूप से, इसके दो प्रमुख ठिकाने- नतांज और फोर्डो पहाड़ों और गहरी चट्टानों के नीचे बनाए गए हैं, जो इन्हें बाहरी हमलों से सुरक्षित बनाते हैं। इजरायल ने ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के उद्देश्य से 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' प्रारंभ करने की घोषणा की, साथ ही इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को दावा किया कि नतांज स्थित ईरान के मुख्य संवर्धन केंद्र सहित अन्य ठिकानों पर हमला किया गया है।




नतांज ईरान का सबसे बड़ा यूरेनियम संवर्धन केंद्र है, जो इस्फहान प्रांत में स्थित है। यह फैसिलिटी जमीन के नीचे बंकरों में बनाई गई है, जिसे कई मीटर मोटी कंक्रीट और चट्टानों की परतें सुरक्षा प्रदान करती हैं। नतांज पहले भी साइबर हमलों (जैसे स्टक्सनेट वायरस) और रहस्यमयी विस्फोटों का शिकार हो चुका है, लेकिन इसकी गहरी संरचना इसे आसानी से नष्ट करने से बचाती है।

ईरान का दूसरा परमाणु केंद्र फोर्डो है। कुम शहर के पास पहाड़ी इलाके में स्थित फोर्डो ईरान का सबसे सुरक्षित परमाणु ठिकाना माना जाता है। पहाड़ को काटकर बनाए गए इस केंद्र को निशाना बनाना लगभग असंभव है, क्योंकि यह प्राकृतिक और कृत्रिम किलेबंदी से घिरा हुआ है। इसका उद्देश्य यूरेनियम को उच्च स्तर तक संवर्धित करना है, जो परमाणु हथियार बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

इन ठिकानों की भौगोलिक स्थिति और मजबूत संरचना के कारण पारंपरिक हथियारों से इन्हें नष्ट करना मुश्किल है। विशेष रूप से, बंकर-बस्टर बम जैसे हथियारों की आवश्यकता होती है, जो गहरी संरचनाओं को भेद सकें। इजरायल के पास ऐसे हथियारों की कमी है, जिसके कारण वह अकेले इस मिशन को अंजाम देने में सक्षम नहीं है।

## हमने सबक सिखाया, खतरे को किया कम : नेतन्याहू

**तेल अवीव।** ईरान पर किए गए हमले की इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पुष्टि करते हुए कहा कि हमारे हमले का उद्देश्य ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के खतरे को कम करना है। हमें उम्मीद है कि ईरान को करारा सबक सिखाया गया है। उम्मीद है कि यह अब दोबारा नहीं होगा। नेतन्याहू ने ऑपरेशन राइजिंग लायन शुरू करने का एलान किया। उन्होंने कहा कि इजरायल ने ईरानी ठिकानों पर हमला किया है। कुछ ही समय पहले इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू किया, जो इजरायल के अस्तित्व के लिए ईरानी खतरे को कम करने के लिए सैन्य अभियान था। उन्होंने कहा कि यह मिशन खतरे को खत्म करने के लिए जितने दिन लगेंगे, उतने दिन तक जारी रहेगा। उन्होंने ईरान पर वैश्विक चेतावनियों को दरकिनार करते हुए परमाणु हथियार कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में ईरान ने नौ परमाणु बमों के लिए पर्याप्त संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि तेहरान ने यूरेनियम को हथियार बनाने के लिए कदम उठाए हैं। और कुछ ही महीनों में परमाणु हथियार विकसित कर सकता है। उन्होंने मौजूदा हालात की तुलना द्वितीय विश्व युद्ध की प्रस्तावना से की। नेतन्याहू ने कहा कि अस्सी साल पहले यहूदी लोग नाजी शासन द्वारा किए गए नरसंहार के शिकार थे। आज यहूदी राज्य ईरानी शासन द्वारा किए गए परमाणु नरसंहार का शिकार होने से इनकार करता है।

### नेतन्याहू ने नहीं मानी ट्रंप की बात

**वॉशिंगटन।** इजरायल ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनियों को दरकिनार करते हुए ईरान के परमाणु ठिकाने पर हमला किया। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आदेश पर ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल अड्डों, परमाणु वैज्ञानिकों और सैन्य नेताओं को भी निशाना बनाया गया। यह अटैक ट्रंप के उस बयान के कुछ ही घंटों बाद हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि हमला आसन्न नहीं है। अमेरिका कूटनीतिक समाधान में विश्वास रखता है। हालांकि, नेतन्याहू के इस कदम ने मध्य पूर्व में तनाव को और बढ़ा दिया है। इससे ईरान की ओर से बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई की आशंका बढ़ गई है। नेतन्याहू के इस हमले ने ट्रंप के उस वादे को चुनौती दी है, जिसमें उन्होंने मध्य पूर्व में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को समाप्त करने की बात कही थी। ईरान ने हमले के जवाब में इजरायल और अमेरिका दोनों को कड़ा प्रहार करने की धमकी दी है। वहीं, अमेरिकी सीनेटर जिम रिस्च ने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने गलत कदम उठाकर अमेरिकी हितों पर हमला किया, तो अमेरिकी सैन्य बल जवाब देने के लिए तैयार हैं।



## थाईलैंड से आ रहे एअर इंडिया विमान को बम की धमकी

**बैंकाक।** थाईलैंड में एअर इंडिया के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्लाइट की आपात लैंडिंग बम की धमकी मिलने के बाद कराई गई। खबरों के मुताबिक विमान संख्या एआई-379 थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रहा था। विमान में 156 यात्री सवार थे। यात्रियों को विमान से सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया है। थाईलैंड हवाई अड्डा अधिकारियों ने बताया कि फुकेट से भारत की राजधानी नई दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान को शुक्रवार को बम की धमकी मिली। फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइटरडार24 के अनुसार विमान ने शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे फुकेट हवाई अड्डे से भारत की राजधानी दिल्ली के लिए उड़ान भरी। इसे 12.40 बजे दिल्ली उतरना था। लेकिन अंडमान सागर के चारों ओर चक्कर लगाते हुए विमान 11.40 बजे वापस फुकेट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतर गया। विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद अफसरों ने पूरे विमान को खाली कराया और जांच शुरू कर दी है।

## 'लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन के दौरान नेशनल गार्ड की तैनाती अवैध'

**सैन फ्रांसिस्को।** लॉस एंजिलिस में आव्रजन के विरोध में चल रहे प्रदर्शनों के दौरान नेशनल गार्ड की तैनाती के फैसले को संघीय अदालत ने खारिज कर दिया है। संघीय न्यायाधीश ने एक आदेश में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कैलिफोर्निया से नेशनल गार्ड हटाने के लिए कहा है। आदेश में कहा गया कि गार्ड की तैनाती अवैध है। यह 10वें संशोधन का उल्लंघन है तथा ट्रंप के वैधानिक अधिकार का अतिक्रमण है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने कहा कि आव्रजन

### संघीय जज का आदेश

दमन के विरोध में शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में करीब चार हजार नेशनल गार्ड की तैनाती का आदेश देकर अपनी सीमा का अतिक्रमण किया है। कोर्ट ने कहा कि ट्रंप ने पहले ही गार्ड को उचित तरीके से नहीं बुलाया था। जज ने कहा कि इस देश की स्थापना एक राजा के प्रति सम्मान के रूप में की गई थी, और संविधान सीमाओं का एक दस्तावेज है। मैं यह पता लगाने का प्रयास कर रहा हूं कि सीमाएं कहां खींची गई हैं? कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने नेशनल गार्ड की तैनाती को रोकने के लिए मुकदमा दायर किया था। उन्होंने आपातकालीन याचिका दायर कर जज से गार्ड को आव्रजन छापों में सहायता करने से रोकने का अनुरोध किया। गवर्नर ने तर्क दिया कि सैनिकों को संघीय भवनों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। कोर्ट से अपील की गई थी कि सैनिकों को छापों के दौरान आव्रजन एजेंटों की सुरक्षा करने से रोके। उन्होंने कहा कि गार्ड को शामिल करने से केवल तनाव बढ़ेगा और नागरिक अशांति को बढ़ावा मिलेगा।

## एक नज़र

### ईरानी परमाणु बमों को अस्तित्व के लिए चुनौती मानता है इजरायल

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल का कहना है कि ईरान ने बड़े पैमाने पर यूरेनियम का भंडार जुटा लिया है और यदि उसके अभियान को नहीं रोका गया तो वह 15 परमाणु बम तैयार कर सकता है। इसके अलावा कई बलिस्टिक मिसाइलें भी वह तैयार कर रहा है। इजरायल मानता रहा है कि ईरान के पास परमाणु हथियारों का जखीरा होना उसके अस्तित्व के लिए चुनौती होगी। यही नहीं ईरान पर यदि परमाणु हथियार पहुंच गए तो फिर अमेरिका का दबाव भी उस पर काम नहीं आएगा और वह इस्लामिक दुनिया के नेतृत्व की स्थिति में होगा। फिलहाल पाकिस्तान के अलावा किसी मुस्लिम राष्ट्र के पास परमाणु हथियार नहीं हैं। ऐसे में सऊदी अरब से लेकर ईरान तक को डील कर पाना अमेरिका के लिए आसान है। इजरायल का इन हमलों को लेकर कहना है कि हम इसकी सालों से तैयारी कर रहे थे। यही नहीं ईरान यदि जवाबी ऐक्शन लेता है तो हम उसके लिए भी तैयार हैं। इजरायली सूत्रों ने कहा कि हमें जानकारी है कि यह जंग लंबी चल सकती है और हमारी इसको लेकर पूरी तैयारी है।

### 'गाजा में तत्काल हो स्थायी युद्ध विराम'

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में 'तत्काल, बिना शर्त और स्थायी' युद्धविराम की मांग वाले मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से भारत ने परहेज किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में स्पेन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर मतदान हुआ। इस प्रस्ताव में तत्काल, बिना शर्त तथा स्थायी युद्धविराम और हमास तथा अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल तथा बिना शर्त रिहाई की मांग की गई। भारत समेत 19 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया, जबकि 12 देशों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया और पक्ष में 149 वोट पड़े। 'नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी एवं मानवीय दायित्वों को कायम रखना' शीर्षक वाले प्रस्ताव पर मतदान की व्याख्या में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि यह प्रस्ताव गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति की पृष्ठभूमि में लाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत गहराते मानवीय संकट से बहुत चिंतित है और नागरिकों की मौत की घटना की निंदा करता है। हरीश ने कहा कि भारत पहले भी इजराइल-फलस्तीन मुद्दे पर प्रस्तावों से दूर रहा है। उन्होंने कहा, 'आज मानना है कि संघर्षों को बातचीत और कूटनीति से ही हल किया जा सकता है। दोनों पक्षों को करीब लाने के लिए एक संयुक्त प्रयास किया जाना चाहिए। इन कारणों से हम इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहेंगे।'

### पाकिस्तान को 70 करोड़ डॉलर का नया ऋण

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) और विश्व बैंक ने पाकिस्तान की प्रमुख खनन एवं संसाधन विकास योजना के लिए 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रियायती ऋण को मंजूरी दी है। 'रेको दिक' परियोजना को बलूचिस्तान प्रांत में अंजाम दिया जाएगा जिसे देश के खनिज समृद्ध क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। समाचार पत्र 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, ऋणदाताओं द्वारा यह मंजूरी पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण जीत मानी जा रही है। इस मंजूरी के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र से पाकिस्तान को अपनी सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक 'रेको दिक' परियोजना में 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश मिलने की उम्मीद है। इस परियोजना के देश के संसाधन विकास क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। 'बैरिक गोल्ड', पाकिस्तान तथा बलूचिस्तान सरकार के पास संयुक्त रूप से इस परियोजना का स्वामित्व है। इस खदान से 2028 में उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है।

### यूएन को भारत की आबादी में तेजी से गिरावट की आशंका

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत फिलहाल दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला मुल्क है। भारत की मौजूदा जनसंख्या 1.5 अरब के करीब है। यह आबादी बहुत अधिक प्रतीत होती है और इसके चलते संसाधनों के लिए संघर्ष की स्थिति बढ़ रही है। यही नहीं यह आबादी बढ़कर अगले दो दशकों में 1.7 अरब तक पहुंचने की संभावना है। इसके बाद भारत की आबादी में तेजी से गिरावट का डर है और इसी बात को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है। यूएन जनसंख्या कोष की ओर से तैयार एक रिपोर्ट में कहा गया है कि करीब 40 साल बाद यानी 2065 से भारत की आबादी में गिरावट आने लगेगी। यह चिंता इसलिए भी सही लग रही है क्योंकि भारत में औसत जन्मदर 1.9 पर आ गई है, जो कि रिप्लेसमेंट लेवल से कम है।

# वैश्विक मीडिया में सुर्खियां बना अहमदाबाद विमान हादसा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** एअर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई-171 के उड़ान के तुरंत बाद ही दुर्घटनाग्रस्त होने की चर्चा पूरी दुनिया के मीडिया में हो रही है। पूरब में जापान टाइम्स से लेकर पश्चिम में न्यूयॉर्क टाइम्स तक में इस दुर्घटना को प्रमुखता से कवर किया गया है।

द वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा है कि फ्लाइट सेफ्टी फाउंडेशन के डेटाबेस के अनुसार, वर्ष

### वाशिंगटन पोस्ट से लेकर अल जजीरा में छाई रही दुर्घटना

2011 में इस मॉडल के व्यावसायिक रूप से लॉन्च होने के बाद से यह बोइंग 787 ड्रीमलाइनर से जुड़ी पहली घातक दुर्घटना है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स का कहना है कि बोइंग का ड्रीमलाइनर एयर इंडिया की दुर्घटना का कारण निर्धारित करने में महीनों या वर्षों का समय लग सकता है, लेकिन हादसे में शामिल विमान, बोइंग 787 ड्रीमलाइनर, वर्षों से जांच के दायरे में है। हालांकि, विमानन डाटा फर्म सीरियम के अनुसार, यह पहले कभी घातक दुर्घटना का शिकार नहीं हुआ था।

द गार्जियन के अनुसार बोइंग 737 मैक्स के 1.1 अरब डॉलर के भुगतान के कुछ सप्ताह बाद, इसके 787 मॉडल की पहली दुर्घटना हुई। बता दें कि बोइंग विमानों में खराबी के कारण दो बड़ी दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 2018 और 2019 में इंडोनेशिया और इथियोपिया में तत्कालीन नए 737 मैक्स मॉडल का उपयोग किया गया था। पिछले महीने, बोइंग ने 346 लोगों की जान लेने वाली इन दोनों दुर्घटनाओं के लिए अभियोजन से बचने के लिए अमेरिकी न्याय विभाग के साथ एक समझौते में 1.1 अरब डॉलर का भुगतान करने पर सहमति जताई थी।



बीबीसी की रिपोर्ट है कि फ्लाइटरडार24 के मुताबिक, विमान का आखिरी सिग्नल 190 मीटर (625 फीट) की ऊंचाई पर मिला, जो उड़ान भरने के तुरंत बाद था। उड़ान भरने के बाद, विमान ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को मेडे कॉल (इमरजेंसी मैसेज) भेजा, लेकिन इसके बाद कोई जवाब नहीं मिला।

पुर्तगाली अखबार पब्लिको ने बताया कि प्लेन क्रैश में दोहरी राष्ट्रीयता वाले सात पुर्तगाली सवार थे। पुर्तगाली अधिकारी उन सभी लोगों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं।

सीएनएन की रिपोर्ट है कि ब्रिटेन की हवाई दुर्घटना जांच शाखा (एएआईबी) ने एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भारत के अधिकारियों को औपचारिक रूप से सहायता की पेशकश की है।

द जापान टाइम्स का कहना है कि दशकों पहले, जून 1985 में मॉन्ट्रियल से लंदन के लिए उड़ान भरने वाला एअर इंडिया बोइंग। 747 आयरलैंड के तट पर समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सवार सभी 329 लोग मारे गए थे। एक भारतीय आयोग ने पाया कि उग्रवादी सिखों ने विमान में रखे सामान में बम लगाया था।

अल जजीरा की रिपोर्ट है कि विमान में 53 लोग ब्रिटिश नागरिक थे। गैटविक हवाई अड्डे ने कहा कि वे विमान में सवार लोगों के परिवारों और रिश्तेदारों के लिए रिसेप्शन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि उन्हें सहायता व जानकारी दी जा सके।

### विमान हादसों में जा चुकी है कई भारतीय नेताओं की जान



अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में एक यात्री को छोड़कर कोई अन्य जिंदा नहीं बच सका। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की भी मौत हो गई। रुपाणी अपनी पत्नी और बेटी से मिलने के लिए लंदन जा रहे थे। भारत में अतीत में कई ऐसे विमान हादसे हुए हैं, जिसमें जाने-माने नेताओं की जान चली गई है। इसमें कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे माधवराव सिंधिया, वाईएसआर, संजय गांधी समेत अन्य नाम शामिल हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी की भी साल 1980 में एक विमान हादसे में जान चली गई थी। 23 जून, 1980 को सुबह-सुबह संजय गांधी ने हवाई स्टंट करते समय अपने विमान पर नियंत्रण खो दिया और बाद में यह विमान नई दिल्ली के डिप्लोमैटिक एन्क्लेव में हादसे का शिकार हो गया। इसमें कैप्टन सुभाष सक्सेना की भी मौत हो गई।

कांग्रेस के एक और दिग्गज नेता और पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री माधवराज सिंधिया की 30 सितंबर, 2001 को कानपुर में रैली के दौरान विमान दुर्घटना में मौत हो गई। यह विमान दस सीटों वाला एक प्राइवेट प्लेन था, जोकि यूपी के मैनपुरी में खराब मौसम का शिकार हो गया।

लोकसभा अध्यक्ष और तेलुगु देशम पार्टी के नेता जीएमसी बालयोगी की 3 मार्च, 2002 को एक हेलिकॉप्टर हादसे में मृत्यु हो गई। पश्चिमी गोदावरी जिले के भीमावरम से लेकर आ रहा एक निजी हेलीकॉप्टर आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के कैकालूर के पास एक तालाब में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसी हादसे में बालयोगी की भी जान चली गई।


मेघालय के ग्रामीण विकास मंत्री साइप्रियन संगमा अन्य नौ लोगों के साथ पवन हंस हेलिकॉप्टर से गुवाहाटी से शिलॉन्ग जा रहे थे। 22 सितंबर, 2004 को हुए हेलिकॉप्टर हादसे में संगमा की जान चली गई। उनका हेलिकॉप्टर राज्य की राजधानी से सिर्फ 20 किलोमीटर दूर बारापानी झील के पास हादसे का शिकार हो गया था।

हरियाणा के दिग्गज नेता और मंत्री रहे ओम प्रकाश जिंदल की साल 2005 में एक हेलिकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई थी। उनके साथ मंत्री सुरेंदर सिंह भी थे और दिल्ली से चंडीगढ़ जा रहे थे। इसी दौरान, हेलिकॉप्टर यूपी के सहारनपुर में क्रैश हो गया, जिसमें दोनों की जान चली गई।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री दोरजी खांडू और चार अन्य की मृत्यु 30 अप्रैल, 2011 को हुई थी, जब उन्हें तवांग से ईटानगर ले जा रहा एक हेलिकॉप्टर राज्य के पश्चिमी कामेंग जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे वाईएस राजशेखर रेड्डी की साल 2009 में एक हेलिकॉप्टर हादसे में जान चली गई थी। दो सितंबर, 2009 को घटी इस घटना में वाईएसआर अपने बेल 430 हेलिकॉप्टर से उड़ान भर रहे थे। इसी दौरान नल्लामला के जंगलों में हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया।

### परिवार की अकेली कमाने वाली सदस्य थी सिंगसन



**आइजोल।** अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए मणिपुर के दो चालक दल के सदस्यों में से एक लामनुनथेम सिंगसन (26) अपने परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थीं। उनके परिवार को पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा का दंश झेलना पड़ा था। सिंगसन के एक रिश्तेदार ने शुक्रवार को बताया कि उसने आखिरी बार अपनी विधवा मां से 11 जून को फोन पर बात की थी। उन्होंने बताया कि सिंगसन ने अपनी मां से कहा था कि उसे बृहस्पतिवार को लंदन के लिए उड़ान भरनी है और इसीलिए रात को जल्दी सोना चाहती है। रिश्ते में सिंगसन के भाई लुन किपगेन ने कहा कि चार भाई-बहनों में तीसरी संतान, सिंगसन परिवार की एकमात्र बेटी थी और उनकी विधवा मां ने उन सभी को पालने के लिए बहुत संघर्ष किया था।

## छोटे पर्दे पर भरपूर मनोरंजन का फुल डोज़!

इस हफ्ते, एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में अप्रत्याशित घटनायें देखने को मिलने वाली हैं। हर मोड़ पर सरप्राइज होंगे, लेकिन एक बात निश्चित है और वह है दर्शको को मिलने वाला भरपूर मनोरंजन।

हप्पू की उलटन पलटनः कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) के भाई, अतबीर मामा, हप्पू (योगेश त्रिपाठी) के प्रोमाशन, जिसकी उम्मीद लंबे समय से की जा रही है, में मदद के लिए अपने गुरुजी को भेजते हैं। लेकिन गुरुजी कहते हैं कि आजकल प्रोमोशन ऐसे नहीं होती, खासकर किसी मंत्री की सिफारिश से नहीं। वे एक अजीब तरीका बताते हैं और वह यह कि हप्पू को बिना किसी को कुछ बताये सिर्फबनियान और अंडरपैंट पहनकर घूमना होगा! हप्पू को गुरुजी की बात पर भरोसा नहीं है और उन्हें गलत साबित करना चाहता है। वह एक बदमाश को पकड़ता है और फिर से अपने प्रोमोशन की बात करता है, लेकिन चौंकाने वाली बात ये है कि वह बदमाश उसी मंत्री का साला निकला जो उसकी मदद करने वाला था। मंत्री गुस्सा होकर हप्पू का डिमोशन कर देता है! भाबीजी घर पर हैंः विभूति (आसिफ़ शेख) एक खोया हुआ पर्स सही मालिक को



वापस करता है। उसकी ईमानदारी से प्रभावित होकर वह आदमी उसे अपनी दुकान में पार्टनरशिप का ऑफर देता है। विभूति इसे एक अच्छा मौका समझकर सहमति दे देता है। इसी बीच, अंगूरी (शुभांगी अत्रे) तिवारी (रोहिताश्व गौड़) से कहती है कि वह काम करना चाहती है क्योंकि उसे घर के काम से बोरियत हो गई है। तिवारी शुरू में इसे नजरअंदाज करता है और बाद में गुस्से में उसे डांटता है कि ऐसी बात न करे। दूसरी ओर, सक्सेना (सानंद वर्मा) अनिता (विदिशा श्रीवास्तव) के पास उसके ग्रूमिंग क्लासेस के कानूनी दस्तावेजों पर सिग्नेचर के लिए आता है।

## कहानियां पेश करने का तरीका पहले से नया!

देश के सबसे प्रतिष्ठित और पसंदीदा एंटरटेनमेंट चैनलों में शुमार ज़ी टीवी, जो करोड़ों घरों तक अपनी पहुंच बना चुका है, अब अपने सफर के एक नए और प्रेरणादायक अध्याय में कदम रख रहा है। 'आपका अपना ज़ी' कैम्पेन के दिल में बसा है एक सादगी भरा लेकिन गहरा एहसास - 'साथ आने से बात बनती है'। ज़ी टीवी के किरदारों और रोज़मर्रा की हकीकत से जुड़ीं कहानियों के साथ ये फिल्म आपसी जुड़ाव के नाम एक सिनेमाई सलाम है। कहानियों को पेश करने का तरीका भी अब पहले से नया और ताज़ा हो गया है। हाल ही में शुरू हुआ 'सरू', एक गांव की उस लड़की की कहानी है, जो अपने बड़े सपनों को पूरा करने के लिए शहर आती है। जल्द ही चैनल पर 'तुम से तुम तक' की शुरुआत होने वाली है, जो यह दिखाएगी कि प्यार के लिए उम्र कभी कोई रुकावट नहीं बनती। इसके अलावा एक खास रियलिटी शो भी आने वाला है, जो हमारी मिट्टी की खुशबू



और भारत के जज़्बे को दिखाएगा। फरीदाबाद के एक जोशीले उत्तर भारतीय मोहल्ले में रची-बसी, ज़ी टीवी की इस ब्रांड फिल्म में सांस्कृतिक परंपराओं की खूबसूरती और रंग-बिरंगे नज़ारों को बखूबी दर्शाया गया है - कहीं ढोलक की थाप गूंजती है, तो कहीं गेंदा फूलों से सजी गलियों की रौनक है। कहीं लोकगीतों की मधुर धुन है, तो कहीं संगीत के जोश में झूमते लोग, बूंदी के लड्डुओं की मिठास और छतों-आंगनों में गूंजती खुशियों की आवाज़ है। इस फिल्म में देवांश और वसुधा (वसुधा), वेद और सरू (सरू), नील और रिद्धि (जमाई नं. 1), और रीत और राघव (जाने अनजाने हम मिले) जैसे ज़ी टीवी के चहेते कलाकारों का कारवां भी शामिल है, जो आपस में मिलजुलकर रहने वाले एक मोहल्ले के अपनेपन और गर्मजोशी का एहसास जगाते हैं, जहां पूरा समुदाय शादी वाले परिवार के साथ मिलकर हर खुशी का जश्न मनाता है।

## बाजार दर्पण







